सूर्योदय 7:18 सूर्यास्त 5:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,695 |
| निफ्टी | 25,942 |

सोना 1,38,161 चांदी 2,43,483

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 30 दिसंबर 2025 | 15 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 3, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### टाटानगर-एर्नाकुलम ट्रेन में आग, एक की मौत

**एजेंसी, विशाखापट्टनम।** विशाखापट्टनम से करीब 66 किमी दूर येलमंचिली में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस ट्रेन के दो डिब्बों में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार रात 12:45 बजे ट्रेन में आग लगने की खबर मिली। उस वक्त ट्रेन आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में येलमंचिली रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई थी। जब ट्रेन में आग लगी, तो दोनों कोच में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री थे। पुलिस को एसी कोच से एक शव मिला। मरने वाले की पहचान 70 साल के चंद्रशेखर सुंदरम के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

### मेक्सिको में ट्रेन हादसा 13 यात्रियों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के दक्षिणी राज्य ओअक्साका में एक ट्रेन के पटरी से उतर गई, जिसके बाद ट्रेन का इंजन पलट गया। कई बोगियां भी पलट गईं। इसमें 13 लोगों की मौत हो गई और 98 लोग घायल हो गए हैं। यह ट्रेन मेक्सिको की खाड़ी और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाले एक नए रेलमार्ग पर चल रही थी। इस रेलवे लाइन का संचालन मैक्सिकन नौसेना करती है। मेक्सिकन नौसेना के अनुसार, ट्रेन में 250 लोग सवार थे, जिसमें 9 क्रू मेंबर शामिल थे। हादसा चिवेला और निजांडा कस्बों के बीच एक मोड़ पर हुआ। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र में अजित-शरद पवार के बीच गठबंधन

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम चुनाव के लिए अपनी नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) गुट के बीच गठबंधन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव के लिए 'घड़ी' और 'तुतारी' एकसाथ आ गए हैं। अजित पवार पिंपरी-चिंचवाड़ में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- नगर निगम चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची तय करते समय दोनों गुटों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। इससे एक बार फिर परिवार एकजुट हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### ड्रग तस्करी मामले में बेंगलुरु से 4 गिरफ्तार

**एजेंसी, बेंगलुरु।** महाराष्ट्र मादक पदार्थ रोधी कार्य बल (एएनटीएफ), बेंगलुरु सिटी पुलिस और स्वापक नियंत्रक ब्यूरो (एनसीबी) के संयुक्त अभियान के तहत मेफेड्रोन और इससे जुड़े पदार्थ के अवैध निर्माण तथा तस्करी के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कुल मिलाकर 1.2 करोड़ मूल्य का 4.2 किलोग्राम मेफेड्रोन और 17 किलोग्राम कच्चा माल जब्त किया गया। महाराष्ट्र एएनटीएफ अधिकारियों ने 21 दिसंबर को अब्दुल खादर को लगभग 1.5 किलोग्राम मेफेड्रोन रखने के आरोप में मुंबई में हिरासत में लिया था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- साहब! सड़क निर्माण में एक परिवार का बना अड्डा -पेज 2
- शिमला विंटर कार्निवाल में संस्कृति संगीत और जायकों का जश्न -पेज 3
- कांगड़ा कार्निवाल के साथ न्यू ईयर, जुटने लगे पर्यटक -पेज 4
- सरिया उद्योग में हादसा, दो कामगारों की मौत -पेज 10
- तीन दिन बाद खुली ओपीडी, रोगियों को राहत -पेज 12


### सीएम ने शिमला के रिज पर मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ दिया धरना, केंद्र सरकार के फैसले को बताया जनविरोधी

# सुक्खू सरकार का मनरेगा बचाओ प्रदर्शन

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को समाप्त करने के निर्णय को जनविरोधी करार देते हुए कहा कि यह फैसला गांव, गरीब और मेहनतकश तबके की रोजी-रोटी पर सीधा वार है। सोमवार को रिज मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ धरना देकर केंद्र सरकार के इस कदम का विरोध किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता की बुनियाद रही है, जिसे कमजोर करना सामाजिक इंसाफ के खिलाफ है। मनरेगा की शुरुआत कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ रोजगार सृजित करने की नेक नीयत से की थी। यह योजना पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की दूरदर्शी सोच का नतीजा थी। इस योजना के तहत ग्राम पंचायत और ग्राम सभा की मांग पर विकास कार्य तय होते थे, जिससे स्थानीय जरूरतों के मुताबिक, काम होता था। मुख्यमंत्री ने अफसोस जताते हुए कहा कि अब नई व्यवस्था में पंचायतों की भूमिका सीमित कर दी गई है और योजनाओं का निर्धारण केंद्र से होगा।



रिज पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना देते मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू और उनके सहयोगी।

### सीएम बोले-राज्य को बड़ा आर्थिक झटका

**सीएम** ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए यह फैसला और भी तकलीफदेह है, क्योंकि पहले मनरेगा में मजदूरी का सौ प्रतिशत बोझ केंद्र सरकार उठाती थी, लेकिन नई व्यवस्था में केंद्र द्वारा केवल 90 प्रतिशत भुगतान किया जाएगा और शेष 10 प्रतिशत का भार प्रदेश पर डाला जा रहा है। इससे रोजगार योजनाएं प्रभावित होंगी। सीएम ने यह भी कहा कि नई योजना में जिला परिषदों में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के मानदेय से जुड़े प्रावधान समाप्त कर दिए गए हैं, जिससे प्रशासनिक ढांचे पर नकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ जिला और ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरने देगी, ताकि अवाम को इस निर्णय के दुष्परिणामों से वाकिफ कराया जा सके। उन्होंने केंद्र से मांग की कि मनरेगा को पंचायतों की मांग और स्थानीय विकासात्मक जरूरतों के मुताबिक ही लागू किया जाए।

### डॉक्टर के टर्मिनेशन ऑर्डर के रिव्यू के लिए बनेगी नई कमेटी

**शिमला।** सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रेजिडेंट डॉक्टरों के वापस काम पर लौटने का स्वागत किया है। हालांकि, कुछ डॉक्टर अभी भी काम पर नहीं लौटे। शिमला में सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी डॉक्टर का करियर खराब नहीं करना चाहती। सीएम ने स्पष्ट किया कि डॉ. राघव निरूला का टर्मिनेशन सरकार के स्तर पर नहीं, बल्कि जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित विभाग द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की पुनः समीक्षा के लिए एक नई कमेटी का गठन किया जाएगा। सीएम सुक्खू ने कहा कि सरकार निष्पक्षता के साथ मामले की जांच करेगी और नई कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आगे का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।

#### भाजपा पर राजनीति करने का आरोप

मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर भाजपा पर राजनीति करने का आरोप लगाया। सीएम ने कहा कि बीजेपी का एक विधायक डॉक्टर के पक्ष में, जबकि दूसरा विधायक मरीज के पक्ष में बयान दे रहा है। नेता प्रतिपक्ष जयराम के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम ने कहा कि उनके रोज के बयानों पर टिप्पणी करना आवश्यक नहीं, क्योंकि वह प्रतिदिन कोई न कोई बयान देते रहते हैं।

## प्रदेश सरकार की साल की आखिरी कैबिनेट बैठक आज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार की वर्ष 2025 की अंतिम कैबिनेट बैठक मंगलवार सुबह 11 बजे आयोजित होने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। साल के अंत में होने वाली इस बैठक को सरकार के लिए काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसके बाद कैबिनेट की अगली बैठक नए वर्ष में ही होगी। ऐसे में माना जा रहा है कि सरकार जाते-जाते कई बड़े और नीतिगत फैसलों पर एक साथ निर्णय ले सकती है। सूत्रों के अनुसार, धर्मशाला में आयोजित हुए शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री और सरकार द्वारा की गई घोषणाओं को इस कैबिनेट बैठक में औपचारिक मंजूरी मिल सकती है।

कर्मचारियों से जुड़े मसले, बजट से संबंधित प्रस्ताव, विभिन्न विभागों में लंबे समय से खाली पड़े पदों को भरने पर भी सहमति बनने की संभावना जताई जा रही है।

#### शीतकालीन सत्र की घोषणाओं पर मुहर लगने की संभावना

इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे को मजबूत करने और हालिया अव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कुछ अहम प्रस्ताव भी चर्चा में आ सकते हैं।

#### बैठक में भर्ती और स्वास्थ्य सुधार पर भी चर्चा होना संभव

बताया जा रहा है कि इस बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष नए एजेंडे भी रखे जा सकते हैं, जिनमें विभिन्न विभागों से जुड़े प्रशासनिक और विकासात्मक प्रस्ताव शामिल होंगे। चूंकि यह साल 2025 की अंतिम कैबिनेट बैठक है, इसलिए एजेंडा व्यापक रहने और बैठक के लंबे समय तक चलने के संकेत हैं। सरकार की कोशिश रहेगी कि धर्मशाला शीतकालीन सत्र की घोषणाओं को अमलीजामा पहनाकर नए साल में स्पष्ट दिशा और गति के साथ काम को आगे बढ़ाया जाए।

## ईडी की गैंगस्टर इंद्रजीत के 10 ठिकानों पर रेड

**एजेंसी, गुरुग्राम।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गैंगस्टर इंद्रजीत सिंह यादव के 10 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने इंद्रजीत के ठिकानों से पांच लग्जरी कारें, 17 लाख नकद के साथ दस्तावेज एवं डिजिटल उपकरणों को जब्त किया है। ईडी ने यह छापामारी दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में की है। ईडी के प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम जोनल ऑफिस की टीम ने इंद्रजीत सिंह यादव के ठिकानों पर 26 दिसंबर से 27 दिसंबर तक दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में 10 स्थानों पर सर्च अभियान चलाया। यह छापेमारी इंद्रजीत सिंह यादव की अवैध उगाही, प्राइवेट फाइनेंसरों के जबरन लोन सेटलमेंट, हथियारों से धमकाने और ऐसी अवैध गतिविधियों से कमीशन कमाने के संबंध में शुरू की गई। ईडी ने हरियाणा पुलिस व यूपी पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट, 1959, बीएनएस, 2023 और आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत इंद्रजीत सिंह यादव और उनके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज 15 से अधिक मुकदमों व चार्जशीट के आधार पर जांच शुरू की थी। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में नए साल में बर्फबारी के आसार

### आज से प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में हिमपात और निचले क्षेत्रों में हो सकती है बारिश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में नए साल का जश्न इस बार बदले हुए मौसम के साथ मनाया जा सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के ताजा आकलन के मुताबिक 30 दिसंबर से प्रदेश में सक्रिय हो रहा पश्चिमी विक्षोभ 31 दिसंबर और 1 जनवरी को अपने पूरे असर में रहेगा।

इससे प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश की गतिविधियां तेज होने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि यह सिस्टम नया साल मनाने पहुंचे पर्यटकों के लिए रोमांच तो बढ़ाएगा, लेकिन सतर्कता भी उतनी ही जरूरी होगी। मौसम विभाग के अनुसार 30 दिसंबर की शाम से ऊंचे और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के साथ बर्फबारी शुरू हो सकती है। 31 दिसंबर और 1 जनवरी को यह गतिविधियां और व्यापक होंगी।



फाइल फोटो।

इस दौरान शिमला, कुल्लू, मंडी, किन्नौर और चंबा के ऊंचाई वाले इलाकों में अच्छी बर्फबारी के संकेत हैं, जबकि मैदानी व निचले पर्वतीय क्षेत्रों में रुक-रुक कर बारिश हो सकती है। विभाग का अनुमान है कि इस सिस्टम के चलते तापमान में 2 से 6 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे ठंड का असर और बढ़ेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने यह भी स्पष्ट किया है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के कुछ क्षेत्रों में शीत लहर और शीत दिवस जैसी परिस्थितियां बन सकती हैं। खासतौर पर रात और सुबह के समय लोगों को ठंड अधिक सताएगी।

### सैलानियों को अनावश्यक जोखिम से बचने की सलाह

**नए** साल के दौरान बर्फबारी की संभावना से शिमला, मनाली, कुफरी, नारकंडा और लाहौल-स्पीति जैसे पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भारी आमद की उम्मीद है। बर्फ से ढकी वादियां और ठंडा मौसम नए साल के जश्न को यादगार बना सकते हैं, हालांकि मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखें और अनावश्यक जोखिम से बचने की कोशिश करें।

## ममता बनर्जी ने देश के सबसे बड़े दुर्गा मंदिर की रखी नींव

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता के न्यू टाउन में 'दुर्गा मंदिर' की नींव रखी। यह देश का सबसे बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर होगा। जो 15 एकड़ में बनकर तैयार होगा। इस मंदिर में रोजाना 1 लाख श्रद्धालु दर्शन कर पाएंगे। मंदिर परिसर की नींव रखने के बाद ममता ने जनता को संबोधित किया। अपने ऊपर लगे तुष्टीकरण के आरोपों का जवाब दिया। ममता ने कहा कि कई लोग कहते हैं कि मैं तुष्टीकरण कर रही हूं लेकिन मैं सेक्युलर हूं और सभी धर्मों में विश्वास करती हूं। मुझे बंगाल से प्यार है, मुझे भारत से प्यार है। यही हमारी विचारधारा है। ममता ने आरोप लगाने वाले का नाम नहीं बताया लेकिन विपक्षी भाजपा अक्सर उन पर मुसलमानों को खुश करने का आरोप लगाती रही है। इस पर ममता ने कहा कि जब मैं गुरुद्वारे जाती हूं तो आप कुछ नहीं कहते, लेकिन जब मैं ईद के कार्यक्रम में जाती हूं तो मेरी आलोचना करने लगते हैं। यह ठीक नहीं है। (अनंत ज्ञान)



# बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के 5 घर जलाए

### लोग टीन व बांस की बाड़ काटकर घरों से निकले, पांच संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी, ढाका

बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के कम से कम पांच घरों में आग लगने की घटना सामने आई है। यह घटना 27 दिसंबर को पिरोजपुर जिले के दम्रिताला गांव की बताई जा रही है। परिवार के सदस्यों के मुताबिक आग लगने के वक्त वे घर के अंदर फंसे हुए थे, क्योंकि दरवाजे बाहर से बंद थे। कुल आठ लोग टिन और बांस की बाड़ काटकर बाहर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन उनके घर, सामान और पालतू जानवर पूरी तरह जलकर राख हो गए। स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों के मुताबिक, आग लगने की सटीक वजहों का पता नहीं चल पाया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमलावरों ने एक कमरे में कपड़े भरकर आग लगा दी, जिससे आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें लोग आग को बुझाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



### पड़ोसी देश में 6 महीने में अल्पसंख्यकों पर 71 हमले

**बांग्लादेश** में हिंदुओं के खिलाफ ईशनिंदा यानी धर्म का अपमान करने के आरोपों से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जून से दिसंबर 2025 के बीच ऐसे 71 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर काम करने वाले संगठन 'ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज' की रिपोर्ट में सामने आई है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमले के लिए हर बार एक ही तरह का तरीका अपनाया जा रहा है। पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर तुरंत गिरफ्तारी, उसके बाद भीड़ का इकट्ठा होना और हिंदू इलाकों पर हमला।

### पहले 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन को दी थी मंजूरी, अब रोक लगाई

# अरावली केस : सुप्रीम कोर्ट की अपने ही आदेश पर रोक

एजेंसी, नई दिल्ली

अरावली पर्वतमाला को लेकर उठे विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही आदेश (20 नवंबर को जारी) पर रोक लगा दी है। अगली सुनवाई 21 जनवरी 2026 को होगी, तब तक खनन भी नहीं होगा। कोर्ट ने कहा है कि इस मामले की जांच के लिए एक्सपर्ट कमेटी गठित की जाए। यह कमेटी मौजूदा विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट का विश्लेषण करेगी। इसके बाद संबंधित मुद्दों पर कोर्ट को सुझाव देगी।

कोर्ट ने केंद्र और अरावली के चार राज्यों (राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और हरियाणा) को भी नोटिस जारी कर इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया मांगी है। सोमवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एजी मसीह की वैकेशन बेंच ने अरावली केस की सुनवाई की। सीजेआई सूर्यकांत ने निर्देश दिया है कि विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों और उन पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से की गई आगे की टिप्पणियां फिलहाल स्थगित रहेंगी। अदालत ने साफ किया कि अगली सुनवाई तक इन सिफारिशों को लागू नहीं किया जाएगा।



#### राजस्थान सहित चार राज्यों से मांगा जवाब

इन सिफारिशों में से एक में कहा गया है कि 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियों को ही अरावली पर्वत माना जाए। (अनंत ज्ञान)

## कुलदीप सेंगर को हाईकोर्ट से मिली जमानत पर लगाई रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उन्नाव रेप केस में रेपिस्ट पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने सेंगर को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा। मामले में 4 हफ्ते बाद सुनवाई होगी। सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर को जमानत दी थी। जमानत के खिलाफ सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में 3 दिन पहले याचिका लगाई थी। सोमवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच में सुनवाई हुई। बेंच ने दोनों पक्षों की करीब 40 मिनट तक दलीलें सुनीं। सीजेआई ने कहा- हाईकोर्ट के जिन जजों ने सजा सस्पेंड की, वे बेहतरीन जजों में गिने जाते हैं, लेकिन गलती किसी से भी हो सकती है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कोर्ट को लगता है कि मामले में अहम सवालों पर विस्तार से विचार जरूरी है।

## यूक्रेन-रूस के बीच शांति समझौता जल्द: डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने रविवार को संयुक्त बयान में कहा कि हम दोनों यूक्रेन शांति योजना पर लगभग सहमत हैं। दोनों नेताओं ने यहां के मार-ए-लागो में यूक्रेन-रूस के बीच शांति समझौते को लेकर अहम बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह बयान जारी किया। उन्होंने यूक्रेन-रूस युद्ध और संभावित शांति समझौते पर चर्चा की।



सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने कहा, 'यह बैठक शानदार रही। मैंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी फोन पर लगभग दो घंटे से अधिक समय तक बातचीत की। अब लग रहा है कि हम शांति योजना पर बहुत करीब आ गए हैं। पुतिन और मैंने अभी यूरोपीय नेताओं से भी बात की। हमने यूक्रेन-रूस युद्ध को खत्म करने पर बहुत प्रगति की है। यह लड़ाई दूसरे विश्व युद्ध के बाद सबसे घातक है।' जेलेंस्की ने कुछ दिन पहले इस मसले पर अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर से बातचीत कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

डिफेंस

### रक्षा मंत्रालय ने 79 हजार करोड़ रुपए के सैन्य उपकरणों की खरीद को दी मंजूरी

# देश की तीनों सेनाएं और ज्यादा होंगी ताकतवर

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं की जरूरतों को देखते हुए हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए 79 हजार करोड़ रुपए को मंजूरी दी है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में लिए गए इन फैसलों से सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय के इन फैसलों से सेनाओं को आधुनिक बनाने, लड़ाई की तैयारी बढ़ाने और बदलती सुरक्षा चुनौतियों के बीच उन्नत तकनीक को तेजी से शामिल करने की बड़ी कोशिशों का हिस्सा माना जा रहा है। ये आपातकालीन खरीद शक्तियां ऑपरेशन सिंदूर के बाद दी गई हैं, ताकि सेनाओं को भविष्य की इमरजेंसी के लिए तैयार रहने में मदद मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### रक्षा मंत्रालय से थल सेना को मिली मंजूरियां

**बैठक** में थल सेना के लिए आर्टिलरी रेजिमेंट के लिए लॉइटर म्यूनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए, लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट एम्युनिशन और भारतीय सेना के लिए इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम एमके-2 की खरीद को मंजूरी दी गई। लॉइटर म्यूनिशन का इस्तेमाल टैक्टिकल टारगेट पर सटीक हमला करने के लिए किया जाएगा, जबकि लो लेवल लाइट वेट रडार छोटे साइज के, कम ऊंचाई पर उड़ने वाले अनमैन्ड एरियल सिस्टम का पता लगाकर उन्हें ट्रैक करेंगे। लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट, हाई वैल्यू टारगेट पर असरदार तरीके से हमला करने के लिए पिनाका रॉकेट सिस्टम की रेंज को बढ़ाएंगे। टी-90 मुख्य युद्धक टैंक की मरम्मत करने के लिए भी मंजूरी दी गई है।



### नौसेना के लिए मंजूरियां

**नौसेना** के लिए बोलार्ड पुल टग्स, हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक खरीदने और हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) दी गई। बोलार्ड पुल टग्स के शामिल होने से नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों को बंदरगाह में पैंतरेबाजी में मदद मिलेगी। यह प्रणाली बोर्डिंग और लैंडिंग ऑपरेशन के दौरान लंबी दूरी के सुरक्षित संचार सुविधा को बढ़ाएगी, जबकि हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम हिंद महासागर क्षेत्र में लगातार खुफिया, निगरानी, टोही और भरोसेमंद समुद्री डोमेन जागरूकता पक्का करेगा।

### वायु सेना के लिए

**बैठक** में वायु सेना के लिए ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, एस्ट्रा एमके-2 मिसाइल, फुल मिशन सिम्युलेटर और स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाइडेंस किट वगैरह खरीदने की मंजूरी दी गई। ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम के आने से एयरोस्पेस सेफ्टी के माहौल में कमी पूरी होगी, क्योंकि इससे लैंडिंग और टेक-ऑफ की हाई डेफिनिशन ऑल-वेदर ऑटोमैटिक रिकॉर्डिंग मिलेगी। ज्यादा रेंज वाली एस्ट्रा एमके-2 मिसाइलें लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता बढ़ाकर दुश्मन के विमानों को बेअसर करने की क्षमता बढ़ाएगी। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस के लिए फुल मिशन सिम्युलेटर पायलटों की ट्रेनिंग को किफायती और सुरक्षित तरीके से बढ़ाएगा, जबकि स्पाइस-1000 भारतीय वायु सेना की लंबी दूरी की सटीक स्ट्राइक क्षमता को बढ़ाएगा।

## ललित मोदी ने वायरल वीडियो पर मांगी माफी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत में आर्थिक अपराधी घोषित ललित मोदी का 22 दिसंबर को वीडियो सामने आया था। इसमें वो भगोड़े विजय माल्या के साथ नजर आए थे। इसमें ललित ने खुद को और माल्या को भारत के दो सबसे बड़े भगोड़े कहा था। अब ललित ने अपने वीडियो पर माफी मांगी है। एक्स पोस्ट में ललित ने लिखा, 'मेरे बयान से यदि किसी की भावनाएं आहत हुई हों, खासकर भारत सरकार की, तो मैं इसके लिए माफी चाहता हूं। बयान का आशय वैसा नहीं था, जैसा उसे समझा गया। किसी भी गलतफहमी के लिए फिर से माफी मांगता हूं।' गौर रहे कि 22 दिसंबर को विजय माल्या और ललित मोदी का वीडियो वायरल हुआ। इसमें ललित मोदी खुद और माल्या को भारत के दो सबसे बड़े भगोड़े कह रहे हैं। वीडियो माल्या के जन्मदिन का था। इसे ललित मोदी ने खुद पोस्ट किया था। लिखा था- चलो, फिर से इंटरनेट हिला देता हूं। खासकर आप मीडिया वालों के लिए। जलन के साथ देखते रहिए। (अनंत ज्ञान)



#### लिखा-मैं भारत सरकार से माफी मांगता हूं

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रहित की मांगों को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हमीरपुर महाविद्यालय में छात्र समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की हमीरपुर इकाई ने सोमवार को प्रिंसिपल का घेराव किया। इस दौरान परिषद कार्यकर्ताओं ने लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से त्वरित समाधान की मांग की। एबीवीपी इकाई अध्यक्ष दीक्षित ने बताया कि महाविद्यालय में कई प्राध्यापकों के पद रिक्त होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही शौचालयों की बदहाल स्थिति, नियमित सफाई की कमी व कक्षाओं में टूटे-फूटे फर्नीचर से विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। परिषद ने परिसर व आसपास नशे की सामग्री की बिक्री पर रोक लगाने, दोषियों पर सख्त कार्रवाई तथा दो अतिरिक्त सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति की मांग भी रखी। प्रिंसिपल ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

### हमीरपुर जिले में बीईईओ के पांच पद खाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला हमीरपुर में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी (बीईईओ) के पांच पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं, जिससे शिक्षा विभाग के प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इनमें गलोड़, नादौन और हमीरपुर खंड में तीन पद तथा निरीक्षण विंग में दो पद खाली हैं। उप-निदेशक प्रारंभिक शिक्षा हमीरपुर द्वारा इन रिक्त पदों को भरने के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पात्र केंद्रीय मुख्य शिक्षकों का पैनल तैयार कर स्कूल शिक्षा निदेशालय शिमला भेज दिया गया है। डीपीसी की अनुशंसा के अनुसार देव राज शर्मा, विजय कुमार, मनोज कुमार, सुभाष डोगरा और संदीप कुमार के नाम पदोन्नति के लिए प्रस्तावित किए गए हैं। निदेशालय ने पूरी फाइल शिक्षा मंत्री कार्यालय को भेज दी है, जहां से अंतिम स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है। उम्मीद है कि स्वीकृति मिलते ही रिक्त पदों को शीघ्र भर लिया जाएगा।

### सनातन संस्कृति ही समाज को दे सकती सही दिशा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के पेंशनर भवन में मेडिकल कॉलेज बस्ती नगर के तत्वावधान में सामाजिक समरसता एवं हिन्दू एकता सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सत्य नारायण मंदिर के महंत राकेश दास ने कहा कि सनातन संस्कृति ही समाज को सही दिशा दे सकती है, इसलिए समाज को एकजुट रहकर अपनी पहचान बनाए रखना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि शास्त्री भगवान दास ने श्रीमद् भगवद्गीता के कलियुग में महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. जगवीर ने भारतीय संस्कृति, महान व्यक्तित्वों के आदर्श व 'पंच परिवर्तन '–कृस्वदेशी, संस्कारयुक्त परिवार, छुआछूत-मुक्त समरस समाज, नागरिक कर्तव्यों का पालन और पर्यावरण संरक्षण–पर बल दिया। युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने और जनजागरण फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में लगभग 1250 लोग उपस्थित रहे और 950 घरों में गृह-संपर्क किया गया। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया।

### बच्चों को आग से सुरक्षा के उपाय सिखाए

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बिझड़ी अग्निशमन चौकी में फायर अधिकारी वतन सिंह ने पीएमश्री जीएमएसएसएस तलाई के स्कूली छात्रों को आग पर नियंत्रण पाने के तरीकों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि आग चार मुख्य कारणों–लकड़ी, कोयला या कागज; तरल पदार्थ जैसे तेल और डीजल, गैस तथा धातु–से लगती है। बच्चों को आग को कैसे बुझाया जाए, इसके विभिन्न उपायों का डेमो भी दिखाया गया। प्रशिक्षण शिविर में लगभग 39 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी सुलोचना देवी ने आपदा प्रबंधन और सुरक्षा उपायों पर बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सिखाया कि आपदा के समय स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित कैसे रखा जाए। यह 10-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बच्चों में जागरूकता बढ़ाने और आपदा के प्रति तैयार रहने का सशक्त माध्यम साबित हुआ।

### भोरंज में 'पोषण भी, पढ़ाई भी' प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शिशुओं के पोषण और पढ़ाई के महत्व पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला का पहला दिन 'पोषण भी, पढ़ाई भी' विषय पर केंद्रित रहा। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर खंड समन्वयक अक्षय महाजन, वृत्त पर्यवेक्षक रवि कुमार, सुनील नड्डा, आशा रानी, सरोज देवी, कुंता राणा और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में लगभग 100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यशाला कार्यकर्ताओं को बच्चों के सर्वांगीण विकास में मददगार साबित होगी।

### बिरादरी उत्थान, शिक्षा व स्वास्थ्य पर किया फोकस

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश पंजीकृत क्षत्रिय घृत बाहती चाहंग महासभा की बैठक नारी गांव में सम्पन्न हुई, जिसमें ओबीसी वर्ग की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता महासभा अध्यक्ष आशुतोष पाराशर ने की, जबकि संयोजक पवन कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष सतवीर सिंह, सचिव यशपाल चौधरी और अन्य प्रतिनिधि सिरमौर, हमीरपुर, कांगड़ा और ऊना से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बिरादरी के उत्थान, अधिकारों के प्रति जागरूकता और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना था। सभा में शिक्षा, स्वास्थ्य और नशा विरोधी अभियान पर जोर दिया गया। डॉ. गोपाल दास और डॉ. राजेंद्र सिंह ने बच्चों को नशे से बचाने और शिक्षा में प्रगति के उपाय बताए। अध्यक्ष आशुतोष पाराशर ने कहा कि शिक्षित बच्चे समाज के उत्थान और गरीबों को मुख्यधारा में लाने में योगदान देंगे।

### चित्रकला प्रतियोगिता में दिशा शर्मा अव्वल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय, हमीरपुर में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा विषय पर चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के महत्व और सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिशा शर्मा, द्वितीय यविन्द्रा और तृतीय अदिति ने प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जिया धीमान, द्वितीय निति का ठाकुर और तृतीय दिया चैहान ने हासिल किया। निर्णायक मंडलों में चित्रकला के लिए डॉ. कल्पना भंडारी और डॉ. भानु प्रिया, तथा नारा लेखन के लिए डॉ. कनिका कौंडल और प्रो. शिल्पा बजाज शामिल रही। प्राचार्य प्रो. सतीश सोनी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

### 5 माह की बच्ची का पीजीआई में फ्री ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर की 5 माह की बच्ची आराध्या राणा का पीजीआई चंडीगढ़ में जननी-शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मुफ्त ऑपरेशन हुआ। तहसील हमीरपुर के गांव रहजोल में 11 जुलाई को जन्मी आराध्या के दिल में जन्मजात मामूली छेद पाया गया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी ने बताया कि इस ऑपरेशन की लागत सामान्यतः बहुत अधिक होती है, लेकिन योजना के तहत एक साल तक के बच्चों का इलाज और ऑपरेशन निशुल्क किया जाता है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने सभी औपचारिकताएं पूरी करवाईं और बच्ची को पीजीआई रेफर किया। ऑपरेशन सफल रहा और आराध्या पूरी तरह स्वस्थ है। डॉ. चौधरी ने बताया कि इस योजना के तहत जन्म के बाद एक साल तक किसी भी स्वास्थ्य समस्या के लिए बच्चों का मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया जाता है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर/लेक्चरर के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर ने एलाइड हेल्थ साइंसेज और मेडिकल साइंसेज में विभिन्न शिक्षण पदों के लिए योग्य और अनुभवी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। पदों में ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी, मेडिकल रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग टेक्नोलॉजी, मेडिकल लेबोरेटरी साइंसेज और मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर/लेक्चरर शामिल हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एम.एससी./बी.एससी. निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, शिक्षण अनुभव, शोध कार्य और नियामक संस्थाओं के मानकों को प्राथमिकता दी जाएगी। क्लिनिकल या डायग्नोस्टिक लैब में अनुभव वाले और नेट/पीएच.डी. धारकों को वरीयता मिलेगी। इच्छुक उम्मीदवार 3 जनवरी 2026 तक अपना आवेदन या बायोडाटा संबंधित विभाग या विश्वविद्यालय के आधिकारिक माध्यम से जमा कर सकते हैं।

### महिलाओं को अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के मट्टन सिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में महिलाओं के लिए आयोजित 12 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में 33 महिलाओं को अगरबत्ती निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर के समापन अवसर पर आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि प्रशिक्षण के बाद महिलाएं घर में ही अपना उद्यम शुरू कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि बैंक से ऋण की आवश्यकता होने पर आरसेटी उनकी सहायता कर सकता है। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करना है। शिविर के मूल्यांकनकर्ता रविंद्र शर्मा, मुकेश कुमार और फैकल्टी मेंबर संजय हरनोट भी उपस्थित रहे।

# साहब! सड़क निर्माण में एक परिवार का अड़ंगा

## डीसी का आश्वासन– मौके पर जाएंगे तहसीलदार, एसडीएम और डीएसपी

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** टौणी देवी इलाके के कोठी गांव में लोग पिछले 2 साल से गांव की सड़क के निर्माण को लेकर एक परिवार की वजह से बेहद परेशान हैं। सोमवार को गांव के लोगों का एक डेपुटेशन डीसी अमरजीत सिंह से मिलने उनके कार्यालय जब पहुंचा, तो उनका कहना था कि साहब! अब अति हो गई है। कई बार अधिकारी मौके पर आकर अतिक्रमण को हटवाने की कोशिश कर चुके हैं। निशान देही हो चुकी है, लेकिन एक ऐसा परिवार है, जो बार-बार उन्हें तंग कर रहा है। यहां सड़क निर्माण गांव के ठीक बीचो-बीच होते हुए श्मशान घाट तक होना है। सारी सड़क निर्माण के लिए तैयार है। लेकिन एक जगह की दिक्कत के कारण ही लोगों की परेशानी पिछले 1 साल से मुंह फुला कर खड़ी बैठी हुई है।



उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह से मिलने पहुंचे गांव के लोग।

इस डेपुटेशन में गांव की काफी तादाद में महिला और पुरुष आए हुए थे। उनका कहना था कि गांव के लोगों के इस तरह के कई डेपुटेशन जिला प्रशासन से मिल चुके हैं। कई बार कार्रवाई भी हुई। मगर जो असली कार्रवाई मौके पर जाकर सड़क निर्माण में जो बाधा पेश करने वाले हैं, उसे जब तक नहीं हटाया जाएगा, तब तक समस्या का निदान संभव नहीं है।

डीसी अमरजीत सिंह ने इस प्रतिनिधिमंडल की शिकायत पर तहसीलदार को भी ऑफिस में बुलाया और इस सारी समस्या के हाल के लिए साफ निर्देश दिए कि एसडीएम और डीएसपी की मौजूदगी में तहसीलदार भी मौके पर पहुंचेंगे। इसमें पीडब्ल्यूडी के अधिकारी की मौजूदगी भी जरूरी है। यह कार्रवाई अगले सप्ताह हो जानी चाहिए। ताकि गांव के लोगों की यह समस्या अब हर हाल में हल हो सके।

क्योंकि सोमवार को एसडीएम कार्यालय में नहीं थे और इसी वजह से प्रतिनिधि मंडल को डीसी ने कहा कि वे अगले कुछ दिनों में उनसे मिलकर दिनांक तय कर लें। ताकि सभी अधिकारी एक साथ मौके पर पहुंच पाएं।

## हिम अकादमी के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धियां

# एथलेटिक्स और अन्य खेलों में 51 पदक जीतकर जिला ओपन ट्रॉफी की अपने नाम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर के खिलाड़ियों ने वर्ष 2025 में खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष कुल 42 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए हुआ, जो स्कूल की सुदृढ़ खेल संस्कृति और अनुशासित प्रशिक्षण का प्रमाण है।

एथलेटिक्स (ओपन) वर्ग में विद्यालय ने 51 पदक जीतकर जिला ओपन एथलेटिक्स ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। प्रज्ञा और दक्षिता ने राष्ट्रीय स्तर के लिए स्थान सुनिश्चित किया। बैडमिंटन अंडर-19 बालिका वर्ग में कुदरत और रुपायन के शानदार प्रदर्शन से टीम ने जिला विजेता का खिताब प्राप्त किया। शतरंज (ओपन) वर्ग में 12 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय अंडर-14 चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। वुशु (ओपन) में निकिता, अहाना और



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के होनहार खिलाड़ी जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया।

सोमांश, योगा (ओपन) में पांच विद्यार्थी, टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट में भव्या, फेंसिंग में 15 खिलाड़ियों का सीनियर स्टेट के लिए चयन तथा अवंतिका का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन विशेष उपलब्धियां रहीं।

इसके अतिरिक्त फुटबॉल, कुश्ती, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, कराटे, टेबल टेनिस और शतरंज में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने जिला और राज्य स्तर पर स्वर्ण और रजत पदक अर्जित किए। कुल मिलाकर 410 जिला स्तरीय, 121 राज्य स्तरीय प्रतिभागियों और 42 से अधिक राष्ट्रीय चयन के साथ हिम अकादमी पब्लिक स्कूल ने खेलों के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। विद्यालय प्रबंधन, प्रशिक्षकों और अभिभावकों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ऐतिहासिक बनती जा रही सिद्ध पीठ बाबा बालकनाथ के दर्शनों के लिए पैदल यात्रा

## भजन कीर्तन गाते हुए श्रद्धालुओं ने 45 किलोमीटर पैदल यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से की संपन्न

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** गत 29 वर्ष पहले व्यापार मंडल हमीरपुर ने विभिन्न शक्तिपीठों और सिद्धपीठों के लिए पैदल यात्रा शुरुआत की थी। जिसके चलते व्यापार मंडल हमीरपुर के सौजन्य से हर साल के दिसंबर महीने के अंतिम रविवार को शिव मंदिर हमीरपुर से पैदल यात्रा बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए जा रही है। इस बार भी 28 दिसंबर को रात्रि 2 बजे दियोटसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए पैदल यात्रा निकाली गई। इस बार यात्रा में लगभग 1000 से भी अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बालक नाथ के दरबार में शीश नवाकर मनोकामना पूरी व परिवार की सुख समृधि के लिए प्रार्थना की। व्यापार मंडल हमीरपुर के पदाधिकारी राजेंद्र सोनी और प्रधान सुमित ठाकुर ने बताया कि 29 वर्ष पहले हमने यह यात्रा मात्र 10 लोगों से



बाबा बालकनाथ के दर्शनों के लिए पैदल यात्रा करती भक्तों की टोली।

शुरू की थी और अब इस यात्रा में प्रति वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस यात्रा को सफल बनाने में व्यापार मंडलों और बस आपरेटरों का भी सहयोग हमें मिल रहा है। यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं का खाने-पीने का और यदि कोई पैदल चलने वाला ना हो तो गाड़ियों का पूरा प्रबंध किया जाता है।


व्यापार मंडल के प्रधान सुमित ठाकुर, राजेंद्र सोनी, विनोद शर्मा, अशोक ठाकुर, जुगल किशोर, नीरज भाटिया ने बताया कि यात्रा रात्रि 2 हमीरपुर के शिव मंदिर से झंडे की रस्म के साथ ढोल नगाड़ों और भजन कीर्तन करते हुए यात्रा का शुभारंभ किया। जैसे-जैसे यात्रा चलती गई आगे आगे श्रद्धालु भी साथ में जुड़ते गए और व्यापार मंडल भोटा द्वारा सुबह चाय पानी और स्नेक्स का इंतजाम किया गया उसके बाद इन्हीं के द्वारा बिझड़ी के पास सभी श्रद्धालुओं को ब्रेकफास्ट का इंतजाम किया था। उन्होंने कहा कि हम सभी व्यापार मंडल भोटा का धन्यवाद करते हैं और हर वर्ष इस यात्रा के लिए बड़ा सहयोग करते है। भोटा से भी काफी व्यापारी हमारे साथ मिलकर बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क बस सुविधा पायल बस सर्विस व ठाकुर बस सर्विस देने वाले मालिकों का भी व्यापार मंडल हमीरपुर आभार व्यक्त करता है। साथ में व्यापार मंडल हमीरपुर के कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और हम उम्मीद करते हैं कि अगली बार और भी ज्यादा श्रद्धालु इसमें जुड़ेंगे। इस बार महिलाओं और बच्चों की जनसंख्या बहुत ज्यादा थी जो की सनातन संस्कृति को बचाने और युवाओं को नशे से दूर करने के लिए यह के लिए बहुत अच्छा कदम है।

# अगले 25 वर्षों में विकसित भारत के सारथी हैं युवा साथी: अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने जारी प्रेस बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में युवा शक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी।

अनुराग ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है और वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। इस संकल्प की सिद्धि में युवाओं का योगदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति उम्र से नहीं, बल्कि अपने कर्मों से बड़ा बनता है। उन्होंने कहा कि भारत का आज का युवा भाग्यशाली है, क्योंकि आज की व्यवस्था उनके सपनों के साथ मजबूती से खड़ी है। पहले का माहौल निराशा से भरा हुआ था, लेकिन आज 'डिजिटल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'खेलो इंडिया' जैसे मिशन हर प्रतिभा को आगे बढ़ने का मंच प्रदान कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नेतृत्व करने वाला बनाना है। अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शॉर्ट-टर्म लोकप्रियता के पीछे भागने के बजाय ठोस और दीर्घकालिक लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें। आज दुनिया की भारत से अपेक्षाएं काफी बढ़ गई हैं और इन



उम्मीदों को पूरा करने की जिम्मेदारी नई पीढ़ी के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि आज का भारत अपनी पुरानी गुलामी की मानसिकता को पीछे छोड़कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी का मानना है कि आज की जेन जेड और जेन एल्फा ही भारत को 'विकसित भारत' के लक्ष्य तक पहुंचाने वाली पीढ़ी है। देश को युवाओं की योग्यता, आत्मविश्वास और सोच पर पूरा भरोसा है। अनुराग ने कहा कि आने वाले 25 वर्ष भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं और इस ऐतिहासिक यात्रा के असली सारथी आज के युवा ही होंगे।

# बिंदल का वक्तव्य झूठ व राजनीतिक द्वेष की भावना पर आधारित: कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल पर उनके एक बयान पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस सरकार के प्रति प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल का वक्तव्य झूठ और राजनीतिक द्वेष की भावना पर आधारित होने के साथ साथ भाजपा के आंतरिक लड़ाई के मद्देनजर एक दूसरे नेता से आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा की राजनीति का हिस्सा है। कौशल ने कहा कि प्रदेश के भाजपा नेता सरकार और कांग्रेस पार्टी का विरोध करने की राजनीति के चलते हिमाचल विरोधी होने की मानसिकता का शिकार हो चुके हैं।



उन्होंने कहा भाजपा शासनकाल में पैदा हुए आर्थिक दिवालियेपन के हालात से प्रदेश को आगे बढ़ाना एक बड़ी चुनौती थी। परंतु सत्ता में आने के उपरांत कांग्रेस सरकार ने लगातार प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का कार्य किया और अब प्रदेश आर्थिक स्थिरता की स्थिति में पहुंच चुका है।

कौशल ने कहा कि केंद्र प्रायोजित संवैधानिक व्यवस्था आधारित योजनाओं में प्रदेश को मिलने वाले धन को केंद्रीय सहायता की संज्ञा देकर भाजपाई संघीय व्यवस्था का अपमान करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने प्रदेश में आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने के अनेक षड्यंत्र किए, परन्तु उन्हें सफलता प्राप्त नहीं हुई,पीएनडीए के तहत प्रदेश को केंद्र से स्वीकृत 600 करोड़ की राशि को भाजपा नेताओं द्वारा केंद्रीय सहायता कह कर प्रचारित करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि इस मद में ऐसी आर्थिक स्वीकृति प्रत्येक राज्य को एक स्थापित कानून एवं नियम के आधार पर दी जाती है।कौशल ने प्रधानमंत्री द्वारा की गई 1500 करोड़ की घोषणा को प्रदेश की जनता के साथ धोखा बताया और कहा कि न्याय में देरी भी अन्याय ही कहलाता है।

# भोरंज के सपनेहड़ा गांव में घर में घुसकर दराट से किया हमला

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

- व्यक्ति गंभीर घायल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में भर्ती
- आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज, पुलिस कर रही छानबीन

थाना भोरंज के अंतर्गत सपनेहड़ा गांव में एक सरकारी कर्मचारी पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने की घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। कुलवीर सिंह (55 वर्ष), जो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दरव्याड में सीनियर असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं, पर देर रात उनके ही गांव के व्यक्ति बलदेव पुत्र गंगा राम ने तेजधार दराट से हमला किया। घटना रात लगभग 2 बजे हुई, जिसमें पीड़ित के सिर, कान, नाक, दांत और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि हमले के दौरान हमलावर ने कान काटने तक की कोशिश की।

हमले के समय ग्रामीणों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर कुलवीर सिंह को बचाया और हमलावर से हथियार छीन लिया। पुलिस को 112 के माध्यम से सूचित किया गया, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई कर घायल को सिविल अस्पताल भोरंज भेजा गया। चिकित्सकों ने गंभीर चोटों के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज हमीरपुर रेफर किया। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, चोटों की प्रकृति और हथियार की पुष्टि विशेषज्ञ परीक्षण (आर्थो, ईएनटी, एनसीटी हेड एवं दंत विशेषज्ञ) के बाद ही हो सकेगी।

पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि पीड़ित के बयान और चिकित्सीय दस्तावेजों के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 333 और 115(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है और आगामी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# प्रिंसिपल एसडी शर्मा को दी भावपूर्ण विदाई



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय तरक्वाड़ी के पूर्व छात्रों ने डिडवीं टिक्कर में गुरूजनों के सम्मान में मिलन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वर्ष 1994 से 2004 तक के लगभग 300 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। जेएनवी पंडोह के प्रिंसिपल एस.डी. शर्मा को सेवानिवृति से पहले विशेष संगीत संध्या के माध्यम से विदाई दी गई। समारोह में पूर्व प्रिंसिपल एस.एस. गुलेरिया, जीवविज्ञान प्रवक्ता अनूपा, गणित प्रवक्ता नेगी सहित अन्य सेवानिवृत कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए गुरुजनों के द्वारा दी गई शिक्षा और संस्कारों को याद किया। एस.डी. शर्मा ने विदाई भाषण में कहा कि एक शिक्षक की सफलता उसके छात्रों की उपलब्धियों में परिलक्षित होती है। कार्यक्रम का समापन भोज और संगीत संध्या के साथ हुआ।

### प्रदेश सर्व टीजीटी महासंघ का सम्मेलन 2 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश सर्व टीजीटी महासंघ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 2 जनवरी को हमीरपुर जिला के भोटा में सेवन स्टार इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया जाएगा। इसमें हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों से टीजीटी आर्ट्स, टीजीटी नॉन मेडिकल और टीजीटी मेडिकल अध्यापक एकत्रित होकर महासंघ के गठन के लिए भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य टीजीटी वर्ग की वेतन विसंगति और अन्य मुद्दों जैसे नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ, डीम्ड रेगुलर टीजीटी को पदोन्नति न देना, अनुबंध पर कार्यरत टीजीटी का नियमितीकरण आदि पर चर्चा करना है। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील ठाकुर व कार्यकारी महासचिव सुनील शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में पूरे प्रदेश से 2500 से 3000 टीजीटी शामिल होंगे।

## बैठक कार्यालयों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर दिव्यांगों को मिलें सभी सुविधाएं

# अत्याचार मामलों की जांच में न हो विलंब: डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं, अभियानों और अधिनियमों से संबंधित छह जिला स्तरीय समितियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एससी, एसटी, अल्पसंख्यक वर्ग, दिव्यांग और सफाई कर्मचारियों को लाभान्वित करने तथा उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रावधानों का पालन करें।

राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के तहत गठित स्थानीय समिति की बैठक में उपायुक्त ने बताया कि मानसिक विकलांगता, ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी और बहु-विकलांगता से ग्रस्त बच्चों के 18 वर्ष के बाद कानूनी संरक्षक नियुक्त करना आवश्यक है। जिले में अब तक 206 दिव्यांगजनों के अभिभावकों को कानूनी अभिभावक प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं और 5 नए आवेदन मंजूर किए गए। एससी-एसटी



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह।

अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिले में 26 मामले विभिन्न अदालतों में विचाराधीन हैं, 34 मामलों की कैंसलेशन रिपोर्ट और 14 मामलों की पुलिस जांच चल रही है। उपायुक्त ने कहा कि इन मामलों की जांच और अभियोजन में विलंब नहीं होना चाहिए।

नशा मुक्त भारत अभियान 2.0 की समीक्षा में उपायुक्त ने कहा कि अभियान से संबंधित गतिविधियों की रिपोर्टिंग के लिए समग्र फॉर्मेट तैयार किया गया है, जिसे सभी संबंधित विभाग नियमित रूप से भरेंगे। नशीले पदार्थों की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 112 और ड्रग फ्री हिमाचल ऐप शुरू किए गए हैं, जिन पर शिकायत करने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। जिले के स्वास्थ्य खंडों में नशे के उपचार के लिए नई दिशा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। टोल फ्री नंबर 14416 पर मानसिक स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध है। जिला दिव्यांगता समिति की बैठक में उपायुक्त ने बताया कि इस वित्त वर्ष में 5011 दिव्यांगजनों की पेंशन पर 4.44 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, 73 दिव्यांग विद्यार्थियों को 6.39 लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी गई और 7 दिव्यांगों की शादी पर 2 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों, अस्पतालों, परिवहन सेवाओं, सार्वजनिक स्थलों और शौचालयों में दिव्यांगों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। अल्पसंख्यक वर्ग के लिए प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। हाथ से मैला उठाने वाले सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना और उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

बैठकों में जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। एसपी बलवीर सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी, जिला न्यायवादी संदीप अग्निहोत्री, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा समितियों के गैर सरकारी सदस्य भी उपस्थित रहे।

# भरेड़ी-अवाहदेवी वाया हनोह सड़क को मिलेगा नया स्वरूप



**अनंत ज्ञान, भोरंज**

- 24 लाख से होगा सड़क का सुधारीकरण कार्य

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग मंडल भोरंज द्वारा भरेड़ी से अवाहदेवी वाया हनोह सड़क के सुधारीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस सड़क पर कुल 24 लाख से विभिन्न विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को लंबे समय से आ रही सड़क समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है।

भरेड़ी पशु चिकित्सालय के समीप 140 मीटर लंबे हिस्से में लगभग 14 लाख रुपये की लागत से सीमेंट के पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। इस हिस्से में बरसात के मौसम में सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती थी और कीचड़ जमा होने के कारण पैदल चलना मुश्किल होता था। सड़क के खराब होने से बच्चों, बुजुर्गों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा सड़क पर लगभग 5 लाख से डंगे (रिटेनिंग वॉल) का निर्माण किया जाएगा, जिससे कटाव और भू-स्खलन से सुरक्षा मिलेगी। हनीह में यात्रियों की सुविधा के लिए 5 लाख से आधुनिक वर्षाशालिका का निर्माण प्रस्तावित है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने सड़क सुधारीकरण कार्य का स्वागत किया और क्षेत्रीय विधायक सुरेश कुमार का आभार व्यक्त किया। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्य प्रगति पर है और जल्द ही सभी निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे।

# शिमला विंटर कार्निवाल में संस्कृति, संगीत और जायकों का जश्न

## रिज और आसपास लगे स्टॉलों पर सिड्डू, मदरा, धाम जैसे पारंपरिक पकवान हाजिर, कबाब, मोमोज और गरमागरम चाय-कॉफी का जायका भी चखने को मिल रहा

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमालय की गोद में बसी हिल्स क्वीन शिमला इन दिनों विंटर कार्निवाल के रंगों से सराबोर है। सर्द हवाओं के बीच रोशनियों की नर्म चादर ओढ़े शहर में यह उत्सव सैलानियों और स्थानीय लोगों के लिए एक साथ मुस्कुराने का बहाना बन गया है। कार्निवाल की शुरुआत हर साल की तरह ऐतिहासिक रिज मैदान से होती है, जहां संगीत, लोकनृत्य और हिमाचली रिवायतों का दिलकश संगम देखने को मिलता है। इस बार भी माहौल में वही रौनक है, वही कशिश, जो शिमला की सर्द रातों को यादगार बना देती है।

विंटर कार्निवाल आम तौर पर एक सप्ताह तक चलता है और इस दौरान हर शाम कुछ न कुछ नया देखने को मिलता है। आज के कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की खास जगह है, जिसमें हिमाचल की मशहूर नाटी ने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहरी राज्यों से आए दलों ने भी मंच पर अपनी अदाएं बिखेरीं। ठंडी रात में लोकसंगीत की धुनें और तालियों की गूंज ने पूरे रिज मैदान को एक जश्नगाह में तब्दील कर दिया।

खान-पान के शौकीनों के लिए यह कार्निवल किसी जन्नत से कम नहीं। रिज और आसपास लगे स्टॉलों पर सिड्डू, मदरा, धाम जैसे पारंपरिक हिमाचली पकवानों के साथ-साथ कबाब, मोमोज और गरमागरम चाय-कॉफी की खुशबू हवा में घुली रही। इन ज़ायकों में पहाड़ की मिट्टी की सोंधी महक और मेहमाननबाजी की रूहानी गर्माहट साफ महसूस होती है, जो हर आने वाले को बार-बार लौटने का वादा करा देती है।




शिमला विंटर कार्निवाल में जायकों के खुशनुमा सफर का दृश्य।

### देश-विदेश से आए सैलानियों को भा रहा विंटर कार्निवाल

**विंटर** कार्निवाल में हिल्स क्वीन शिमला की सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन की रूह का आईना भी है। बर्फीली रातों में संगीत, रक्स, पकवान और खरीदारी का यह संगम शहर को एक जिंदा तहज़ीब में बदल देता है। यही वजह है कि हर साल देश-विदेश से आए सैलानी इस कार्निवाल का हिस्सा बनकर शिमला की यादों को अपने दिल में बसाकर लौटते हैं।

शाम ढलते ही मॉल रोड पर भी कार्निवल का असर साफ नजर आता है। रंग-बिरंगी लाइटों से सजी दुकानों में ऊनी कपड़े, हस्तशिल्प और स्मृति-चिह्नों की खरीदारी जोरों पर है। सैलानी यहां नाचते-गाते कलाकारों के बीच रुककर तस्वीरें खिंचवाते हैं और शिमला की ठंडी फिजा में घूमते हुए इस उत्सव का लुत्फ उठाते हैं। मॉल रोड की चहल-पहल कार्निवल की रौनक को और बढ़ा देती है।

# यूपीएससी, एसएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के राज किए साझा


रामपुर में क्रेक अकादमी के सहयोग से करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया ।

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** राजकीय महाविद्यालय रामपुर में क्रैक एकेडमी के सहयोग से कैरियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा सोमवार को एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को यूपीएससी, एचपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, डिफेंस सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करना तथा करियर निर्माण की सही दिशा प्रदान करना था। मुख्य वक्ता क्रैक एकेडमी दिल्ली के ऑपरेशन हेड मयंक सांख्यान ने परीक्षा पैटर्न, पाठ्यक्रम, तैयारी रणनीति, समय प्रबंधन और निरंतर अभ्यास पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सही योजना और समर्पण से सफलता प्राप्त करने के सूत्र साझा किए। विद्यार्थियों के प्रश्नों का सरलता से समाधान कर उन्होंने उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाया। महाविद्यालय की संयोजिका डॉ. शिवाली ठाकुर सहित डॉ. ईश्वर नेगी, डॉ. सतपाल, डॉ. अजेन्द्र नेगी, डॉ. हीरा भक्ति, प्रो. तरूण शर्मा, प्रो. प्रदीप गोस्वामी एवं प्रो. संदीप ठाकुर उपस्थित रहे।

# एमआईएस भुगतान में देरी पर जुब्बल में प्रदर्शन

## 130 करोड़ रुपए से अधिक बकाया, संकट में बागवान : चेतन बरागटा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

जुब्बल में भाजपा नेता चेतन बरागटा के नेतृत्व में प्रदेश की कांग्रेस सरकार की बागवान विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन एचपीएमसी के माध्यम से एमआईएस के तहत खरीदे गए सी-ग्रेड सेब के भुगतान में हो रही लगातार देरी को लेकर किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में बागवान शामिल हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपने हक की मांग उठाई।

भाजपा नेता चेतन बरागटा ने इस अवसर पर कहा कि सरकार ने बागवानों से सी-ग्रेड सेब तो खरीद लिया, लेकिन उसके बदले आज तक न तो समय पर भुगतान किया गया और न ही खाद, स्प्रे ऑयल, दवाइयां व बागवानी में काम आने वाले जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए गए। उन्होंने बताया कि एचपीएमसी पर बागवानों का करीब 130 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान लंबित है, जिससे बागवान आर्थिक दबाव और अनिश्चितता में जी रहे हैं।


जुब्बल में एमआईएस के तहत सेब भुगतान की मांग को लेकर प्रदर्शन करते बागवान व भाजपा नेता चेतन बरागटा।

बरागटा ने कहा कि सरकार को बागवानों की आजीविका की चिंता होनी चाहिए, लेकिन वह केवल घोषणाओं और प्रचार तक सीमित है। बागवान अपने मेहनत की कमाई के लिए भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि यदि जल्द ही लंबित भुगतान नहीं किया गया और जरूरी सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई, तो भाजपा आंदोलन को और व्यापक स्तर पर तेज करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

# जुब्बल में दो सड़कों की सफल पासिंग

## मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से प्रशासन ने पूरी की औपचारिक प्रक्रिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के सतत प्रयासों से जुब्बल उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत पराली और मंढोल में दो अहम सड़कों की प्रशासनिक पासिंग सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस निर्णय से क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित सड़क संपर्क को औपचारिक मंजूरी मिली है, जिससे स्थानीय लोगों की आवाजाही, आपात सेवाओं की पहुंच और दैनिक जरूरतों की पूर्ति में उल्लेखनीय सुविधा होगी। प्रशासन द्वारा प्रक्रिया पूरी किए जाने से विकास कार्यों के शीघ्र आरंभ की उम्मीद भी मजबूत हुई है।

पास की गई सड़कों में ग्राम पंचायत पराली की खड़ापत्थर-पटसारी सड़क से नकटाड़ा गांव तक का मार्ग तथा ग्राम पंचायत मंढोल में हरिजन बस्ती फुट्टाढांक के लिए प्रस्तावित लिंक रोड शामिल हैं। इन दोनों परियोजनाओं से कृषि, बागवानी और स्थानीय व्यापार को गति मिलने के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होने की संभावना है। ग्राम पंचायत पराली व मंढोल की जनता और लाभार्थियों ने सड़कों की सफल पासिंग पर शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।


जुब्बल में प्रस्तावित सड़कों की पासिंग के बाद स्थानीय ग्रामीणों में खुशी का माहौल।

**ग्रामीणों ने जताया आभार आवागमन और सुविधाओं में होगा सुधार**

## न्यूज ब्रीफ

### अटल के विचारों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा मंडल जुब्बल की ओर से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में रामपुर से भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कौल नेगी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कौल नेगी ने इस सुवसर पर कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल राजनेता नहीं, बल्कि विचार, सिद्धांत और राष्ट्रसेवा की जीवंत मिसाल थे। उन्होंने कहा कि अटल जी ने राजनीति को सुचिता, संवाद और विकास की दिशा दी, जिसे आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं प्रदेश प्रभारी आईटी एवं सोशल मीडिया चेतन बरागटा ने कहा कि अटल का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने अंत्योदय की भावना, किसान-युवा हित और संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### कांग्रेस प्रदेशभर में 5 से करेगी प्रदर्शन: विनय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने और इसके मूल उद्देश्यों को कमजोर करने के फैसले के विरोध में कांग्रेस 5 जनवरी से प्रदेश के जिलों और ब्लॉकों में क्रमबद्ध धरना-प्रदर्शन करेगी। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष आयोजित सांकेतिक अनशन के बाद उन्होंने कहा कि यह जनविरोधी कदम गरीबों के अधिकारों पर चोट है, जिसके खिलाफ कांग्रेस बूथ स्तर तक लोगों को जागरूक करेगी। विनय कुमार ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने बिना व्यापक चर्चा और सहयोगी दलों को विश्वास में लिए, जल्दबाजी में संशोधन को मंजूरी दिलाई, जो संसदीय परंपराओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य दल इस पर विस्तृत बहस चाहते थे, लेकिन जनमत की अनदेखी की गई। उन्होंने जोर दिया कि संविधान, जनमत और गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन एकजुट होकर मैदान में उतरेगा और भाजपा की तानाशाही प्रवृत्तियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा।

# सहकारिता एक भरोसा, इसे टूटने नहीं देंगे : अग्निहोत्री

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के तहत सम्मेलन, राज्य ने सहकारिता की मिसाल कायम की

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नाबार्ड द्वारा शिमला में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत सहकारिता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं बल्कि लोगों का भरोसा है और इस भरोसे को किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। सरकार और सहकारी संस्थाएं मिलकर काम करेंगी ताकि सहकारिता को समय के अनुरूप और मजबूत बनाया जा सके।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देश में जब भी सहकारिता की चर्चा होगी, हिमाचल प्रदेश का नाम सम्मान के साथ लिया जाएगा। उन्होंने बढ़ेड़ा में पंजीकृत प्रदेश की पहली सहकारी समिति का उल्लेख करते हुए कहा कि सहकारिता का विस्तार आज सरकार के समान बड़े ढांचे के रूप में हो चुका है। उन्होंने सहकारी बैंकों को लोगों के विश्वास की पूंजी बताते हुए समय पर ऋण अदायगी की अपील की और कहा कि भुट्टिको जैसे ब्रांड हिमाचल की विश्वसनीयता का प्रतीक हैं।



शिमला में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को सम्मानित करते हुए सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से सहकारी समितियों को डिजिटल बनाया जा रहा है और धारा 118 के तहत हिमाचलियों को राहत देने संबंधी विधेयक पर समाधान निकलेगा। उन्होंने कांगड़ा की चाय, लाहौल की आलू और कुल्लू की बुनकर समितियों को पुनः सक्रिय करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर नाबार्ड, सहकारिता विभाग और बैंकिंग क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए।

**डिजिटलीकरण, शिक्षा और पुनर्जीवन पर दिया जोर**

# स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की तैयारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**जिला शिमला के स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा निर्यात का मंच**

**एक्सपोर्ट काउंसलिंग से पूरी होंगी सभी औपचारिकताएं**

जिला शिमला के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे स्थानीय उत्पादों को अब विदेशों तक पहुंचाने की दिशा में जिला प्रशासन ने ठोस कदम उठाया है। सोमवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय एक्सपोर्ट प्रमोशन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि स्वयं सहायता समूहों को निर्यात के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और मंच उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़कर ग्रामीण आर्थिकी को नई मजबूती देना है।

उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में लगभग 5500 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनसे करीब 32 हजार परिवार जुड़े हुए हैं। ये समूह हिम ईरा के माध्यम से देशभर में अपने उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं, लेकिन अभी तक अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए पंजीकरण नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की एक्सपोर्ट काउंसिल के माध्यम से निर्यातकों को प्रशिक्षण, बाजार से जुड़ी जानकारी और आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाए जाते हैं।

बैठक में बताया गया कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा फूड प्रोसेसिंग, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट और हर्बल उत्पादों का बड़े स्तर पर निर्माण किया जा रहा है, जिससे महिलाओं को घर-द्वार पर ही रोज़गार मिल रहा है। प्रशासन पैकिंग, लेबलिंग और ब्रांडिंग को बेहतर बनाने के साथ-साथ वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण पर भी जोर देगा। बैठक में निर्यात को लेकर आ रही चुनौतियों पर चर्चा की गई और इनके समाधान के लिए सामूहिक रणनीति बनाने पर सहमति बनी।

# दुर्गम और जनजातीय क्षेत्रों की जायज मांगों पर करेंगे विचार, नहीं आने देंगे कमी : मुख्यमंत्री


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में भेंट करता चंबा जिले के पांगी क्षेत्र का प्रतिनिधिमंडल।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

चंबा जिला के दुर्गम जनजातीय पांगी क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न विकासात्मक मांगों को उनके समक्ष रखा।

प्रतिनिधिमंडल ने सड़क, बुनियादी ढांचे, जनसुविधाओं और जनजातीय कल्याण से जुड़े मुद्दों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि राज्य सरकार पांगी जैसे दुर्गम और जनजातीय क्षेत्रों की जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी और विकास से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाना है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य चुन्नी लाल, पंचायत समिति पांगी की अध्यक्ष किरण तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुभाष भी उपस्थित रहे।

**विकास** सुक्खू बोले-प्रदेश में नवाचार, निवेश और रोजगार के त्रिवेणी संगम से बदलेगी ग्रामीण आर्थिकी

# औद्योगिक विकास को दे रहे नई रफ्तार: सीएम

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** प्रदेश को वैश्विक औद्योगिक नक्शे पर मजबूत पहचान दिलाने की दिशा में राज्य सरकार ने ठोस और दूरदर्शी कदम उठाए हैं। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नवाचार आधारित सोच और सक्रिय निवेश आमंत्रण नीति के चलते हिमाचल अब महज पहाड़ों की खूबसूरती तक सीमित नहीं, बल्कि उद्योग, तकनीक और सतत विकास का भरोसेमंद ठिकाना बनता जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि देश-विदेश के निवेशकों तक सीधे पहुंच बनाने के लिए आउटरीच कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी गई है। दुबई और जापान जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों से लेकर मुंबई जैसे घरेलू निवेश केंद्रों तक संवाद कायम कर पिछले तीन वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी है। मौजूदा सरकार ने 14 हजार करोड़ रुपये की 683 औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनसे करीब 32 हजार युवाओं के लिए रोजगार के रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों के लिए संभावनाओं का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। हरित ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, पर्यावरण-अनुकूल परिवहन, पर्यटन, सौर ऊर्जा और डिजिटल अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।


औद्योगिक विकास और निवेश को लेकर आत्मनिर्भरता की ओर प्रदेश की महिलाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ग्रामीण उद्यमिता को संबल देने के लिए 1,642 करोड़ रुपये के प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे गए, जिनमें से 109.34 करोड़ रुपये की प्रारंभिक फंडिंग मिल चुकी है। नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी मंडी, आईआईएम सिरमौर और एम्स बिलासपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में 14 इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में 107 स्टार्टअप सफलतापूर्वक चल रहे हैं, जबकि 407 स्टार्टअप शुरू होने की प्रक्रिया में हैं।

### 13 नए बड़े व सूक्ष्म औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित



**मुख्यमंत्री** ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत 373.87 करोड़ रुपए के निवेश से 1,607 स्वरोजगार इकाइयों को मंजूरी दी गई है, जिससे 3,500 से अधिक लोगों को सीधे रोजगार मिला है। निवेशकों की सहूलियत के लिए 180 सेवाओं को सिंगल-विंडो पोर्टल से जोड़ा गया है और निर्माण नियमों में संशोधन कर औद्योगिक भवनों के लिए 70 प्रतिशत भूमि उपयोग की अनुमति दी गई है। साथ ही बढ़ती मांग को देखते हुए 13 नए बड़े और सूक्ष्म औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित किए गए हैं, ताकि निवेशकों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान माहौल मिल सके।

### स्वास्थ्य, सेवा क्षेत्रों और कंस्ट्रक्शन परमिट एनेबलर्स में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

**सरकार** के इन प्रयासों का असर राष्ट्रीय स्तर पर भी दिखा है। हिमाचल को स्टेट स्टार्टअप रैंकिंग 2023 में 'बेस्ट परफॉर्मर अवार्ड', वर्ष 2024 में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एस्पायरर स्टेट अवार्ड और पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना में पहला पुरस्कार मिला है। डीपीआईआईटी 2025 द्वारा स्वास्थ्य, सेवा क्षेत्रों और कंस्ट्रक्शन परमिट एनेबलर्स में उत्कृष्ट कार्य के लिए भी राज्य को सम्मानित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कच्छाल जगियां में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** संघोल चढियार 11 केवी फीडर के रखरखाव व मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार को कच्छाल जगियां, मक्कड़, सूद मोहल्ला, बीजापुर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जयसिंहपुर अस्पताल,डलू, हलेड़, छत्र, नेत्रू, गदियाडा, थनपाल, चंबी, गदियाड़ा, रामनगर व इसके आसपास के गांवों में सुबह नौ बजे से शाम कार्य समाप्ति तक बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी जयसिंहपुर विद्युत उपमंडल जयसिंहपुर के सहायक अभियंता विनीत राणा ने दी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### कबीर पंथी सभा ने रखा वित्तीय लेखा-जोखा

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** कबीर पंथी समाज सुधार सभा पालमपुर की बैठक विक्रमजीत निवासी पलाहु पट्टी के घर पर तहसील प्रधान विजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें जिला कांगड़ा के प्रधान प्रताप चंद कौशल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में तहसील पालमपुर के कल्याण कोष के संबंध में चर्चा की गई एवं वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। समाज के उत्थान के लिए बच्चों की शिक्षा व उनको नशे से दूर रखने का आह्वान किया गया। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा पानी का बचाव करने का भी आह्वान किया गया। इस बैठक में कैप्टन धर्मवीर, धनी राम पालमपुरी, प्रताप चंद चौकी, कैप्टन हरनाम सिंह, सूबेदार राजेश कुमार, सूबेदार कर्म चंद, विकास, कैप्टन सुरजीत सिंह पलहूणी,अशोक कुमार, विष्णु, पवन, कर्मजीत, उर्मिला कुमारी, ललिता देवी व शशि आदि उपस्थित रहे।

### भटेड़ मंदिर में कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग

**अनंत ज्ञान, डरोह।** थुरल तहसील के तहत भटेड़ मंदिर में 24 से 30 दिसंबर तक आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास शास्त्री अनिल डोहरू ने कांगड़ी रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न करवाया। इस दौरान विवाह गीत, सांद के गीत और झमाकड़ा नृत्य ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इससे पूर्व कथा के दूसरे दिन भटेड़ से गढ़ जमूला तक भव्य रथयात्रा निकाली गई, जिसमें देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। तीसरे दिन भक्ति, चौथे दिन कलियुग और पांचवें दिन श्रीकृष्ण जन्म का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य को भक्ति, धर्म और कर्म का बोध कराता है। कथा का समापन 30 दिसंबर को हवन-यज्ञ व पूर्णाहुति के साथ होगा।

### डाडासीबा में नया सार्वजनिक शौचालय तैयार

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा में पिछले कुछ समय से चली आ रही समस्या का अब समाधान हो गया। क्षेत्र में नया सार्वजनिक शौचालय बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है, जिसे सोमवार को आम जनता की सुविधा के लिए खोल दिया गया है। बता दें कि पुराने शौचालय के जर्जर होने के कारण स्थानीय लोगों, यात्रियों और बस चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी, लेकिन अब यह असुविधा इतिहास बन गई है। पंचायत ने लोगों की जरूरत को प्राथमिकता देते हुए नया शौचालय बनवाया, जिससे बाजार, बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों से आने-जाने वालों को सीधी राहत मिली है। पंचायत प्रधान सुचिता कंवर और उप प्रधान परमेश्वरी दास ने बताया कि नया शौचालय बनकर तैयार हो चुका है और इसे अब से जनता को समर्पित कर दिया गया है।

### 31 से पहले करें बिजली बिल का भुगतान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, वे उपभोक्ता दिनांक 31 दिसंबर से पहले अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान कर दें। उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान ऑनलाइन माध्यम (एचपीएस ईसीएल ऐप, पेटीएम, एअरटेल ऐप, गूगल पे, फोन पे और अमाजॉन डॉट इन) से भी कर सकते हैं, बिजली बिल का भुगतान न करने की स्थिति में बिना किसी आगामी सूचना के बिजली का कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा। यह जानकारी इंजीनियर सुभाष कुमार, सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डरोह ने दी है, उन्होंने जनता से बिल की समय पर भुगतान करने की अपील भी की है।

### चार जिलों में लगाए जाएंगे नेत्र जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल मित्र मंडल दिल्ली (रजि) द्वारा अप्रैल माह में कांगड़ा, हमीरपुर, कुल्लू और मंडी जिलों के दुर्गम क्षेत्रों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। संस्था के संस्थापक किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि ये शिविर भानु चैरिटेबल ट्रस्ट बगला, मंडी के सहयोग से लगाए जाएंगे। मेडिकल व पैरा मेडिकल टीम ट्रस्ट उपलब्ध करवाएगा, जबकि लॉजिस्टिक व्यवस्था मंडल करेगा। मरीजों की जांच, अस्पताल तक परिवहन, मुफ्त ऑपरेशन, दवाइयां और चश्मे पूरी तरह निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

### 19 एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय, जयसिंहपुर (जिला कांगड़ा) के एनसीसी के 19 कैडेट्स संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए रवाना हुए। यह शिविर 29 दिसंबर से 7 जनवरी तक शिमला जिले के जीएसएसएस खलाग (जुबरहट्टी) और माउंट शिवालिक स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में आर्यन, करण डोगरा, अक्षित शर्मा, प्रिंस, चिराग, बंशुल, जतिन, आयुष जग्गी सहित अन्य कैडेट्स भाग लेंगे। प्रस्थान से पूर्व प्राचार्य अरुण चंदर ने कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं और कहा कि एनसीसी इकाई प्रो. रजनी के नेतृत्व में अनुशासन और समर्पण के साथ उत्कृष्ट कार्य कर रही है।

### सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल के होनहार नवाजे

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र की शांतला पंचायत स्थित सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाजसेवी पवन शर्मा मुख्यातिथि रहे, जबकि व्यापार मंडल डाडासीबा के अध्यक्ष राजिंदर सिंह गोगा और तरसेम लाल विशेष अतिथि रहे। बच्चों ने भांगड़ा, नाटी, गिद्दा व देशभक्ति गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।

### स्वयंसेवकों ने निकाली चिट्टे के खिलाफ रैली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में एनएसएस इकाई का वार्षिक एकेडमिक सत्र 2025-26 का सात दिवसीय शिविर संपन्न हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गोद लिए गांव थुरल नौण में स्वच्छता, प्लास्टिक कचरा निष्पादन, नशा विरोधी एवं चिट्टे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्या राका शर्मा ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पवन राणा को प्रशस्ति पत्र मिलने पर बधाई दी। उत्कृष्ट स्वयंसेवकों व समन्वयकों को भी सम्मानित किया गया।

# कांगड़ा कार्निवाल के साथ न्यू ईयर, जुटने लगे पर्यटक

## सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था के लिए अतिरिक्त बल तैनात, होटलियर्स को आज से 90 फीसदी ऑक्यूपेंसी की आस

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला में चल रहे कांगड़ा वैली कार्निवाल के साथ ही न्यू ईयर भी आ रहा है, जिसके लिए पर्यटकों की भीड़ जुटना शुरू हो गई है। न्यू ईयर सेलिब्रेशन को उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए जिला पुलिस ने भी सुरक्षा व यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए धर्मशाला व मैक्लोडगंज थाना में अतिरिक्त बल तैनात किया है। पिछले दो दिनों से मैक्लोडगंज के होटलों में ऑक्सूपेंसी 70 से 80 फीसदी ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई है। वहीं, होटलियर्स को 30 व 31 दिसंबर को ऑक्यूपेंसी 90 फीसदी तक पहुंचने की उम्मीद है। 31 दिसंबर को कांगड़ा वैली कार्निवाल की स्टार नाइट रात 12 बजे तक चलेगी। वहीं, मैक्लोडगंज में भी पर्यटकों की भीड़ मुख्य चौक पर एकत्रित होकर नववर्ष का स्वागत करती है। ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि जहां धर्मशाला में स्टार नाइट की धमाल होगी, वहीं न्यू सेलिब्रेशन की चमक से 31 दिसंबर की रात मैक्लोडगंज चमकेगा। गौरतलब है कि नववर्ष के दौरान पंजाब समेत जम्मू-कश्मीर तथा हरियाणा के पर्यटक मैक्लोडगेज तथा धर्मशाला क्षेत्र में पहुंचते हैं।

### हुड़दंगबाजी न करने की अपील

पुलिस प्रशासन ने नववर्ष मनाने आने वाले पर्यटकों से हुड़दंगबाजी से परहेज करने और चिन्हित स्थानों पर ही गाड़ियां पार्क करने की अपील की है। यही नहीं मैक्लोडगंज में जुटने वाली पर्यटकों की भीड़ में ज्यादा इजाफा होने पर पुलिस बल बढ़ाने की बात भी पुलिस प्रशासन कह रहा है।

मैक्लोडगंज में नववर्ष के लिए भीड़ जुट रही है। वर्तमान में होटलों में 70 से 80 फीसदी ऑक्यूपेंसी चल रही है, जिसके 30 व 31 दिसंबर को 90 फीसदी तक पहुंचने की संभावना है। पर्यटकों का न्यू ईयर को लेकर खासा रुझान देखा जा रहा है।
**राहुल धीमान, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसो. स्मार्ट सिटी धर्मशाला।**

दिल्ली व पंजाब से पर्यटक कांगड़ा घाटी का रुख कर रहे हैं। धर्मशाला व मैक्लोडगंज पुलिस थाना में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस का क्यूआरटी सक्रिय है। कांगड़ा कार्निवाल के चलते पुलिस टीमें लगातार रात्रि गश्त कर रही हैं। पर्यटक किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी से परहेज करें। गाड़ियों चिन्हित पार्किंग स्थलों में ही लगाएं।
**-बीर बहादुर, एएसपी, जिला कांगड़ा।**

# पेंशनर्स संघ इंदौरा ने पेंशनर्स की समस्याओं पर की चर्चा



जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ ब्लॉक इंदौरा की त्रैमासिक बैठक में उपस्थित सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा पेंशनर्स संघ ब्लॉक इंदौरा की त्रैमासिक बैठक सोमवार को वरिष्ठ सदस्य मास्टर मनोहर लाल की अध्यक्षता में इंदौरा में आयोजित की गई।

बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें वर्ष 2016 से 2022 के मध्य रिटार हुए पेंशनर्स के एरियर का मामला प्रमुख रहा। इस दौरान ऋषि अस्पताल इंदौरा के मालिक मास्टर गणेश शर्मा ने सभी पेंशनर्स को फ्री ओपीडी के साथ उपचार के कुल बिल पर 20 फीसदी छूट देने की घोषणा की। इस दौरान डॉ. सुरभि ठाकुर एमडी मेडिसिन और डॉ. ऋषि शर्मा ने पेंशनर्स को अस्पताल में उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर देवदत्त, करतार कटोच, जोगिंद्र सिंह, सतदेव, कुंदन लाल, जोगेश्वर कटोच, रतन सिंह, भूपिंद्र कटोच, जोगिंद्र भारद्वाज, ईश्वर सिंह, जसवंत राय मौजूद रहे। अंत में संघ की ब्लॉक इकाई के महासचिव पुष्प अरुण ने सभी का धन्यवाद किया।

## बीसीसीआई अंडर-15 टूर्नामेंट के लिए एचपीसीए महिला टीम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बीसीसीआई महिला अंडर-15 (वनडे) एलिट टूर्नामेंट 2025-26 के लिए एचपीसीए ने टीम घोषित कर दी है। टूर्नामेंट का आयोजन त्रिवेंद्रम में किया जाएगा। एचपीसीए सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि 17 सदस्यीय टीम की कमान अंशिका सिंह सानी को सौंपी गई है। चयनित टीम में कैप्टन अंशिका सिंह सानी, अर्शिया रतन, अनिष्का मिनोचा, रिजुल सरोच, नव्या नहाटा, मृदुल ठाकुर, वंशिका, वंशिका ठाकुर, लावण्य साहनी, मन्नत कौर, भूमिका नाल्वा, सांची सिंह देरटा, वंशिका चौहान, रिया शर्मा, रूपल ठाकुर, युक्ति कुमारी व आराध्या ठाकुर शामिल हैं। इसके अलावा सपोर्टिंग स्टाफ में कोच वरुण शर्मा, वरुण कुमार असिस्टेंट कोच, फिजियो जानवी अरोड़ा, वीडियो अनालिस्ट अभिषेक ठाकुर, मैनेजर शिव कपूर को शामिल किया गया है।

**सत्रह सदस्यीय टीम में कैप्टन की कमान अंशिका को**

**2 को तमिलनाडू से खेलेगी एचपीसीए टीम:** मनुज शर्मा ने बताया कि एचपीसीए अंडर-15 टीम त्रिवेंद्रम में 2 जनवरी को तमिलनाडू, 4 जनवरी को बिहार, 6 जनवरी को बंगाल, 8 जनवरी को महाराष्ट्र और 10 जनवरी को मध्य प्रदेश के खिलाफ मैदान में उतरेगी। एचपीसीए ने चयनित टीम को शुभकामनाएं देते हुए टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

## रिज मैदान पर सुक्खू सरकार का अनशन मात्र ड्रामेबाजी : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**प्रदेश** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने रिज मैदान पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उनके मंत्रिमंडल द्वारा किए जा रहे अनशन को ड्रामेबाजी करार दिया है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन (वीबी जी राम जी) को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए संजीवनी बताते हुए कहा कि यह मिशन राम का नाम भी और काम के पूरे दाम भी के संकल्प को सिद्ध करेगा, जो कांग्रेस को हजम नहीं हो रहा है।

कपूर ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों ने इस योजना के प्रावधानों को पढ़ने तक का कष्ट नहीं किया है। वे केवल दिल्ली में बैठे अपने आका राहुल गांधी को खुश करने के लिए इस जनहितैषी योजना का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस का रिकॉर्ड रहा है कि जब-जब उसने भगवान राम, राम सेतु या राम के नाम का विरोध किया है, उसका ग्राफ रसातल में गया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार भी उसी आत्मघाती और सनातन विरोधी मार्ग पर चल पड़ी है।

भाजपा वरिष्ठ प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री के विरोधाभासी व्यवहार पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सरकार का दोहरा चरित्र है। जो मुख्यमंत्री कल तक प्रदेश में डॉक्टर व एंबुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल रोकने की दुहाई दे रहे थे, आज वही अपने पूरे कुनबे के साथ रिज मैदान पर अनशन का नाटक कर रहे हैं। सत्ता में बैठकर जनता की सेवा करने के बजाय अनशन करना यह दर्शाता है कि सरकार के पास न तो कोई नीति है और न ही विकास की नीयत।

## होशियारपुर के बबलू ने जीता सिद्ध बाबा भरथरी का दंगल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** तहसील रक्कड़ की ग्राम पंचायत कुड़ना (सलेटी) के तहत गलुआ सिद्ध बाबा भरथरी मंदिर के परिसर में बाबा भरथरी दंगल कमेटी कुड़ना द्वारा विशाल भंडारे एवं दंगल मेले का आयोजन किया गया। इसमें वाइन कॉन्ट्रैक्टर मनीष ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान रक्कड़ थाना प्रभारी किशोर चंद विशेष तौर पर उपस्थित रहे। मेला कमेटी के संयोजक संजीव ठाकुर सहित अन्य लोगों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। दंगल मेले में बड़ी माली इक्कीस हजार और छोटी माली ग्यारह हजार और स्पेशल कुश्ती की राशि पंद्रह हजार निर्धारित की गई थी। दंगल में अवंतिका ठाकुर ने अपनी कला का प्रदर्शन कर विभिन्न योग मुद्राओं में सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। फाइनल कुश्ती बबलू होशियापुर और विशाल नूरपुर के बीच हुई। होशियारपुर के बबलू ने जीत हासिल की। छोटी कुश्ती गोलू पठानकोट और साहिल परागपुर के मध्य हुई। इमसें गोलू पठानकोट ने जीत हासिल कर इनामी राशि प्राप्त की। मेला कमेटी संयोजक संजीव ठाकुर ने बताया कि पंजाब और हिमाचल के नामी पहलवानों ने इस कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में दमखम दिखाया। आखाड़े में पहलवानों द्वारा विभिन्न दांव पेच की बदौलत दिलचस्प मुकाबले देखने को मिले।

## एसआईयू टीम ने 1.852 किलोग्राम चरस के साथ तीन लोग किए गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर एसपी कुलभूषण वर्मा की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत रविवार रात को नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

एसआईयू द्वारा थाना डमटाल के अधीन मुकाम तौकी में गश्त के दौरान सोनू उर्फ नीटू पुत्र बहादर चंद निवासी मोहल्ला सैली कुलियां, जिला पठानकोट, मुकेश कुमार उर्फ रिंकू पुत्र सत्तपाल, निवासी लमीणी गांव, पठानकोट, बलविंद्र उर्फ बिल्ला पुत्र ज्ञान चंद, गांव व डाकघर छन्नी, जिला कांगड़ा के कब्जे से 01.852 किलोग्राम चरस बरामद की है। तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना डमटाल में मामला दर्ज किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। सोमवार को तीनों को अदालत इंदौरा में पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

## कांगड़ा में ट्राई का उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा 30 दिसंबर को कांगड़ा में एक दिवसीय उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शिकायत निवारण और साइबर स्वच्छता के संबंध में की गई विभिन्न पहलों के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा। कांगड़ा के होटल सागर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा।

यह कार्यक्रम दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, उपभोक्ता अधिकार समूहों और दूरसंचार उपभोक्ताओं के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क सूत्र के रूप में कार्य करेगा। इस जागरूकता कार्यक्रम में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधि, ट्राई के साथ पंजीकृत उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि, विश्वविद्यालय के छात्र और प्राध्यापक भाग लेंगे। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण दूरसंचार उपभोक्ताओं तक पहुंचने, उन्हें शिक्षित करने और उनसे प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए इस प्रकार की विभिन्न गतिविधियां संचालित करता है।

## तृप्ता पब्लिक स्कूल में इनहाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित

# एआई, डीएल आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस बारे बताया



तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा में प्रधानाचार्य राकेश राणा की देखरेख में हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, ज्वाली**

**तृप्ता** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में प्रधानाचार्य राकेश राणा की देखरेख में सीबीएससी द्वारा इन हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में स्नेहलता ने शिरकत की, जो शिक्षाविद् और समाजसेविका के रूप भी सक्रिय हैं। उनके साथ ऑरेंज पब्लिकेशन से विकास भी मौजूद रहे। इन हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का मुख्य विषय कक्षा में एआई का किस प्रकार से उपयोग करना रहा। सबसे पहले रिसोर्स पर्सन और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा और आए हुए अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर और सरस्वती वंदना के साथ वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य राकेश राणा ने रिसोर्स पर्सन स्नेहलता और अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद रिसोर्स पर्सन स्नेहलता ने अध्यापकों को एआई का कक्षा में किस प्रकार प्रयोग किया जा सकता है, उसके बारे में बताया गया। एआई के तीन प्रकार बताए। एआई, एमएल, डीएल आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग के बारे में बताया। करियर इन एआई की जानकारी दी। एआई प्रोजेक्ट साइकिल के बारे में बताया गया। एआई एक्सेस की जानकारी प्रदान की।

# प्राथमिक स्कूलों के क्लस्टर एवं कांप्लेक्स न बदले जाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्राथमिक पाठशालाओं के क्लस्टर एवं कांप्लेक्स में परिवर्तन किए जाने की चर्चाएं एवं प्रस्ताव सामने आ रहे हैं, जो कि प्राथमिक शिक्षा की सुचारु कार्यप्रणाली के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कांगड़ा ने सरकार एवं शिक्षा विभाग से मांग की है कि प्राथमिक पाठशालाओं के क्लस्टर एवं कांप्लेक्स न बदले जाएं। प्राथमिक स्तर की अधिकांश प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं कार्यालयी गतिविधियां बीईईओ कार्यालय के माध्यम से ही संचालित होती हैं। ऐसे में यदि बीईईओ कार्यालय में किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया गया तो इसका सीधा और नकारात्मक प्रभाव प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था पर पड़ेगा। यदि किसी विशेष परिस्थिति में क्लस्टर या काम्प्लेक्स में परिवर्तन अत्यंत आवश्यक हो, तो भी किसी भी सूरत में बीईईओ कार्यालय को बदला न जाए। संघ का स्पष्ट मत है कि ऐसी स्थिति में पहले वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों से संबंधित बीपीओ में आवश्यक परिवर्तन किए जाएं तथा जिन विद्यालयों को बदला जा रहा है, उन्हें पहले प्राथमिक पाठशाला वाले बीईईओ एवं बीपीओ के अधीन किया जाए, ताकि शिक्षा खंड में अनावश्यक बदलाव न हो। संघ का मानना है कि बिना जमीनी स्तर की वास्तविकताओं को समझे किए गए ऐसे निर्णयों से न केवल प्रशासनिक अव्यवस्था उत्पन्न होगी, बल्कि प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता भी प्रभावित होगी। सरकार से आग्रह किया कि प्राथमिक शिक्षकों, बीईईओ कार्यालयों तथा शिक्षा खण्डों की कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए ही कोई भी निर्णय लिया जाए। प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कांगड़ा आशा करता है कि सरकार एवं शिक्षा विभाग इस मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार करेगा और प्राथमिक शिक्षा के हित में उचित निर्णय लेगा।

**प्राथमिक शिक्षक संघ बोला- प्राथमिक शिक्षा की सुचारु कार्यप्रणाली के लिए हो सकती घातक**

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग शिक्षा व्यवस्था का हिस्सा बने : डॉ. रण सिंह

## लॉरिएट इंस्टीट्यूट में एआई-एमएल आधारित कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**



दौलतपुर चौक व ऊना कॉलेज के 71 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन भाग लिया।

**लॉरिएट** इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में एप्लाइड पाइथन फॉर आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लार्निंग विषय पर आयोजित 7 दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया।

यह कार्यशाला स्किल्ड इंडिया एआई-एमएल इन एजुकेशन एवं विकसित भारत 2047 के विजन को ध्यान में रखते हुए आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की उभरती तकनीकों से सशक्त बनाना था। मुख्य अतिथि डॉ. रण सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर, लॉरिएट इंस्टीट्यूट ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आज की शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं, विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के बीसीए विद्यार्थियों के लिए ये तकनीकें रोजगार एवं नवाचार के नए द्वार खोलती हैं। कार्यक्रम में डॉ. एमएस आशावत कैंपस डायरेक्टर, लॉरिएट इंस्टिट्यूट विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर साइंस के साथ-साथ फार्मेसी जैसे विषयों में भी तकनीकी एवं अनुसंधान आधारित कार्यशालाओं का आयोजन समय की आवश्यकता है। संयोजन एवं विभागाध्यक्ष (कंप्यूटर साइंस) प्रो. जसवीर सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला एआईसीटीइ के नवीन दिशानिर्देशों एवं वर्तमान उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप डिजाइन की गई थी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बीसीए विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल और प्रतियोगी प्लेटफॉर्म (जैसे कग्गल से भी परिचित कराती हैं। इस कार्यशाला में लॉरिएट इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौक तथा राजकीय महाविद्यालय ऊना के कुल 71 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से सहभागिता की। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सत्रों में भाग लिया ।

# प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में पहले स्थान पर लाना सरकार का लक्ष्य : पठानिया

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनाना प्रदेश की कांग्रेस सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। यह बात शाहपुर के विधायक एवं उपदृमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिहुंवा में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सिहुंवा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए शीघ्र ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहुंवा के भवन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाहपुर उप-मंडल कार्यालय के समीप वॉर मेमोरियल का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिसे शीघ्र ही स्थापित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्यालय में दो अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की घोषणा करते हुए दो शौचालयों की मांग को भी शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया।



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सिहुंवा स्कूल के समारोह में की शिरकत।

# डॉ. राजेश ने कांगड़ा वैली स्कूल के होनहार नवाजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कांगड़ा वैली स्कूल का समारोह धर्मशाला के कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया।

कांगड़ा वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिला चौक का वार्षिक समारोह धर्मशाला के कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने छात्रों व उनके अभिवावकों का मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया। डॉ. राजेश ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में शैक्षिक सुधारों, एनईपी 2020 लागू करने, और शिक्षकों के प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया।

साथ ही शिक्षा के पारंपरिक और ऑनलाइन तरीकों को जोड़कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और स्कूल प्रबंधन समितियों को सक्रिय करने में भूमिका निभाने का भी जिक्र किया। इसके अलावा डॉ. राजेश शर्मा द्वारा युवा वर्ग को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया और सही मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक आदर्श रानी बेदी, कपिल चहल व विद्यालय प्रधानाचार्य कपिल उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में सतीश, बलबीर, शिवालिक अवस्थी, श्रीमती सरोज, अनु, मिस दीपिका, दीप शिखा, अनुज, अमरीश व अभिषेक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया व मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधक आदर्श रानी बेदी और विद्यालय प्रधानाचार्य ने आए हुए अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया और विद्यालय के सभी शिक्षकों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### नारा लेखन प्रतियोगिता में अंजली प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रिड़कमार कॉलेज के सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से नारा लेखन प्रतियोगिता तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता में अंजली प्रथम, सोनम द्वितीय तथा अर्चना व सकीना संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सिमरन ने प्रथम, पायल डोगरा ने द्वितीय, जबकि पायल ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक और गैर शिक्षक मौजूद रहे।

तलवाड़ से लंबागांव वाया सुगड़ीबाग मार्ग

### आज से 28 फरवरी तक बंद रहेगी सड़क

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तलवाड़ से लंबागांव वाया सुगड़ीबाग मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के चलते इस सड़क को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग जयसिंहपुर के सहायक अभियंता अंकित समकड़िया ने बताया कि इस मार्ग पर सीमेंट कंक्रीट का कार्य 30 दिसंबर से प्रारंभ होकर 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। निर्माण कार्य को सुचारु एवं बिना बाधा के पूरा करने के लिए इस दौरान सड़क पर वाहनों की आवाजाही रहेगी बंद। सहायक अभियंता ने जनता से अपील की है और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर निर्माण कार्य में सहयोग देने का आह्वान किया।

### नारा लेखन प्रतियोगिता में सौरभ बने विजेता

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम कॉलेज बैजनाथ के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने रचनात्मक, प्रभावशाली एवं सारगर्भित नारों के माध्यम से संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र सौरभ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियल सूद ने द्वितीय, जबकि बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अमृता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी।

### एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हो गया। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान के तहत बालिका छात्रावास के कमरों, परिसर तथा छात्रावास की नालियों की सफाई की। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने लोकगीत एवं हिमाचली नाटी प्रस्तुत की। प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने विद्यार्थियों को जरूरतमंदों की सहायता करने, विनम्र एवं शिष्ट बने रहने, योग्य व्यक्ति को उसका उचित सम्मान व अधिकार देने तथा गलत के विरुद्ध खड़े होने का संदेश दिया। इस मौके पर डॉ. संजय उपस्थित रहे। अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अमन कुमार की ओर से धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

### विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत में प्रधानाचार्य शमशेर भारती की अध्यक्षता में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभिभावकों को द्वितीय सत्र के परीक्षा परिणाम दिखाए गए। शिक्षकों ने प्रत्येक विद्यार्थी के शैक्षणिक प्रदर्शन पर व्यक्तिगत रूप से चर्चा की। शिक्षकों ने बच्चों की प्रगति व सुधार योग्य पहलुओं की जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने शीतकालीन छुट्टियों में पढ़ाई पर ध्यान देने का आग्रह किया। अंत में अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और सहयोग का भरोसा दिलाया।

### एड्स जागरुकता पर फ्लैश मॉब का आयोजन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर कॉलेज के रेड रिबन क्लब के विद्यार्थियों ने शाहपुर बाजार में एचआईवी/एड्स जागरुकता, नशा निवारण और भेदभाव-मुक्त समाज का संदेश देने केलिए प्रभावशाली फ्लैश मॉब प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने नृत्य व संकेतों के माध्यम से एचआईवी के कारणों, सुरक्षित व्यवहार और सहानुभूति का संदेश दिया। कार्यक्रम ने आमजन का ध्यान आकर्षित किया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा दी।

### पेंशनर्स का महंगाई भत्ता हो जारी : कृष्ण

**अनंत ज्ञान, देहरा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत पेंशनर्स फोरम नगरोटा सूरियां इकाई के सचिव एवं जिला कांगड़ा पेंशनर्स के सलाहकार कृष्ण भारद्वाज ने प्रेस बयान में कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकारें कारपोरेट हितों को प्राथमिकता दे रही हैं। उन्होंने बताया कि हजारों नए मीटर आवेदन व खराब मीटर लंबित हैं, जिससे विभाग को नुकसान हो रहा है। कार्यरत मीटर बदलने, ठेकेदारी प्रथा और बिजली मित्र भर्ती का विरोध करते हुए उन्होंने पेंशनरों की लंबित वित्तीय देनदारियां व महंगाई भत्ता तुरंत जारी करने की मांग की।

### सगूर स्कूल के स्टूडेंट्स किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय उच्च विद्यालय सगूर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल मुख्यातिथि रहे। विद्यालय के मुख्याध्यापक मनोज उपाध्याय ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों का मन मोहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विधायक ने विद्यालय के लिए 11 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जन कल्याण संस्था ने गरीब महिला को दी मदद

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जन कल्याण संस्था तलवाड़ की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर विद्या देवी निवासी नागवन आर्थिक सहायता के रूप में दस हजार रुपए दिए गए। गौरतलब है कि विधा देवी के घर कमाने वाला कोई नहीं है और बीमार चली हुई है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर के अतिरिक्त संस्था के अश्वनी कटोच व प्यार चंद आदि सदस्य मौजूद रहे।

### रोजमेरी स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, देहरा।** रोजमेरी पब्लिक स्कूल हरिपुर ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से पालमपुर साइंस सिटी और गोपालपुर चिड़ियाघर का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया। कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साइंस सिटी में बच्चों ने विज्ञान के प्रयोगात्मक मॉडल व प्रदर्शनी देखीं, जबकि गोपालपुर चिड़ियाघर में वन्यजीवों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रधानाचार्य ने इसे ज्ञानवर्धक बताते हुए शिक्षकों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# पंजाबी स्टार नाइट में बब्बू मान का धमाल

## कांगड़ा वैली कार्निवाल 2025 की छठी संध्या: दमदार आवाज से किया युवाओं का मनोरंजन

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** कांगड़ा वैली कार्निवाल 2025 की छठी संध्या के दौरान पंजाबी स्टार नाइट में पंजाबी गायक बब्बू मान के गानों ने खूब धमाल मचाया। बब्बू मान की मौजूदगी से कार्निवाल की छठी संध्या और भी यादगार बनी। बब्बू मान की गायकी का युवाओं में ऐसा क्रेज था कि काफी संख्या में युवा पुलिस ग्राउंड में उन्हें सुनने पहुंचे थे।

बब्बू मान ने भी एक से बढ़कर अपने सुपरहीट गीतों की लड़ियां पिरोते हुए युवाओं सहित उपस्थित दर्शकों का अपनी दमदार आवाज से भरपूर मनोरंजन किया। इसके अतिरिक्त, रोहित वोहरा एवं वर्षा कटोच सहित अन्य कलाकारों ने भी अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्निवाल के दौरान सोमवार को महिला मंडलों की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।



प्रस्तुति देते पंजाबी गायक बब्बू मान।

- **बब्बू मान की गायकी के मुरीद हुए युवा**
- **भारी संख्या में युवा पसंदीदा गायक को सुनने के लिए पहुंचे पुलिस ग्राउंड**
- **रोहित वोहरा, वर्षा कटोच सहित अन्य कलाकारों ने भी बांधा समां**

### रॉयल एफसी चंडीगढ़ ने जीता विंटर कप फुटबाल का खिताब



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा वैली कार्निवाल के तहत जिला प्रशासन की ओर से फुटबाल एसोसिएशन धर्मशाला के सहयोग से 27 से 29 दिसंबर तक आयोजित विंटर कप फुटबाल चैंपियनशिप संपन्न हो गई। डीसी हेमराज बैरवा, अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा विनय कुमार, आईएएस ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रॉयल एफसी चंडीगढ़ ने पालमपुर फुटबाल एसोसिएशन को 3-1 से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को एक लाख व उपविजेता टीम को 75,000 रुपए देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर फुटबाल एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने अतिथियों, जिला प्रशासन, फुटबाल एसोसिएशन के सदस्यों, मैच अधिकारियों, मेडिकल टीम, स्वयंसेवकों, मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## सातवीं सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी गायक धीरज शर्मा रहेंगे विशेष आकर्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा वैली कार्निवाल-2025 के तहत सातवीं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन 30 दिसंबर को सायं 5 बजे से किया जाएगा। यह संध्या युवाओं, सामाजिक चेतना और समकालीन अभिव्यक्ति को समर्पित होगी। इस अवसर पर अर्की के विधायक संजय अवस्थी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस संध्या की विशेष थीम रैप नाइट एवं चिल्ड्रेन ऑफ द स्टेट रखी गई है, जिसके माध्यम से युवाओं की आवाज, सामाजिक सरोकारों, एकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान किया जाएगा। दिन में कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिला सशक्तिकरण, सहभागिता और आत्मनिर्भरता से जुड़े संदेश प्रस्तुतियों के माध्यम से दिए जाएंगे। वहीं, सांस्कृतिक संध्या के दौरान पैराडाक्स और इनसेन कोमिक विशाल शर्मा की प्रस्तुति युवाओं के लिए मुख्य आकर्षण रहेगी। उपायुक्त ने बताया कि वी आर वन तथा धीरज शर्मा द्वारा दी जाने वाली विशेष प्रस्तुतियां सामाजिक एकता, सद्भाव और सकारात्मक सोच का संदेश देंगी। यह सांस्कृतिक संध्या मनोरंजन के साथ-साथ समाज को जागरूक करने का भी सशक्त माध्यम बनेगी।

## बचपन प्ले स्कूल के बच्चों ने पहाड़ी नृत्य से लूटी वाहवाही


बचपन प्ले स्कूल नगरोटा बगवां में वार्षिक उत्सव मनाया गया।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**बचपन** प्ले स्कूल नगरोटा बगवां में वार्षिक उत्सव मनाया गया। इसमें सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा चंडीगढ़ की सदस्य सुमन सेठ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ जोगिंदर सेठ, अनंत राम चौधरी रिटायर्ड प्रिंसिपल, अध्यक्ष रोशन लाल खन्ना, सुमित खन्ना प्रबंधक अधिकारी, सोनिका देवी परमार पूर्व प्रिंसिपल अतिथियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य अनु जग्गी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया व मोमेंट व फ्लावर पॉट देकर उनको सम्मानित किया।

वहीं, बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। एलकेजी के बच्चों का केसरी के लाल तथा यूकेजी के बच्चों का पहाड़ी नृत्य को खूब सराहा गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि सुमन सेठ ने बच्चों को पारितोषिक वितरित किए तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## शिक्षा, अनुशासन व अच्छे संस्कार ही सफलता की असली पहचान: ईशान

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** राइजिंग स्टार इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल डेई पुखर (ढलियारा) में आयोजित एनुअल प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन फंक्शन शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के उत्सव में तब्दील हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ईशान शर्मा रहे। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। प्रधानाचार्य आबिद हुसैन ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि नशा, मोबाइल की लत और अव्यवस्थित दिनचर्या विद्यार्थियों के भविष्य के सबसे बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन का सीमित उपयोग करने, पढ़ाई के लिए नियमित व संतुलित समयसारिणी बनाने तथा स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद और व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाने पर विशेष बल दिया। मुख्य अतिथि ईशान शर्मा ने कहा कि शिक्षा, अनुशासन और अच्छे संस्कार ही सफलता की असली पहचान हैं। उन्होंने बच्चों से लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। समारोह के दौरान विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास दोनों मजबूत हुए। विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथि सहित सभी अभिभावकों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## अवैध कच्ची शराब बरामदगी मामले में दोषी को एक साल की कैद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अवैध कच्ची शराब सहित पकड़े गए मामले में सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शशि कांत की अदालत, जवाली ने दोषी को 1 साल के साधारण कारावास व 15000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को 1 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। 26 मई 2012 को शाम लगभग 5.45 बजे पुलिस चौकी फतेहपुर की पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान गनोड़ गांव की ओर पैदल जाते समय गनोड़ स्थान के समीप पगडंडी रास्ते के पास झाड़ियों के पीछे एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में नजर आया। पुलिस को देखते ही वह व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक कैनी बरामद की गई, जिसमें लगभग 5 लीटर अवैध कच्ची शराब पाई गई। आरोपी की पहचान बंटू, निवासी गांव गनोड़, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा के रूप में हुई। मामले में आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 61-1-14 के तहत थाना जवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद मामले की सुनवाई में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को उक्त सजा सुनाई गई। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त जिला न्यायवादी रवि ने प्रभावी पैरवी की। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ ओर भी मुकदमे दर्ज हैं।



## अटल की सोच ने राजनीति को दी नई दिशा, उनके आदर्श आज भी मार्गदर्शक: परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन शाहपुर स्थित अभिनंदन पैलेस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री विपिन सिंह परमार उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी, जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। परमार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक महान नेता नहीं, बल्कि एक युग और विचारधारा के प्रतीक थे। उनके राष्ट्रप्रेम, दूरदर्शिता व सुशासन की सोच ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। परमार ने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण के माध्यम से भारत को विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। सर्व शिक्षा अभियान, टेलीकॉम क्रांति और उदारीकरण की मजबूत नींव अटल जी की दूरदर्शिता का परिणाम रही।

# बच्चों का कार्यक्रम किसी के भी विस क्षेत्र से बड़ा होता है : जयराम

## दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल सुनहेत के वार्षिक कार्यक्रम में बोले नेता प्रतिपक्ष

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने देहरा स्थित लोअर सुनहेत के दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए राजनीति से ऊपर बच्चों और शिक्षा को बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र चाहे किसी भी विधायक का हो, लेकिन संस्थान और कार्यक्रम बच्चों के होते हैं, इसलिए वहां जाना उनका नैतिक दायित्व है। बच्चों को कार्यकम किसी के भी विधानसभा क्षेत्र से बड़ा होता है। जयराम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों की मंचीय प्रस्तुतियां किसी बड़े शहर के स्कूलों से कम नहीं हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में लगभग 2500 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। हंसी-मजाक के अंदाज में तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने बचपन को याद कर रहे हैं। पूर्व विधायक होशियार सिंह भी अपने बचपन को याद कर रहे हैं, जिनके सिर के ऊपर एक भी बाल नहीं है और इसी क्रम में उन्होंने मशहूर पंक्ति दोहराई, कोई लौटा दे मेरे बचपन के दिन।


जयराम ठाकुर ने दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम में शिरकत की।

वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर टिप्पणी करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि वह भले ही आज सरकार में नहीं हैं, लेकिन सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों से दूरी नहीं बना सकते। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों के मंच पर राजनीति की कोई सीमा नहीं होती। उन्होंने कहा कि आज वह सरकार में नहीं हैं, नेता प्रतिपक्ष हैं, इसलिए कई बार आने में संकोच होता है। पत्रकार उनसे पूछ रहे थे कि वह क्यों जा रहे हैं। इस पर उन्होंने स्पष्ट किया कि विधानसभा क्षेत्र चाहे किसी भी विधायक का हो, लेकिन संस्थान बच्चों का होता है,, इसलिए वह वहां गए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं मेरी बात सुनी जानी होगी, तो लोग उसे कहीं और भी कह सकते हैं।

## परीक्षा पे चर्चा के लिए 11 तक करें ऑनलाइन पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत सरकार की पहल 'परीक्षा पे चर्चा' छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को सीधे संवाद का अवसर प्रदान करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के परीक्षा-संबंधी तनाव को कम करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें सकारात्मक एवं आनंदपूर्ण सीखने के वातावरण की ओर प्रेरित करने का कार्य करता है। यह पहल रटंत शिक्षा से आगे बढ़कर समझ-आधारित और कौशल-आधारित शिक्षा को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 2 दिसंबर 2025 से 11 जनवरी 2026 तक माईजीओवी पोर्टल पर निशुल्क किया जा सकता है। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक भाग ले सकते हैं। कांगड़ा जिले के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य और मुख्याध्यापक अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पंजीकरण के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को प्रेरित करें।

## प्रिंसिपल पदोन्नति आदेशों में हो रही देरी पर शिक्षकों में रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- **टीजीटी कला संघ की मांग अविलंब जारी हो प्रिंसिपल प्रमोशन सूची**
- **कहा- बिना प्रमोशन रिटायर हो रहे कई हेडमास्टर और प्रवक्ता**

**हिमाचल** प्रदेश में प्रिंसिपल पदोन्नति आदेशों में हो रही देरी के कारण शिक्षकों में रोष है। दिसंबर 2025 में सात मुख्याध्यापक सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं, जबकि 31 मार्च 2026 तक कुल 38 मुख्याध्यापक सेवानिवृत्त हो जाएंगे, जिनमें सामान्य वर्ग के 26, अनुसूचित जाति के 9 तथा अनुसूचित जनजाति के 3 अधिकारी शामिल हैं। वरिष्ठता क्रमांक 3520, 3558, 3635, 3891, 3907, 4274 और 4281 वाले सात मुख्याध्यापक 31 दिसंबर, 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं और अब भी पदोन्नति सूची की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

वहीं, 31 मार्च 2026 तक 50 से अधिक प्रवक्ता भी सेवानिवृत्त होने हैं। ऐसे में प्रिंसिपल प्रमोशन लिस्ट अविलंब जारी करने की मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश शिक्षा सचिव और प्रदेश सरकार से की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल,उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि हेडमास्टर और प्रवक्ता पिछले दो वर्षों से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। बिना प्रमोशन रिटायर होने पर इन शिक्षकों को प्रिंसिपल की बजाय मूल पद यानी हेडमास्टर अथवा प्रवक्ता पद की ही पेंशन मिलेगी। अगर एक दिन के लिए भी विभाग इनको प्रिंसिपल बना देता तो इनको पेंशन प्रिंसिपल पोस्ट वाली मिलती।

शिक्षा विभाग ने पहले भी कई बार रिटायर होने जा रहे शिक्षकों को एक या दो दिन पहले प्रमोशन दी है और ऐसा ही इस समय भी आपेक्षित है। पिछले 2 साल से लोक सेवा आयोग ने यह पदोन्नति फाइल लटकाई थी, जिसे राज्य मंत्रिमंडल के फैसले के बाद शिक्षा विभाग ने आगत सप्ताह पूर्ण किया है। लगभग 805 शिक्षक पदोन्नति की आशा कर रहे हैं।

**समारोह** विद्यालय भविष्य की नर्सरियां, शिक्षा के सुदृढ़ीकरण को सरकार प्रतिबद्ध : प्रो. चंद्र

# चलवाड़ा स्कूल के मेधावी किए सम्मानित

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान**


कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने चलवाड़ा स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

**कोटला।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चलवाड़ा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश देते हुए कहा कि लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करने से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर पढ़ाई, खेल और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का भी आह्वान किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि विद्यालय भविष्य की नर्सरियां हैं और शिक्षा के सुदृढ़ीकरण को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन्हीं स्कूलों से डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, राजनेता तथा समाजसेवी निकलते हैं। शिक्षा बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है और सरकारों की यह जिम्मेदारी है कि सभी बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित हो। कृषि मंत्री ने बताया कि चलवाड़ा स्कूल में अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए 2.17 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसके अंतर्गत पांच नए क्लासरूम, एक परीक्षा कक्ष, एक कंप्यूटर कक्ष तथा प्रशासनिक ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चलवाड़ा-जवाली मार्ग का उन्नयन कार्य 5.50 करोड़ रुपए की लागत से प्रगति पर है। विद्यालय में हैंडपंप की मांग पर कृषि मंत्री ने अधिकारियों को पानी की उपलब्धता की जांच करने के निर्देश दिए तथा खेल मैदान निर्माण के लिए एस्टिमेट तैयार करने को कहा। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें प्रोत्साहित करते हुए प्रो. चंद्र कुमार ने अपनी ऐच्छिक निधि से 15 हजार रुपए देने की घोषणा की। इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्या सुषमा देवी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

## नाकामियां छिपाने के लिए शिक्षकों को दोष रही दे रही सरकार : काली दास

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने कैबिनेट मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार के उस बयान का खंडन किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि शिक्षकों की लापरवाही के कारण बंद करना पड़े 450 स्कूल। काली दास ने कहा कि जो स्कूल सरकार द्वारा बंद किए गए हैं वे शिक्षकों की लापरवाही के कारण नहीं, बल्कि सरकार की गलत नीतियों और बिना किसी योजना के बंद किए गए हैं। उन्होंने कहा की स्कूलों में विद्यार्थियों की घट रही संख्या शिक्षकों के कारण नहीं है। सरकार द्वारा स्कूलों में आधारभूत ढांचा उपलब्ध न करवाना, पर्याप्त मात्रा में शिक्षक उपलब्ध न करवाना तथा अन्य स्टाफ की भारती न करने के कारण ही स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हुई है। शिक्षकों से उनके शिक्षण कार्य के अतिरिक्त कई लिपिकीय कार्य, सर्वे, चुनाव का कार्य तथा अन्य कई प्रकार के कार्य लिए जाते हैं। इससे उनका शिक्षण का समय बर्बाद होता है, सरकार को चाहिए कि शिक्षकों को उनके अतिरिक्त कार्य से मुक्त करके केवल शिक्षक का कार्य ही दिया जाए। सरकार का स्कूलों को बंद करने का निर्णय स्पष्ट दर्शाता है कि सरकार शिक्षा का व्यापरीकरण और निजीकरण करना चाहती है, जिससे कि निजी शिक्षण संस्थानों को लाभ हो और गरीबों के बच्चे न चाहते हुए भी महंगी फीस देकर निजी स्कूलों में पढ़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। कई स्कूलों में भवन, सुरक्षा दीवार, खेल के मैदान या बाल वाटिका जैसी सुविधाएं भी अनुपस्थित हैं।

# कृत्रिम बुद्धिमता आधारित टूल्स की मदद से समझ सकते कठिन विषय


एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव विषय पर सूचनात्मक सत्र का आयोजन।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में छात्रों एवं अध्यापकों के लिए शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया में कृत्रिम बुद्धिमता का प्रभाव विषय पर एक विशेष सूचनात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीक के सही उपयोग और भविष्य में शिक्षा के बदलते स्वरूप से अवगत करवाना था।

इस सत्र में बेंगलुरु से आए कृत्रिम बुद्धिमता विशेषज्ञ एवं स्कूल के पूर्व छात्र सात्विक आर्य ने छात्रों को सरल भाषा में समझाया कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमता केवल रोबोट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे सीखने के तरीके को अधिक व्यक्तिगत बना रहा है। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमता आधारित टूल्स की मदद से विद्यार्थी अपनी गति एवं क्षमता के अनुसार कठिन विषयों को आसानी से समझ सकते हैं। सत्र के अंत में छात्रों ने कृत्रिम बुद्धिमता के भविष्य और इससे जुड़ी चुनौतियों पर कई दिलचस्प सवाल पूछे। स्कूल के प्रधानाचार्य समीर अमिताभ ने कहा कि आज के युग में तकनीक से दूर रहना संभव नहीं है तथा स्कूल का प्रयास है कि हमारे छात्र न केवल तकनीक का प्रयोग करें बल्कि इसके पीछे के विज्ञान और नैतिकता को भी समझें। स्कूल के सभी कंप्यूटर अध्यापक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सतीश चुने पंचायतीराज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं ब्लॉक के बीडीसी के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष सतीश ठाकुर को भारतीय जनता पार्टी के पंचायतीराज प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से पार्टी संगठन के साथ-साथ पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े कार्यकर्ताओं में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल है। सतीश ठाकुर को एक अनुभवी, कर्मठ और जमीनी स्तर से जुड़े कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने अपने लंबे राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई है। वह इससे पूर्व भाजपा युवा मोर्चा में अध्यक्ष एवं महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। इन पदों पर रहते हुए उन्होंने पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है।

### कौशल भाजपा जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने बिलासपुर के सहकार बंधु एच बी कौशल को भाजपा के जिला सहकार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पद पर नियुक्त किया है वहीं, घुमारवीं से सुरेश चंदेल को सह संयोजक पद पर नियुक्ति दी गई है। उनकी नियुक्ति से जिला भर में सहकारिता को बल मिलेगा । यह जानकारी देते हुए जिला सहकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने बताया की एच बी कौशल का सहकारी आंदोलन में बहुत योगदान रहा है उन्होंने सहकारिता क्षेत्र में पिछले पांच दशकों से विभिन्न पदों पर रहते हुए बहुत से सराहनी कार्य किए हैं और आंदोलन को आगे बढ़ाया है। कौशल ने अपनी इस नियुक्ति के लिए भाजपा के श्री नयना देवी से विधायक रणधीर शर्मा का भी आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने सहकारिता क्षेत्र के लिए उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है।

### भक्तों के प्रेम के बंधन में स्वयं बंध जाते हैं भगवान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल के अंतर्गत सिद्ध बाबा गोदडीया फेटीधार मंदिर, पनोह में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भक्तिरस की अनुपम धारा प्रवाहित हो रही है। कथा के तीसरे दिवस कथावाचक आचार्य चंदन शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण एवं सजीव वर्णन करते हुए 'माखन चोरी प्रसंग' प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर जयकारों और भजनों की गूंज से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन गया। आचार्य चन्दन शर्मा ने श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं के माध्यम से भक्ति, प्रेम और वात्सल्य भाव का सुंदर चित्रण किया। उन्होंने बताया कि कैसे नन्हे कृष्ण गोकुल में माखन चोरी करते थे और यशोदा मैया उन्हें पकड़ने का प्रयास करती थीं, किंतु अंततः माता का प्रेम ही विजय प्राप्त करता था। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम के बंधन में स्वयं बंध जाते हैं।

### बध्यात में स्कूली बच्चों ने नशे के विरुद्ध निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय बध्यात के बच्चों द्वारा गांव बध्यात के डिहानं और रीढ़ा पलंगरियों में नशा मुक्त समाज के निर्माण के थीम के साथ रैली निकाली। पहली से पांचवीं तक के स्कूली बच्चों ने तख्तियों पर स्लोगन लिख रखे थे, और अपनी अध्यापिकाओं सुषमा देवी और मंजुश्री के साथ नशा मुक्ति के नारे लगाते हुए पालंगरियों के घर-घर जा कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

### राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप 4 से 6 जनवरी तक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पुरुष राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप 4 से 6 जनवरी कांगड़ा के नूरपुर में होगी, जबकि कोचिंग शिविर सोमवार से बिलासपुर में शुरू होगा। यह जानकारी देते हुए जिला बिलासपुर कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव ओपी वसिष्ठ के साथ अध्यक्ष सुनील शर्मा ने बताया कि ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन घुमारवीं में किया गया। कोषाध्यक्ष रविंद्र ठाकुर, सेलेक्टर पंकज शर्मा, प्रदीप शर्मा, राकेश सोनी, सुरेंदर, दलेल ठाकुर, रंजीत, सुभाष, राजीव शर्मा, राजीव शर्मा उपस्थित रहे।

### अल्फा स्कूल बरठीं में सालाना समारोह आज से

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं में विद्यालय का 30वां वार्षिक समारोह 30 व 31 दिसंबर 2025 को मनाया जाएगा। इस वर्ष समारोह की थीम परंपरा रखी गई है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी भारतीय संस्कृति, रीति.रिवाजों एवं पारंपरिक मूल्यों को प्रस्तुत करेंगे। यह वार्षिक समारोह दो दिवसीय होगा। 30 दिसंबर 2025 को कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों-अत्याचार पर जताया रोष

## नव दुर्गा माता मंदिर खरोटा में बजरंग दल ने किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

बांग्लादेश में हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों और अत्याचार के विरोध में नव दुर्गा माता मंदिर खरोटा में बजरंग दल ने बैठक कर विरोध प्रदर्शन किया गया। बैठक में प्रांत मंत्री तुसार डोगरा ने कहा कि हिंदू समाज अब चुप नहीं बैठेगा और हिंदुओं पर हो रहे जुल्म के खिलाफ आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि दूसरे धर्म के लोगों द्वारा आए दिन हिंदुओं की हत्या, धर्मांतरण, लव जिहाद, गोहत्या आदि घटनाओं को अंजाम देकर माहौल को खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि गौ माता की रक्षा और सुरक्षा के लिए बजरंग दल संगठन हर समय तैयार है। उन्होंने कहा कि बजरंग दल के माध्यम से जिला में फोरलेन पर



नव दुर्गा माता मंदिर खरोटा में बजरंग दल की बैठक में शामिल दल के कार्यकर्ता।

सैकड़ों गोवंश को कसाइयों के चुगल से बचाया है। उन्होंने कहा आज संपूर्ण हिंदू समाज को जाति पाति से ऊपर उठकर सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए खड़ा होना पड़ेगा। उन्होंने बताया प्रत्येक मंदिर मे साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ आयोजित किए जाएंगे, जहां पर देवभक्ति से राष्ट्र भक्ति के लिए समाज को जागरूक किया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद के सत्संग विभाग प्रांत संयोजक मंगल ठाकुर ने बताया कि इसके अलावा युवाओं को सशक्त बनाने और प्रशिक्षण केंद्रों के विस्तार पर जोर दिया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर संगठन की ताकत

**हिंदुओं पर हो रहे जुल्म के खिलाफ बजरंग दल उठाता रहेगा आवाज : तुसार डोगरा**

दिखाने और धर्म के प्रति आस्था जगाने सहित संगठन के उद्देश्यों और गतिविधियों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बजरंग दल सेवा सुरक्षा और संस्कार को लेकर चलता है। इसमें युवाओं को जोड़ने और हिंदुत्व के एजेंडे को आगे बढ़ाने पर बल दिया जाता है। इस मौके पर जिला बजरंग दल संयोजक सूर्या चंदेल, सह संयोजक पवन गर्ग, विहिप के विभाग मंत्री कसान विजय शर्मा, विशाल, अभिनव, आशीष, कुलवंत, दिनेश, राकेश, संजू सहित अन्य बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नयना देवी मंदिर के 1800 वर्ष पुराने हवन कुंड का जीर्णोद्धार

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

हिमाचल प्रदेश के विश्वविख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी मंदिर परिसर में स्थित लगभग 1800 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक हवन कुंड का जीर्णोद्धार कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। यह कार्य देश की प्रतिष्ठित संरक्षण संस्था इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज द्वारा पारंपरिक तकनीकों के माध्यम से किया गया। जीर्णोद्धार के दौरान आधुनिक निर्माण सामग्री जैसे सीमेंट और केमिकल का प्रयोग नहीं किया गया। इसके स्थान पर माह की दाल की पीठी, बिल गिरी का चूरा, चूना और मेथी जैसे परंपरागत मिश्रणों का उपयोग किया गया, ताकि प्राचीन धरोहर के मूल स्वरूप से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न हो। मंदिर न्यास की देखरेख में विशेषज्ञ टीमों को बुलाकर इस कार्य को अंजाम दिया गया। मंदिर न्यास के अध्यक्ष एवं एसडीएम धर्मपाल की निगरानी में यह कार्य पूरी तरह पारंपरिक विधि से संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि 100 वर्ष से अधिक पुरानी ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण में उनके मूल स्वरूप को बनाए रखना अनिवार्य होता है, इसी को ध्यान में रखते हुए जीर्णोद्धार बिना कंक्रीट, सीमेंट और केमिकल के किया गया। राजस्थान से आए विशेषज्ञों ने इस प्राचीन हवन कुंड को पुनः उसके मूल रूप में तैयार किया है। जीर्णोद्धार के बाद यह हवन कुंड अब आने वाले लगभग 50 वर्षों तक सुरक्षित रहने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे विधिवत रूप से पुनः आरंभ कर दिया गया है। मंदिर न्यास के अध्यक्ष एसडीएम धर्मपाल ने कहा कि यह हवन कुंड हमारी प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। पारंपरिक तरीके से किए गए इस कार्य से श्रद्धालु अब पुनः यहां हवन-यज्ञ कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण कर सकेंगे।

**राजस्थान के विशेषज्ञों ने हवन कुंड को दिया मूल रूप**

# मानवता की शिक्षा देता है सिख धर्म : सरदार कुलदीप

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी की स्कूल प्रबंधन समिति एवं प्रशासन ने शहीदी सप्ताह के अंत में 29 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह के पूरे परिवार की शहादत की गाथा सुनाते हुए विद्यालय प्रांगण से शहीदी बाग गुरुद्वारा साहिब तक फतेह सिंह मार्च निकाला, जिसमें संपूर्ण विद्यालय के छात्रों सहित लगभग 200 लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्कूल अडॉप्शन समिति के सदस्य सरदार कुलदीप सिंह देओल ने गुरु गोबिंद सिंह के पूरे परिवार की शहादत बारे बताया कि दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह ने देश धर्म की रक्षा करने के लिए अपने साहिबजादों सहित माता गुजरी का बलिदान कर दिया। विश्व के इतिहास में इस प्रकार के बलिदान की गाथा कहीं दूसरी नहीं है। छोटे साहिबजादों से औरंगजेब की क्या दुश्मनी थी कि वजीर खान को निर्देश देकर उन्हें सरहिंद की दीवार में जिंदा चिनवा दिया। सरहिंद के नबाब वजीर खान ने कई लालच देकर साहिबजादों का धर्म परिवर्तन करना चाहा, परंतु साहिबजादे धर्म के सच्चे थे कोई लालच काम नहीं आया। उन्होंने मरना स्वीकार किया पर धर्म परिवर्तन करना नहीं। सिख मानवता का धर्म है। एक ओंकार के अपने सिद्धांत पर चलते हुए पूरी मानवजाति को अपना मानकर सिख धर्म के अनुयायी काम करते आए हैं और इसके लिए खालसा पंथ बना है। प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें एक सांस्कृतिक समृद्ध धरोहर सौंपी है, उसे संभाल कर रखना और उससे प्रेरित होकर काम करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

# दिल्ली फतेह के लिए हिमाचल की टीम रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** 11वीं राष्ट्रीय टोग ईल मू डू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम दिल्ली रवाना हुई। अंतराष्ट्रीय टोग ईल मू डू संघ के तत्त्वावधान से 11वीं राष्ट्रीय टोग ईल मू डू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 29 से 31 दिसंबर 2025 को करनैल सिंह स्टेडियम नई दिल्ली मे आयोजित होने जा रही है। हिमाचल प्रदेश टोग ईल मू डूसघं के अध्यक्ष बृज लाल चैहान ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की 10 सदस्यों की टीम रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हुई। जिसमें टीम कोच अजय कुमार व टीम मैनेजर डिम्पल वशिष्ठ तथा 8 खिलाड़ी जिसमे लड़कों में सब जूनियर मे पराशिव, अभिनकश और सीनियर में अंशुमन और लडकियो मे सब जूनियर परेक्षा, कैडेट मे रागनी देवी, सूर्यांशी जूनियर मे निकिता और सीनियर मे नेहा हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगे। संघ के अध्यक्ष बृज लाल चैहान और चेयरमैन मृदुल शर्मा तथा एसोसिएशन के सदस्यों ने टीम को प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

### कलोल स्कूल में विद्यार्थियों के लिए लाइफ स्किल्स कार्यशाला का आयोजन

# कौशल से सशक्त हो रहा भारत : प्रजापति

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलोल में विद्यार्थियों के लिए आयोजित एक दिवसीय लाइफ स्किल्स कार्यशाला ने यह साबित कर दिया कि भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के लिए भारत का युवा पूरी तरह तैयार किया जा रहा है। कार्यशाला में शिक्षाविद एवं लाइफ स्किल्स एक्सपर्ट सुमन प्रजापति मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि '21वीं सदी में केवल किताबी ज्ञान से ही नहीं, बल्कि निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास, संवाद कौशल, भावनात्मक संतुलन और नेतृत्व गुण से बच्च वैश्विक नागरिक बन रहे हैं। लाइफ स्किल्स ही वह आधार है, जिसके कारण सफल जीवन और सशक्त समाज का निर्माण होता है।' उन्होंने आत्म-प्रबंधन, प्रभावी



संचार, समस्या समाधान, डिजिटल जागरूकता और नैतिक मूल्यों जैसे जीवन कौशलों पर व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

**वैश्विक चुनौतियों के लिए भारत तैयार**

विद्यालय के प्रधानाचार्य देश राज पुंडीर ने कार्यशाला के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा 'हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल परीक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें वैश्विक मंच के लिए तैयार करना है, ताकि बच्चे जीवन की चुनौतियों का सामना बेहतर ढंग से कर पाएं। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणास्रोत साबित हुई, जिससे उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाने का मार्ग दिखाया। उन्होंने सुमन प्रजापति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन बच्चों के भविष्य को नई दिशा देता है तथा भविष्य में भी इस तरह की शैक्षणिक एवं प्रेरक गतिविधियां आयोजित करने की बात कही।

# एसबीआई में पीओ चयनित होने पर यूनिक सम्मानित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिम सर्वोदय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ने अपने प्रतिभाशाली पूर्व छात्र यूनिक भारद्वाज को एक भावपूर्ण समारोह में सम्मानित कर विद्यालय का मान बढ़ाया। भारद्वाज ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की कठिन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रोबेशनरी अधिकारी (पीओ) पद पर चयनित होकर माता-पिता, गुरुओं और अल्मा मैटर का सिर ऊंचा किया। प्रबंध निदेशक नीलम महाजन ने यूनिक की कुशाग्र बुद्धि, अटूट लगन और अनुशासन की खूब प्रशंसा की, जिन्होंने उन्हें यह ऊंचाई हासिल करने में सहारा दिया। प्रधानाचार्य



अपने पूर्व विद्यार्थी यूनिक भारद्वाज को सम्मानित करता हिम सर्वोदय स्कूल का प्रबंधन।

राजेश गर्ग ने गर्व से बताया कि हाल ही में स्कूल की मेधावी छात्रा अंकिता शर्मा ने भी एसबीआई घुमारवीं शाखा में असिस्टेंट मैनेजर बनकर संस्थान का नाम रोशन किया। प्रबंधन, शिक्षक और समस्त स्टाफ ने इन उज्ज्वल सितारों की सफलता पर हर्ष व्यक्त कर बधाई दी, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

# प्रगति सोल्जर ने 400वीं प्रेरक दौड़ पूरी कर रचा इतिहास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नशा-मुक्त, जाति-मुक्त और पर्यावरण-संरक्षित समाज के निर्माण का दृढ़ संकल्प लिए प्रगति सोल्जर बच्चों ने रविवार को अपनी 400वीं दौड़ सफलतापूर्वक पूरी कर एक प्रेरणादायक इतिहास रच दिया। एक देश-एक धर्म के बैनर तले आयोजित इस विशेष दौड़ ने न केवल समाज को जागरूक करने का सशक्त संदेश दिया, बल्कि यह सिद्ध किया कि बदलाव की शुरुआत बालमन के संकल्प से भी हो सकती है। प्रगति समाज सेवा समिति के नेतृत्व में प्रशिक्षित इन बच्चों ने 'नशा-मुक्त समाज हम बनाएंगे', 'जाति-मुक्त समाज हम बनाएंगे', 'पर्यावरण की रक्षा हम करेंगे' और 'सामाजिक समरसता हम स्थापित करेंगे' जैसे प्रभावी नारों के साथ अपनी 400वीं दौड़ पूरी की। यह अभियान समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार के मार्गदर्शन और नेतृत्व में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि सुनील कुमार द्वारा प्रशिक्षित ये बच्चे लंबे समय से समाज को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के साथ-साथ जातिगत भेदभाव समाप्त करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचा रहे हैं। प्रगति समाज सेवा समिति के ये बच्चे प्रतिदिन प्रातः नियमित दौड़ लगाकर एक अनूठे और प्रभावशाली माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दे रहे हैं। उनके सतत प्रयासों से समाज में जागरूकता की लहर तेज़ी से फैल रही है। समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि आज नशे की गिरफ्त में फंसती युवा पीढ़ी को बचाना समाज की सबसे बड़ी चुनौती और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के सामूहिक प्रयास से ही इस समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। बच्चों द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान नशे के खिलाफ एक सकारात्मक और सशक्त आंदोलन बनता जा रहा है, जिससे कई युवा प्रेरित होकर इससे जुड़ रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि जनता का लगातार बढ़ता समर्थन बच्चों के आत्मविश्वास और उत्साह को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। समाज में दिखाई दे रहा सकारात्मक परिवर्तन इन बच्चों की मेहनत, अनुशासन और अटूट संकल्प का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस प्रेरक अभियान में विवेक सिंह, प्रबल सिंह, तुषार, अभिनव, कार्तिक, अंशु, अनिरुद्ध, युवराज, आर्यन, अद्वैत, अनिकेत सहित अनेक प्रशिक्षित बच्चे शामिल हैं, जिन्होंने नशा-मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया है।

### सीएम रिलीफ फंड में अंशदान देगा जिला प्राइवेट स्कूल प्रबंधन संघ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला प्राइवेट स्कूल प्रबंधन संघ बिलासपुर की एक बैठक आर्यन पब्लिक स्कूल बिलासपुर में संघ के अध्यक्ष सुनील ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले के विभिन्न निजी स्कूलों के प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान स्कूल संचालकों को पेश आ रही विभिन्न समस्याओं और शैक्षणिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की जानकारी देते हुए संघ के महासचिव ठाकुरदास ने बताया कि सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राज्य में आपदा राहत के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान देने का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक स्कूल से न्यूनतम एक हजार रुपये की राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य जिलों की तर्ज पर स्कूल बसों के लिए फ्लीट परमिट की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से पुनः आग्रह करने का निर्णय भी लिया गया।

# नव चेतना स्कूल लेहड़ी ब्रेल के होनहार विद्यार्थी सम्मानित

## स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह, हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक के निदेशक डॉ. जगदीश शर्मा रहे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नव चेतना पब्लिक स्कूल लेहड़ी सरेल ने अपना 23 वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर डॉ. जगदीश शर्मा डायरेक्टर हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। समाजसेवी ख्याली राम शर्मा विशेष अतिथि के रूप में शामिल रहे। सर्वप्रथम बच्चों और अभिभावकों ने मुख्यातिथि का जोरदार स्वागत किया और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वागत गान के पश्चात स्कूल की प्रबंधक मोनिका ठाकुर और समस्त स्टाफ ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह टोपी से सम्मानित किया। विशेष अतिथि को भी समृद्धि चिन्ह और वहां पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों को विद्यालय परिवार की तरफ से सम्मानित किया गया। नर्सरी कक्षा के बच्चों ने कविताओं रोली पोली और जुबी जुबी पर बहुत ही जोरदार नृत्य प्रस्तुत किया इसके पश्चात पहली कक्षा के बच्चों ने भूमरो भूमरो गाने पर अपनी प्रस्तुति दी। इसके पश्चात बच्चों ने तारक मेहता के उलटे चश्में पर मनमोहन प्रस्तुत देकर समाज को मिलजुल कर रहने का संदेश भी दिया। इसके बाद बच्चों ने भगवान शिव और पार्वती पर एक माहनमोहक प्रस्तुति दी जिससे वहां पर उपस्थित सारा माहौल भक्ति मय हो गया। दी लड़कियों ने लाडो रानी हमारे लोक नृत्य पर एक बहुत ही मन को प्रसन्नचित करने वाली प्रस्तुति दी। लड़कों ने देशभक्ति पर नाटक और गाने पर बहुत अच्छी प्रस्तुति दी, जिससे वहां का वातावरण देशभक्ति में हो गया। बच्चों ने आज समाज में फैले हुए नशे पर एक नाटक के द्वारा संदेश दिया कि हम कैसे अपने बच्चों को नशे से दूर रख सकते हैं। इसके बाद मुख्य अध्यापिका सुषमा शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और विद्यालय के बच्चों द्वारा अर्जित उपलब्धियां का गुणगान किया इसके पश्चात बच्चों ने पहाड़ी प्रस्तुति दी जिसमें उन्होंने लोक गायिका गमरी के गानों पर मनमोहक नृत्य किया । विशेष अतिथि ख्यालीराम शर्मा ने विद्यालय की भूरि भूरि प्रशंसा की और सभी इलाका वासियों से आग्रह किया कि मिलजुल कर हम सभी लोग इस अपने इलाके की संस्था को आगे ले जाने में मदद करें। अंत में स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

### आदर्श शिक्षा कॉलेज में प्रशिक्षुओं को दी बैंक की योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आदर्श शिक्षा महाविद्यालय में वोकेशनल गाइडेंस एंड करियर काउंसिलिंग सेमिनार आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया व अपने-अपने विभागों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रशिक्षुओं को प्रदान की। इस सेमिनार का शुभारंभ राजेश मेहता जिला रोजगार अधिकारी बिलासपुर के द्वारा की गई। उन्होंने सबसे पहले ललित कुमार (इकोनॉमिक्स स्टैटिसटिक्स एंड प्लानिंग विभाग बिलासपुर) के पद पर कार्यरत हैं, ने अपने विभाग के बारे में पूर्ण जानकारी साझा की, जिसमें प्रशिक्षुओं को काफी प्रेरणा मिली। इसी के साथ अजय कुमार शर्मा ने अपने बैंक व बैंकिंग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बैंक की योजनाओं के बारे में प्रशिक्षुओं को अवगत करवाया। इसी के साथ पंकज चैहान जो गवर्नमेंट आईटीआई बरठीं में ट्रेनर के पद पर कार्यरत हैं, उन्होंने भी अपने विभाग के बारे में जानकारी दी।

# बाड़नू गांव के पुनर्गठन के समर्थन में उतरे गांववासी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गांव बाड़नू को ग्राम पंचायत सुई सुरहाड़ में सम्मिलित करने संबंधी अधिसूचना जारी होने के बाद अब इस निर्णय को स्थानीय लोगों ने व्यापक समर्थन दिया है। पंचायत क्षेत्र के कई पूर्व जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण खुलकर इसके पक्ष में सामने आए हैं परंतु चंद लोगों के विरोध को लेकर गांव बाड़नू के लोगों ने शनिवार को जिलाधीश को एक ज्ञापन सौंपा।

गांव बाड़नू के विवेक कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि बाड़नू को औपचारिक रूप से ग्राम पंचायत सुईसुरहाड़ में पुनर्गठन के समर्थन में सुई सुरहाड़ पंचायत के प्रमुख नेता और समाजसेवी शामिल हुए, जिनमें पूर्व प्रधान सुरेंद्र भारती, अशोक ठाकुर, बीडीसी सदस्य सीता राम, पूर्व बीडीसी अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, पूर्व प्रधान कांता ठाकुर, पूर्व उपप्रधान अमर ठाकुर, धर्म पाल, बाबू राम, हरि सिंह, रूप लाल कौड़ल सहित लगभग 150 परिवार ने सहमति जताई है ओर समर्थन में उतरे है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि गांव पंचायत सुई सुरहाड़ के अधिक निकट है और यहां के लगभग 150 परिवार लंबे समय से भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए इसी पंचायत में शामिल होने के लिए तैयार है। अब अधिसूचना जारी होने से ग्रामीणों को प्रशासनिक कार्यों में बड़ी सुविधा मिलेगी। समर्थन जताने वाले लोगों ने उपायुक्त बिलासपुर से अनुरोध किया है कि सरकार की अधिसूचना को जल्द लागू करते हुए गांव बाड़नू को औपचारिक रूप से ग्राम पंचायत सुईसुरहाड़ में शामिल किया जाए, ताकि लोगों को तत्काल लाभ मिल सके।

**यादें (भाग-2)** इस साल जिले में प्राकृतिक आपदाओं, अप्रिय घटनाओं के साथ विकास को मिला नया आयाम

# 2025 में चुनौतियों, उपलब्धियों और स्मृतियों का साक्षी बना बिलासपुर

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** वर्ष 2025 बिलासपुर के लिए आसान नहीं रहा। यह साल जहां एक ओर बड़ी त्रासदियों, सामाजिक संघर्षों और प्राकृतिक आपदाओं का गवाह बना, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों, सांस्कृतिक गौरव और विकास के प्रयासों ने जिले की पहचान को और मजबूत किया। सबसे पहले मानवीय त्रासदी और प्राकृतिक आपदाओं ने जिले को झकझोर दिया। मानसून के दौरान भारी बारिश और भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई सड़कें बाधित रहीं और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

वर्ष की सबसे दुखद और हृदयविदारक घटना भल्लू पुल क्षेत्र में भूस्खलन के कारण हुआ बस हादसा रहा, जिसमें 16 लोगों की जान चली गई। इस हादसे ने पूरे जिले को शोक में डुबो दिया। प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ द्वारा चलाए गए राहत एवं बचाव कार्यों के बावजूद यह घटना 2025 की सबसे बड़ी त्रासदियों में गिनी गई। इसी क्रम में वर्ष के दौरान सामाजिक असुरक्षा और संघर्ष भी चर्चा में रहे। गोलीकांड और आंदोलनों जैसी घटनाओं ने कानून-व्यवस्था और सामाजिक माहौल को चुनौती दी, लेकिन इन परिस्थितियों में भी प्रशासन और समाज ने संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि के रूप में वर्ष 2025 में बिलासपुर को बड़ी पहचान तब मिली, जब जिले को प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना में शामिल करते हुए देश के चयनित 100 जिलों में स्थान दिया गया। यह उपलब्धि कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समग्र विकास की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी गई और इससे भविष्य के लिए नई संभावनाएं खुलीं। सामाजिक चेतना के क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान ने वर्ष के अंत में व्यापक रूप लिया। एंटी-चिट्टा वॉकथॉन में मुख्यमंत्री सहित बड़ी संख्या में छात्र, युवा और आम नागरिक शामिल हुए। जिला प्रशासन और सामाजिक संगठनों की सक्रियता ने नशे के खिलाफ जनजागरण को एक आंदोलन का रूप दिया, जिसने पूरे प्रदेश में संदेश पहुंचाया।

वर्ष 2025 एक दुखद स्मृति भी छोड़ गया। पूर्व विधायक डॉ. बाबू राम गौतम के स्वर्गवास से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शून्य उत्पन्न हुआ। उनके योगदान को जिले ने श्रद्धा और सम्मान के साथ याद किया। दुःख, संघर्ष और आपदाओं के बीच विकास कार्य भी निरंतर चलते रहे। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन से जुड़े कई प्रोजेक्ट्स पर काम हुआ। गोबिंदसागर झील के आसपास पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने, खेल और युवा कार्यक्रमों के आयोजन तथा प्रशासनिक सुधारों ने जिले को आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

कुल मिलाकर, वर्ष 2025 बिलासपुर के लिए चुनौतियों और संघर्षों से भरा रहा, लेकिन साथ ही यह वर्ष साहस, सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक समृद्धि और विकास की उम्मीदों का प्रतीक भी बना। बिलासपुर ने 2025 में यह साबित किया कि कठिन परिस्थितियां चाहे जितनी भी हों, यह जिला हर चुनौती के बीच आगे बढ़ने की क्षमता रखता है।

### बिलासपुर को इस वर्ष सम्मान और गौरव के क्षण भी मिले

**सम्मान** और गौरव के क्षण भी इस वर्ष बिलासपुर के नाम रहे। साहित्य और भाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हरिमन शर्मा को पद्मश्री सम्मान तथा डी-लिट की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल व्यक्ति विशेष, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बनी और बिलासपुर का नाम राष्ट्रीय फलक पर और ऊंचा हुआ। सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों में भी बिलासपुर ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के राज्य स्तरीय नाट्य उत्सव की मेजबानी ने जिले को रंगमंच के मानचित्र पर विशेष स्थान दिलाया। प्रदेश भर से आए कलाकारों ने सामाजिक सरोकारों और समकालीन विषयों को मंच पर जीवंत किया। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय की राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता ने युवाओं की खेल प्रतिभा को उभारने का काम किया।

पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में जल तरंग उत्सव ने गोबिंदसागर झील क्षेत्र को उत्सवधर्मी माहौल से भर दिया। संगीत, जल क्रीड़ाएं और स्थानीय संस्कृति का संगम इस आयोजन की पहचान बना। वहीं, खेल महाकुंभ ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से उभरती खेल प्रतिभाओं को एक साझा मंच प्रदान कर खेल संस्कृति को नई ऊर्जा दी।

## न्यूज ब्रीफ

### मैहला में जाम से थमी रफ्तार, घंटों फंसे वाहन

अनंत ज्ञान, धरवाला। पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह मैहला के पास भारी जाम लग गया, जिससे दोनों तरफ वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित रही। जाम के कारण वाहन चालकों, राहगीरों और स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मैहला पुल के पास सड़क काफी तंग है व यहां चल रहा निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से हो रहा है, जिसके चलते आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। सुबह के समय यातायात अधिक होने से समस्या व गंभीर हो जाती है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग को मैहला पुल के पास तंग स्थान का शीघ्र चौड़ीकरण करना चाहिए तथा निर्माण कार्य में तेजी लानी चाहिए। इससे न केवल जाम की समस्या से निजात मिलेगी, बल्कि आम जनता, वाहन चालकों और राहगीरों का सफर भी सुगम हो सकेगा।

### भालू के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल

अनंत ज्ञान, भरमौर। भरमौर क्षेत्र की खणी पंचायत के खलैली गांव में दोपहर करीब 1 बजे एक जंगली भालू ने गुड्डी देवी पत्नी करमचंद पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल महिला को मेडिकल कॉलेज चंबा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया। कुछ दिन पहले इसी पंचायत में सत्या देवी पत्नी मेघ राज की भी जंगली भालू के हमले में मौत हो चुकी थी। इससे क्षेत्रवासियों में वन विभाग के प्रति गहरा रोष है। पंचायत प्रधान की अगुवाई में लोगों ने प्रशासन से जंगली भालुओं के हमलों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

### चरस तस्करी, युवती अपहरण का मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, चंबा। सोमवार को जिला पुलिस चम्बा द्वारा विभिन्न थानों में तीन गंभीर अभियोग दर्ज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार सभी मामलों में नियमानुसार जांच प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। डलहौजी थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने 50.02 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विकास पुत्र शक्ति प्रसाद, निवासी गांव व डाकघर पथियार, तहसील नगरोटा बंगवा, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है। वहीं थाना सदर चम्बा में एक युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता भूपेश मरोल निवासी नलहोरा ने आरोप लगाया कि उनके घर पर रह रही एक लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। तीसरा मामला थाना सिहुंता क्षेत्र का है, जहां शिकायतकर्ता सुरेश कुमार निवासी धारना ने आरोप लगाया कि मदन लाल व तीन अन्य व्यक्तियों ने उनका रास्ता रोककर लात-घूसों और बेसबॉल बैट से हमला किया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक चम्बा ने बताया कि सभी मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

### सड़क सुरक्षा, करियर मार्गदर्शन पर दिया जोर

अनंत ज्ञान, सलूणी। राजकीय महाविद्यालय सलूणी में आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन विभिन्न जागरूकता गतिविधियों और प्रेरक व्याख्यानों के साथ संपन्न हुआ। दिन की शुरुआत प्रातःकालीन व्यायाम और नाश्ते के साथ हुई। इसके बाद स्वयंसेवियों ने कॉलेज से देवगाह तक सड़क सुरक्षा और स्वच्छता विषय पर जन-जागरूकता रैली निकाली। रैली के पश्चात मैदान और खोल नाग मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। गोद लिए गए देवगाह गाँव में स्वयंसेवियों ने नशा-निवारण, सड़क सुरक्षा और स्वच्छता पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। शाम में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट केशव राम ने करियर मार्गदर्शन पर व्याख्यान दिया। साथ ही फायर डिपार्टमेंट के पवन राणा ने अग्नि सुरक्षा कार्यशाला आयोजित कर आग से बचाव और प्राथमिक उपायों की जानकारी दी।

### विद्यार्थियों ने किया पीएचसी चनेड़ का भ्रमण

अनंत ज्ञान, चंबा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला साहो के विद्यार्थियों ने ऑन द जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चनेड़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर डॉ. करण हितेशी ने छात्रों को केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, बाह्य रोगी सेवाओं, परिवार कल्याण और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। इसके अलावा आपातकालीन सेवाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। डॉ. हितेशी ने कहा कि इस भ्रमण से विद्यार्थियों का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ा और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रति उनकी जागरूकता विकसित हुई, जिससे उन्हें भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को समझने और सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का अवसर मिला।

### दो दिवसीय सीबीएसई कार्यशाला संपन्न

अनंत ज्ञान, चंबा। डीएवी पब्लिक स्कूल बीएसपीएस में 27 और 28 दिसंबर को दो दिवसीय सीबीएसई क्षमता संवर्धन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का नेतृत्व विद्यालय प्रबंधक अशोक कुमार गुलेरिया और प्रधानाध्यापक नरेश कुमार शर्मा ने किया। कार्यशाला का संचालन सीबीएसई के अनुभवी संसाधक दीपिका भंडारी और गौरव महाजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर 60 से अधिक शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की और अनुभवात्मक अधिगम पर आधारित विभिन्न सत्रों से लाभ उठाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता, नवाचार क्षमता और आधुनिक शिक्षण विधियों को सुदृढ़ करना रहा, ताकि वे विद्यार्थियों को प्रभावी, रोचक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। इस दौरान छात्र-केंद्रित शिक्षण, मूल्यांकन की नवीन तकनीक और कक्षा प्रबंधन पर भी शिक्षकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### जालम बने प्राथमिक शिक्षक संघ के चीफ पैटर्न

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर। चैलचौक में आयोजित प्राथमिक शिक्षकों की आम सभा में शिक्षा खंड चच्योट 2 के जालम सिंह को सर्वसम्मति से प्राथमिक शिक्षक संघ का चीफ पैटर्न चुना गया। सभा की अध्यक्षता प्रधान चेतन सोनी ने की, जबकि सचिव प्रेम सिंह और कोषाध्यक्ष संतराम उपस्थित रहे। कार्यकारिणी में टेजिन नेगी मुख्य सलाहकार, दूनी चंद महालेखाकार, भूपेंद्र पाल उपप्रधान सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। नव नियुक्त चीफ पैटर्न जालम सिंह ने नई कलस्टर प्रणाली का विरोध जताते हुए कहा कि इससे 25-30 वर्षों की सेवा के बाद पदोन्नत मुख्य शिक्षकों और केंद्रीय मुख्य शिक्षकों की शक्तियाँ समाप्त हो गई हैं और प्रधानाचार्य को दे दी गई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से पुरानी कलस्टर प्रणाली बहाल करने की मांग की, ताकि प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुरक्षित रहे और शिक्षक वर्ग का अस्तित्व सुनिश्चित हो।

# नकरोड़-चांजू मार्ग पर लंबे समय से बंद बस सेवा जल्द की जाए बहाल

## चुराह घाटी कल्याण संघ के सदस्यों ने एचआरटीसी को ज्ञापन सौंपकर उठाई मांग

अनंत ज्ञान, चंबा

चुराह घाटी कल्याण संघ, जिला चंबा ने नकरोड़ से चांजू (महाकाली माता मंदिर तक) मार्ग पर लंबे समय से बंद पड़ी सरकारी बस सेवा को पुनः बहाल करने की जोरदार मांग उठाई है। इस संबंध में संघ की ओर से हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) चंबा के क्षेत्रीय प्रबंधक/अड्डा इंचार्ज को औपचारिक ज्ञापन सौंपा गया। संघ के अध्यक्ष वेद व्यास ठाकुर (सेवानिवृत्त आरओ, वन विभाग) ने बताया कि इस मार्ग पर बस सेवा बंद होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



नकरोड़-चांजू मार्ग पर लंबे समय से बंद बस सेवा को फिर से चलाने के लिए ज्ञापन सौंपते हुए।

विशेष रूप से अध्यापक, डॉक्टर, अन्य सरकारी कर्मचारी, विद्यार्थी, मरीज तथा आम जनता प्रभावित हो रही है। बस सेवा के अभाव में लोगों को निजी वाहनों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जो हर किसी के लिए संभव नहीं है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यह बस सेवा पूर्व में नियमित रूप से संचालित होती थी और इससे क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा मिलती थी। चुराह घाटी कल्याण संघ ने जनहित को ध्यान में रखते हुए नकरोड़-चांजू मार्ग पर पूर्व की भांति सरकारी बस सेवा को शीघ्र बहाल करने की मांग की है, ताकि दुर्गम क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

# किडी, ओल्ला और टूटी में बिजली संकट से मिली राहत

अनंत ज्ञान, चंबा



- विधायक नीरज नैय्यर की पहल से नए ट्रांसफॉर्मर की हुई स्थापना
- ग्रामीणों ने जताया आभार बिजली आपूर्ति अब सुचारु और स्थिर

चंबा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम किडी, ओल्ला और टूटी में लंबे समय से बिजली आपूर्ति की समस्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई थी। बार-बार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और कमजोर सप्लाई के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही थी, किसानों के कृषि कार्य प्रभावित हो रहे थे और घरेलू एवं व्यावसायिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा था।

ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए विधायक नीरज नैय्यर ने क्षेत्र के लिए नए विद्युत ट्रांसफॉर्मर की स्वीकृति दिलवाई। नए ट्रांसफॉर्मर के आने के बाद अब इन तीनों गांवों में बिजली आपूर्ति सुचारु, स्थिर और सुरक्षित होने की उम्मीद है। इससे बार-बार बिजली कटने और लो-वोल्टेज की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। तीनों गांवों की ओर से बंटू कुमार ने विधायक नीरज नैय्यर का हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि विधायक सदैव जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए विधायक के सहयोग की आशा जताई।

## डीसी ने किया 'डलहौजी टेल्स' का शुभारंभ पर्यटकों को मिलेगा ऑडियो टूर का लाभ



'डलहौजी टेल्स' नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ करते उपायुक्त चंबा।

अनंत ज्ञान, डलहौजी

'चलो चंबा विंटर फेस्ट 2025' और 'विजन डलहौजी' के तहत पर्यटन नगरी डलहौजी को डिजिटल पहचान देते हुए 'डलहौजी टेल्स' नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल ने किया। इस अभिनव पहल से पर्यटक और स्थानीय लोग क्यूआर कोड स्कैन कर निशुल्क ऑडियो टूर के जरिए डलहौजी के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और छिपे हुए पर्यटन स्थलों की रोचक जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे।

इस परियोजना को नॉट ऑन मैप और बुकमाईएक्सपीरियंस डॉट कॉम द्वारा विकसित किया गया है, जिसे जिला प्रशासन, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग, नगर परिषद डलहौजी और होटल फेडरेशन के सहयोग से तैयार किया गया है। क्यूआर कोड आधारित यह सुविधा किसी भी प्रमुख स्थल पर पर्यटकों को तुरंत जानकारी उपलब्ध कराएगी, जिससे भ्रमण अनुभव सरल और रोचक बन जाएगा।

उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देना आज की आवश्यकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे डलहौजी जैसे ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों को नई पहचान मिलेगी और स्थानीय पर्यटन उद्योग को मजबूती प्राप्त होगी।

## हत्या मामले में दोषी को उम्रकैद व एक लाख रुपए जुर्माना

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला एवं सत्र न्यायालय चंबा ने पत्नी की हत्या के एक गंभीर मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए कड़ा फैसला सुनाया है। माननीय सत्र न्यायाधीश चंबा प्रीति ठाकुर ने 29 दिसंबर 2025 को आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जिला अभियोजन अधिकारी चंबा दिग्विजय सिंह राणा ने बताया कि आरोपी ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी को डंडे से बेरहमी से पिटाई की, जिससे गंभीर चोटें आने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। जांच के दौरान आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 के तहत की गई। मामले की जांच पुलिस थाना टिस्सा द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 20 गवाह पेश किए, जिनके बयानों और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया। राज्य की ओर से मामले की प्रभावी पैरवी जिला चंबा के लोक अभियोजक अनिल शर्मा ने की।

# 45 लाख के विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण

## थुलेल स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विस अध्यक्ष ने की शिरकत

अनंत ज्ञान, चुवाड़ी



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुलेल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति, अध्यापकों तथा स्थानीय लोगों ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया।

समारोह के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने लगभग 45 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किए गए विभिन्न विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 20 लाख रुपए से निर्मित अतिरिक्त विद्यालय भवन, 15 लाख रुपए की डिजिटल लाइब्रेरी तथा 10 लाख रुपए की लागत से किए गए ग्राम पंचायत उन्नयन कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से विद्यालय की शैक्षणिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा और विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिलेगा। कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की तथा उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार के बाद अब सुदृढ़ीकरण की नीति पर कार्य कर रही है, ताकि राजकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रथम चरण में 100 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को सीबीएसई से संबद्ध किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा सके।

विधानसभा अध्यक्ष ने भटियात विधानसभा क्षेत्र के थुलेल में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने की घोषणा करते हुए बताया कि इसके लिए एक करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है तथा भविष्य में लगभग पांच करोड़ रुपए से अधिक की राशि से आधुनिक शैक्षणिक परिसर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने विद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए 35 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। समारोह में विद्यार्थियों ने हिंदी, पंजाबी तथा हिमाचली लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।

- कहा- राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल को एक करोड़ का बजट स्वीकृत

# लंबित व गैर-प्राथमिक परियोजनाएं वन पोर्टल से हटाएं

## उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में एफसीए मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित



एफसीए मामलों से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त मुकेश रेपसवाल व साथ में हैं अन्य।

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला मुख्यालय चंबा में एफसीए मामलों के संबंध एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की। बैठक में एफसीए से संबंधित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा हुई।

उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वन मंजूरी से जुड़ी लंबित और गैर-प्राथमिकता वाली परियोजनाओं को पोर्टल से हटाया जाए और पांगी क्षेत्र के मामलों को आरसी पांगी को हस्तांतरित किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में वन विभाग के समन्वय से लंबित परियोजनाओं को शीघ्र अमलीजामा पहनाने पर ध्यान दिया जाए। बैठक में उपायुक्त ने वन मंडलाधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे नियमित अंतराल पर संबंधित विभागों के साथ बैठकें आयोजित करें, ताकि विकास कार्यों में देरी न हो।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग आनलाइन जवाब देते समय वनमण्डल अधिकारियों से संवाद अवश्य करें। बैठक में बडोला से लांघा संपर्क सड़क, मोटरेबल सड़क गोवाड़ी से सिंड, काहरी से रखेड और डडरियारा से चक्की संपर्क सड़क को स्टेज-1 की स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि ढकियारा से भरानी संपर्क सड़क और चिरचिंड-हेप पावर प्रोजेक्ट को स्टेज-2 की मंजूरी प्राप्त हो चुकी है। बैठक में वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और शहरी विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद्यान्न की गुणवत्ता व आपूर्ति समय पर की जाए सुनिश्चित: डीसी

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला मुख्यालय चंबा में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में सार्वजनिक वितरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में माह जनवरी से नवंबर 2025 तक योजनावार वितरण, निरीक्षण और खाद्यान्न की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नमूने एकत्र करने, एलपीजी वितरण, पोस मशीन उपयोग, ई-केवाईसी और नई उचित मूल्य की दुकानों के संचालन पर विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिले के सभी क्षेत्रों में राशन की समय पर आपूर्ति और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, साथ ही राशन कार्ड धारकों का सत्यापन भी किया जाए। बैठक में जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति करण ठाकुर ने बताया कि जिले में कुल 1,37,069 राशन कार्ड धारक हैं और 5,38,457 आबादी को लाभ दिया जा रहा है। इस अवधि में कुल 20,46,515 क्विंटल खाद्यान्न बेचे गए, 1594 दुकानों का निरीक्षण किया गया और 103 अनियमितताओं में 26 चेतावनी जारी की गई।

# छतरी ब्लॉक में कशमल पौधों को उखाड़ने से पर्यावरण पर खतरा

अनंत ज्ञान, चंबा



- चुराह घाटी कल्याण संघ ने वन विभाग से की सख्त कार्रवाई की मांग

छतरी ब्लॉक (मसरूड रेंज) के अंतर्गत वन क्षेत्रों में कशमल पौधों को अवैध रूप से झुंडों में उखाड़े जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इसको लेकर चुराह घाटी कल्याण संघ ने वन मण्डल अधिकारी, वन मण्डल चंबा को औपचारिक शिकायत पत्र भेजकर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है।

संघ के अध्यक्ष वेद व्यास ठाकुर ने बताया कि हाल ही में आयोजित संघ की बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया, जिसमें सामने आया कि वन क्षेत्रों में कशमल पौधों की अंधाधुंध व अवैध खुदाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कशमल पौधा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। इससे मिट्टी का अपरदन रुकता है, वन भूमि की स्थिरता बनी रहती है और जैव विविधता का संरक्षण होता है। ऐसे में इसका अवैध उखाड़ पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है।

संघ ने आरोप लगाया कि वन विभाग द्वारा निजी भूमि से भी केवल 40 प्रतिशत तक सीमित उखाड़ की अनुमति दिए जाने के स्पष्ट आदेश हैं, लेकिन इन आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में यह एक बड़ी पर्यावरणीय और सामाजिक समस्या का रूप ले सकता है। चुराह घाटी कल्याण संघ ने वन विभाग से मांग की है कि अधीनस्थ कर्मचारियों को कड़े निर्देश जारी किए जाएं, नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और विभागीय आदेशों का सख्ती से पालन करवाया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संघ उच्च अधिकारियों और संबंधित संस्थाओं का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होगा।

संघ ने वन विभाग से इस गंभीर मामले में त्वरित और सकारात्मक कदम उठाने की अपील की है।

## आईएचआईपी एवं आईडीएसपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# रोग निगरानी व रिपोर्टिंग की प्रभावी प्रणाली पर जोर



स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

अनंत ज्ञान, चंबा

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा द्वारा 29 दिसंबर 2025 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफार्म (आईएचआईपी) और एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रतिभागियों को आईएचआईपी एवं आईडीएसपी की जानकारी दी और बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर संक्रामक और असंक्रामक रोगों की निगरानी करना, फैलाव रोकना और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करना है। उन्होंने रोगों से संबंधित रिपोर्टों को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने की प्रक्रिया और महत्व को समझाया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से रिपोर्ट आईएचआईपी-आईडीएसपी पोर्टल पर दर्ज की जाए और जिला मुख्यालय को समय पर भेजी जाए। इस प्रकार जिला और राज्य स्तर पर किसी भी बीमारी की स्थिति पर त्वरित नजर रखी जा सके। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोहेल भी उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक गतिविधियों ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और शोध अभिरुचि को दिया बढ़ावा

अनंत ज्ञान, चंबा। राजकीय महाविद्यालय चंबा के प्राणी विज्ञान विभाग (जूलॉजी) द्वारा आयोजित संगोष्ठी, सेमिनार एवं असाइनमेंट प्रस्तुतियों का सफल आयोजन हुआ। बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्राणी विज्ञान से संबंधित विषयों पर पीपीटी और पोस्टर प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सराहा।

सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों में विषयगत समझ को गहराई देना, शोध अभिरुचि को प्रोत्साहित करना और मंच पर आत्मविश्वास के साथ विचार प्रस्तुत करने की क्षमता का विकास करना था। विद्यार्थियों ने मानव-वन्य प्राणी संघर्ष, हिमाचल प्रदेश के पक्षी और स्तनपायी, आनुवंशिकी, डार्विनिज्म, आधुनिक गर्भनिरोधक तरीके, कैंसर, फोसिल आदि विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

प्राणी विज्ञान विभाग के अध्यापकों ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए उनकी प्रस्तुति कौशल, विषय-वस्तु की स्पष्टता और नवीन दृष्टिकोण की प्रशंसा की। संगोष्ठी का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ और विद्यार्थियों ने इसे अपने शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर डॉ. मनेश वर्मा, डॉ. सुनील शर्मा, प्रो. सचिन भारद्वाज, प्रो. सचिन ठाकुर और विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कबड्डी में समोट टीम ने बीटी स्टनर को 40-36 से दी मात

अनंत ज्ञान, भटियात

- भटियात में 'मेरा युवा भारत' 2 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

भटियात के विकास खंड टुंडी में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित 2 दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 'मेरा युवा भारत' का सोमवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में पूर्व विधायक विक्रम जरयाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्हें 'मेरा युवा भारत' के राष्ट्रीय स्वयंसेवी मनीष ठाकुर ने स्मृति चिन्ह, बैच और टोपी भेंट कर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में वॉलीबाल, कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, 800 मीटर दौड़ जैसी खेलों का आयोजन किया गया। अंतिम दिन कबड्डी और वॉलीबाल के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। पुरुष वर्ग की कबड्डी में समोट टीम ने बीटी स्टनर को 40-36 के रोमांचक स्कोर से हराया। वहीं वॉलीबाल के फाइनल में चुवाड़ी की टीम ने कामला को 2-1 सेट से पराजित किया। 800 मीटर दौड़ में प्रिंस प्रथम, राहुल द्वितीय और नमन तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद में केशव प्रथम, हन्नी द्वितीय और मोहित तृतीय स्थान पर रहे, जबकि लंबी कूद में अभिनव, गौरव और पंकज क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए।

समापन समारोह में मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। मनीष ठाकुर ने युवाओं से अपील की कि वे खेलों को अपनाकर नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि खतरनाक नशीले पदार्थ जैसे चिट्टा शरीर और मस्तिष्क को तेजी से नुकसान पहुँचाते हैं और इसके सेवन से सारी स्वास्थ्य समस्याएं या ओवरडोज के कारण जीवन संकट में पड़ सकता है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि मेहनत, लगन और खेलों की भावना से देश का नाम रोशन करें और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित रहें।

## नादौन में कल से शुरू होंगे अखंड पाठ

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा दसवीं पातशाही में 2 जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके पहले, 31 दिसंबर से अखंड पाठ का शुभारंभ किया जाएगा, जो 2 जनवरी को भोग के साथ सम्पन्न होगा। इस अवसर पर गुरुद्वारा में विशेष भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी सिमरजीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान लंगर भी अटूट चलेगा, जिसमें श्रद्धालु भोजन ग्रहण कर सकेंगे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक उत्सव में भाग लेकर गुरु गोबिंद सिंह के प्रति श्रद्धा और आस्था व्यक्त करें। यह आयोजन समुदाय में धार्मिक सौहार्द और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देगा।


अनंत Classifieds

NAME CHANGE

I, SUMIT KUMAR THAPA aged 42 years Son of Shri KRISHNA BAHADUR THAPA Village TARKHAMBA PO BAKLOH, Tehsil BHATTIYAT Sub Tehsil Kakira Distt Chamba HP solemnly declare that my correct name is SUMIT KUMAR THAPA S/O SH KRISHNA BAHADUR THAPA But in my PAN CARD bearing no AEPPT2529A, my name has erroneously been entered as SUMIT THAPA S/O SH KISHAN BAHADUR THAPA which is absolutely incorrect and this is required to be amended and entered properly as SUMIT KUMAR THAPA S/O SH KRISHNA BAHADUR THAPA instead of SUMIT THAPA S/O SH KISHAN BAHADUR THAPA. All concerned please be noted

रामायण समस्त मनुष्य जाति को अनिर्वचनीय सुख और शांति पहुंचाने का साधन है।

– मदनमोहन मालवीय

## संपादकीय

# पर्यटकों की आई बहार

हर साल की तरह इस साल भी हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। खासकर शिमला, कुफरी, मनाली, धर्मशाला, मैक्लोडगंज, डलहौजी, चायल और कसौली जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में सैलानियों का जमावड़ा लगा हुआ है। न केवल पहाड़ी पर्यटन स्थलों में, बल्कि हिमाचल के प्रमुख देवी मंदिरों-चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, नयनादेवी, बज्रेश्वरी और चामुंडा में भी भक्तों और पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। यूं तो पूरा साल हिमाचल पर्यटकों से गुलजार रहता है, लेकिन नववर्ष के समय यहां की रौनक और भी बढ़ जाती है। लोग नए साल की शुरुआत में खुशियों, आशीर्वाद और उत्सव का अनुभव लेने के लिए खासतौर पर हिमाचल आते हैं।

हिमाचल की खूबसूरत प्राकृतिक वादियां, हरियाली, ठंडी हवा और मनोरम दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके अलावा, हिमाचल का शांत वातावरण और सुरक्षित परिवेश भी सैलानियों के लिए बड़ी वजह है कि वे यहां आराम और विश्राम का अनुभव करें। हिमाचल की मेहमाननवाजी और स्थानीय संस्कृति भी पर्यटकों को बार-बार यहां आने के लिए प्रेरित करती है। यही कारण है कि यह पीक पर्यटन सीजन कहलाता है। इस दौरान राज्य में करोड़ों रुपए का कारोबार होता है और राज्य सरकार को भी अच्छी खासी आमदनी होती है।

वर्तमान प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पर्यटन को विशेष प्राथमिकता दी है, क्योंकि पर्यटन हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अगर इसे सही दिशा में विकसित किया जाए तो यह राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में बड़ी भूमिका निभा सकता है। इसके लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है, ताकि पर्यटक ज्यादा दिनों तक यहां ठहरें। सरकार इस दिशा में प्रयास कर रही है, लेकिन पर्यटकों को और आकर्षित करने के लिए योजनाओं को व्यापक स्तर पर सोचना और क्रियान्वित करना आवश्यक है।

इस समय हिमाचल में लाखों सैलानी पहले ही पहुंच चुके हैं और यह सिलसिला अभी भी जारी है। इतनी बड़ी संख्या में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, विशेषकर पुलिस और खुफिया एजेंसियों के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य है। हालांकि, हिमाचल शांतिप्रिय प्रदेश है और यहां अपराध दर बहुत कम है, फिर भी वर्तमान में बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। सरकार ने पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा है। उन्होंने विशेष सुरक्षा बल, पथ निरीक्षण और आपातकालीन सेवाओं का इंतजाम किया है, ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत मदद मिल सके।

पर्यटकों को भी चाहिए कि वे यहां शांति बनाए रखें, किसी प्रकार की हुल्लड़बाजी या अनुचित व्यवहार से बचें। नए साल के जश्न का आनंद उत्सव के रूप में लें, लेकिन यह ध्यान रखें कि हिमाचल की संस्कृति, परंपरा और पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे। पर्वतीय क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की लापरवाही से प्राकृतिक सौंदर्य और स्थायित्व प्रभावित हो सकता है। इसीलिए पर्यटकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है।

हिमाचल में यह समय सभी के लिए आनंद, उत्साह और समृद्धि का प्रतीक है। पर्यटक और स्थानीय लोग दोनों ही इस अवसर को प्रेम और उत्साह से मनाते हैं। राज्य के लिए यह न केवल आर्थिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्वतीय पर्यटन स्थलों में आर्थिक गतिविधियों से स्थानीय लोगों को रोजगार और आय भी प्राप्त होती है। होटल, ढाबे, परिवहन, स्थानीय शिल्प और अन्य सेवाओं से लाखों लोग सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होते हैं।

साथ ही यह याद रखना जरूरी है कि हिमाचल का प्राकृतिक सौंदर्य ही इसकी सबसे बड़ी संपत्ति है। पर्यटकों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कचरा नहीं फैलाना चाहिए, पर्यावरण को सुरक्षित रखना चाहिए और स्थानीय जीवन शैली और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। सरकार इस दिशा में पर्यावरणीय शिक्षा और जन जागरूकता कार्यक्रम चला रही है, लेकिन इसका प्रभाव तभी टिकाऊ होगा जब सैलानी और स्थानीय लोग भी सहयोग करें। हिमाचल प्रदेश हर साल अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण, सुरक्षित परिवेश और अतिथि सत्कार के माध्यम से पर्यटकों का स्वागत करता है और इस साल भी उनका स्वागत है। ■

## अनंत ज्ञान — आज की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध राजनीतिक विश्लेषक

वेद प्रताप वैदिक का जन्म 30 दिसंबर, 1944, इंदौर, मध्य प्रदेश में हुआ। वे भारत के प्रसिद्ध राजनीतिक विश्लेषक, वरिष्ठ पत्रकार और हिंदी प्रेमी थे। हिंदी को भारत और विश्व मंच पर प्रतिष्ठित करने के लिए उन्होंने जीवनभर सार्थक प्रयास किए। भाषा के प्रश्न पर वे स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया की परंपरा के प्रमुख संवाहक माने जाते हैं। वेद प्रताप वैदिक का जन्म ब्रिटिशकालीन भारत में इंदौर में हुआ। विद्यार्थी जीवन में वे सदैव प्रथम श्रेणी के छात्र रहे। दर्शन और राजनीति शास्त्र उनके मुख्य विषय थे। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से पीएचडी की और चार वर्ष तक दिल्ली में राजनीति शास्त्र का अध्यापन भी किया। अफगानिस्तान संबंधी शोध के दौरान उन्हें कोलंबिया विश्वविद्यालय (न्यूयॉर्क), प्राच्य विद्या संस्थान (लंदन), विज्ञान अकादमी (मास्को) और काबुल विश्वविद्यालय में अध्ययन का अवसर मिला। अंतरराष्ट्रीय राजनीति के विशेषज्ञ के रूप में डॉ. वैदिक का महत्वपूर्ण स्थान रहा। उन्होंने लगभग पचास देशों की यात्रा की और रूसी, फारसी, अंग्रेजी, संस्कृत तथा हिंदी सहित अनेक भारतीय भाषाओं पर अधिकार प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में वे अखिल भारतीय स्तर पर कई बार सम्मानित हुए और अपने मौलिक चिंतन व प्रभावशाली वक्तृत्व के लिए प्रसिद्ध रहे।



वेद प्रताप वैदिक
जन्म : 30 दिसंबर,1944
मृत्यु : 14 मार्च, 2023

पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने हिंदी समाचार एजेंसी 'भाषा' के संस्थापक संपादक के रूप में एक दशक तक प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया में कार्य किया। इसके पूर्व वे नवभारत टाइम्स के संपादक भी रहे, जो उस समय सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिंदी समाचार पत्र था। वे भारतीय भाषा सम्मेलन के अध्यक्ष तथा 'नेटजाल डॉट कॉम' के संपादकीय निदेशक रहे।

डॉ. वैदिक की प्रमुख पुस्तकों में अफगानिस्तान में सोवियत-अमरीकी प्रतिस्पर्धा, अफगानिस्तान : कल, आज और कल, अंग्रेज़ी हटाओ : क्यों और कैसे ?, वर्तमान भारत और महाशक्ति भारत शामिल हैं। हिंदी सेवा और पत्रकारिता के लिए उन्हें अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक का 14 मार्च, 2023 को नई दिल्ली में 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ■



कविता

### नया साल दे रहा है दस्तक

डॉ. कौमार्या मनोज

कर हिसाब क्या पाया तुमने, जा रहा यह वर्ष है।
पुन: बना लो नई योजना, आ रहा नव वर्ष है।।
क्या खोया क्या पाया तुमने, बीत रहे इस साल में।
अब क्या सोचा है क्या करना, आने वाले साल में।।
बहुत बनाए रिश्ते तुमने, कैसे उन्हें संभालोगे।
जो रूठ गए हो साथ चलने में, कैसे उन्हें मनाओगे।।
बहुत बनाए रिश्ते तुमने, थोड़ा उसे निभाना सीखो।
जो छूट रहे हैं रिश्ते तेरे, उनको तो अपनाना सीखो।।
बीत गई जो बात गई अब, तुमको काहे को रोना है।
नया साल दे रहा है दस्तक, तैयार तुम्हें अब होना है।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सएेप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# चिट्टा : सामाजिक विघटन, प्रशासनिक संघर्ष और सामूहिक उत्तरदायित्व



हितेंद्र शर्मा
लेखक एवं साहित्यकार, कुमारसैन, शिमला (हि.प्र.)
मो. 70182 62027

हिमाचल प्रदेश की देवभूमि के रूप में पहचान केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रही है बल्कि यह उस सामाजिक संतुलन, सांस्कृतिक मर्यादा और सामूहिक चेतना का प्रतीक रही है, जिसने इस पर्वतीय समाज को लंबे समय तक बाहरी विकृतियों से सुरक्षित रखा।

यहां परिवार, समुदाय और परंपरा के बीच एक मौन सामाजिक अनुशासन था, जो व्यक्ति को उत्तरदायित्व और संयम का बोध कराता था, किंतु बीते कुछ वर्षों में यह संतुलन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। चिट्टा और अन्य सिंथेटिक नशीले पदार्थों का बढ़ता प्रसार अब केवल स्वास्थ्य या अपराध की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक विघटन का गहरा संकेत बन चुका है।

नशे की समस्या को प्राय: गिरफ्तारी, बरामदगी और आंकड़ों के माध्यम से समझने का प्रयास किया जाता है, किंतु हिमाचल के संदर्भ में यह दृष्टि अपर्याप्त है। यहां नशा केवल व्यक्ति को नहीं तोड़ता, बल्कि पूरे परिवार और समुदाय को प्रभावित करता है। जब किसी घर का युवा नशे की गिरफ्त में आता है, तो उसके साथ माता-पिता की अपेक्षाएं, परिवार की आर्थिक स्थिरता और सामाजिक भरोसा भी दरकने लगता है। यह एक ऐसा मूक संकट है, जो बिना शोर किए समाज को कमजोर करता जाता है। चिट्टे की समस्या हिमाचल में अचानक उत्पन्न नहीं हुई। प्रारंभिक दौर में इसे सीमित क्षेत्रों या अपवादों के रूप में देखा गया। परंपरागत नशों को ही समस्या मानकर बदलते समय की चेतावनियों को अनदेखा किया गया।

इसी बीच सिंथेटिक ड्रग्स ने तेजी से अपनी जगह बनाई। आसान उपलब्धता, त्वरित असर और अत्यधिक मुनाफे ने इसे संगठित अपराध के लिए आकर्षक बना दिया। समाज और व्यवस्था दोनों ही इस परिवर्तन को समय रहते पहचानने में विफल रहे।

समय के साथ यह समस्या कस्बों, शहरी क्षेत्रों और शैक्षणिक संस्थानों तक फैलती गई। बेरोजगारी, तीव्र प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाओं का दबाव और उपभोक्तावादी संस्कृति ने युवाओं के भीतर एक खालीपन पैदा किया। डिजिटल माध्यमों और सोशल मीडिया ने दिखावटी जीवनशैली और त्वरित सुख के भ्रम को और मजबूत किया। परिणामस्वरूप नशा एक आसान पलायन-मार्ग बनकर उभरा। चिट्टे का प्रभाव केवल उपभोक्ता तक सीमित नहीं रहता। पूरा परिवार इसकी चपेट में आ जाता है। माता-पिता का संघर्ष प्राय: मौन होता है, क्योंकि



सामाजिक कलंक और बदनामी का भय उन्हें बोलने से रोकता है। आर्थिक रूप से सक्षम परिवार भी इस संकट के सामने असहाय हो जाते हैं, जबकि सीमित संसाधनों वाले परिवारों के लिए यह त्रासदी और अधिक भयावह हो जाती है। महिलाओं की भूमिका इस संघर्ष में विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिनकी पीड़ा अक्सर नीतिगत विमर्श और आंकड़ों में अदृश्य रह जाती है।

ग्रामीण समाज, जिसे कभी सामूहिक निगरानी और पारस्परिक सहयोग का उदाहरण माना जाता था, आज इस समस्या के सामने असमंजस में दिखाई देता है। लोग जानते हैं कि चिट्टे का नशा फैल रहा है और अवैध नेटवर्क सक्रिय हैं, फिर भी बोलने से डरते हैं। यही चुप्पी नशे के नेटवर्क को ताकत देती है और समस्या को जड़ जमा लेने का अवसर देती है।


इस परिदृश्य में पुलिस और प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। बीते वर्षों में संगठित गिरोहों पर कार्रवाई, अंतरराज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश और सतत निगरानी जैसे कई ठोस कदम उठाए गए हैं। अनेक अधिकारी व्यक्तिगत जोखिम उठाकर इस लड़ाई में जुटे हैं, किंतु यह संघर्ष आसान नहीं है। ईमानदार प्रयासों को अपराधियों के साथ-साथ व्यवस्था की जड़ता, राजनीतिक असहजता और नकारात्मक नैरेटिव जैसी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है। यह आवश्यक है कि प्रशासनिक कार्रवाई को केवल संदेह या सनसनी की दृष्टि से न देखा जाए। कानून का भय, निरंतरता और सामाजिक विश्वास-इन तीनों के संतुलन के बिना नशे के विरुद्ध कोई भी अभियान दीर्घकालिक रूप से सफल नहीं हो सकता। सरकार की भूमिका यहां निर्णायक है। नीति निर्माण, संसाधनों का आवंटन और विभागीय समन्वय उसकी जिम्मेदारी है। पुनर्वास केंद्र, जागरूकता कार्यक्रम और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े प्रयास आवश्यक हैं, लेकिन केवल योजनाओं और घोषणाओं से समस्या का समाधान संभव नहीं। नीति और जमीनी हकीकत के बीच संवाद का अभाव प्रयासों को कमजोर कर देता है।

नशे को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानना अधूरा दृष्टिकोण है। यह एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संकट है। शिक्षा प्रणाली में जीवन कौशल, भावनात्मक साक्षरता और मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद को प्राथमिकता देना दीर्घकालिक समाधान की बुनियाद बन सकता है। जब युवा अपने भविष्य को लेकर आश्वस्त होता है, तो नशे का आकर्षण स्वत: कम होता है।

चिट्टे का बदलता सामाजिक भूगोल इस संकट को और गंभीर बनाता है। यह अब शहरी या सीमावर्ती क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहा। दूरस्थ पंचायतें और पहाड़ी गांव भी इसकी चपेट में हैं। कई स्थानों पर हिमाचल उपभोक्ता के साथ-साथ ट्रांजिट क्षेत्र के रूप में भी उभरा है, जो अंतरराज्यीय समन्वय और मजबूत खुफिया तंत्र की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल के प्राणिजात (फ्लोरा एंड फौना) की निरंतर सुरक्षा अनिवार्य



सुनील ठाकुर
डिप्टी रेंजर (वन विभाग), लोअर चंबा रेंज, जिला चंबा, (हि.प्र.)

धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, प्राकृतिक व किसी भी रूप से किसी भी जानवर और वनस्पति को नष्ट करना वर्जित है। वन, पेड़-पौधों, जड़ी-बूटियों, सभी छोटे-बड़े जंगली जानवरों के सरकारी सेवक और संरक्षक होने के नाते हम तो इस विषय से विशेष परिचित हैं ही।

साथ ही हम वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी समस्त जनता से अक्सर अनुरोध करते रहते हैं कि कृपया हमारे कार्यों और सेवा में हमें निरंतर सहयोग देते रहें, ताकि संपूर्ण वन-सुरक्षा के शुभ और अनिवार्य कार्य को और भी ज्यादा सहज, सरल, सक्षम और प्रभावी बनाया जाए। विशेषकर वन और हिमाचल प्रदेश तो एक-दूसरे के पर्याय ही हैं, इसलिए हिमाचल प्रदेश के जल, जंगल, जमीन की निरंतर सुरक्षा और संरक्षण बहुत ही आवश्यक हो जाती है। हिमाचल प्रदेश के संपूर्ण प्राणिजात ( फ्लोरा एंड फौना ) का पूर्ण संरक्षण और संवर्धन निश्चित रूप से अनिवार्य है। हम वन विभाग के लोगों की तो लगभग 24 घंटे तथा 12 महीने ड्यूटी रहती है।

केवल वनों के भीतर ही नहीं, बल्कि मनुष्य की बस्ती में आए और पाए जाने वाले जंगली जानवरों की रक्षा-सुरक्षा करना भी हम अपना विशेष कर्तव्य समझते हैं। वैसे, केवल फर्ज की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि उनके प्रति प्रेमवश भी जंगली जानवरों की हिफाजत हम करना चाहते हैं। इसी विषय और संदर्भ में इस लेख के लेखक ( जो कि वर्तमान समय में जिला चंबा में वन विभाग में डिप्टी रेंजर /इंचार्ज रेंजर, लोअर चंबा रेंज हैं ) को वन्य और अन्य कई प्राणियों की रक्षा-सुरक्षा और विशिष्ट सेवा के बहुत सारे शुभ अवसर उपलब्ध हुए हैं। विशेषकर लोगों के घरों में पाए जाने वाले सामान्य और बहुत जहरीले, भयंकर सांप भी हमने निकालकर जंगलों में पहुंचाकर वहां पूर्ण




सुरक्षित रूप से छोड़ दिए हैं। हम हमेशा ही सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि किसी भी प्रकार का कोई जंगली या अन्य जानवर अगर मकान में या आसपास दिखाई पड़े तो उसको किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचाने की चेष्टा नहीं करें। सिर्फ वन विभाग को सूचित करें, तो उन सांप या अन्य जानवर को सुरक्षित वहां से हटा दिया जाएगा। विशेषकर चंबा में तो पिछले एक दशक के समय से हम ये जानवरों का रेस्क्यू निरंतर ही कर रहे हैं। अब तक सैकड़ों प्राणियों को इंसानी बस्ती से निकालकर पूर्ण सुरक्षा सहित जंगलों में छोड़ा जा चुका है। खुशी यह है कि इन बेहिसाब अतिरिक्त गतिविधियों के लिए वन विभाग के हमारे वरिष्ठ और बड़े अधिकारियों तथा हिमाचल प्रदेश सरकार व संबंधित मंत्रियों के सहयोग, समर्थन, मार्गदर्शन और आशीर्वाद भी निरंतर ही प्राप्त होते रहे हैं। कई बार विशेष रूप से सम्मानित भी किया जा चुका है। परिस्थितिकीय संतुलन (इकोलॉजिकल बैलेंस) भी अनिवार्य है ही। जिस प्रकार से हमारे सारे वातावरण में प्रत्येक पेड़-पौधे, जड़ी-बूटी का होना प्राकृतिक रूप से अनिवार्य है, उसी प्रकार छोटे से छोटे और बड़े से बड़े जंगली जानवरों की उपस्थिति भी बहुत ही आवश्यक है।

हम वन विभाग के सरकारी सेवक सभी सामान्य व विशेष लोगों से अनुरोध करते हैं कि वनस्पतियों सहित किसी भी जंगली प्राणी को बेकार या अनावश्यक समझने की भूल नहीं करें। हमें ये भी कभी नहीं भूलना चाहिए कि जंगली जानवर हमारे घरों में और आसपास नहीं आ रहे, बल्कि अधिकतर स्थानों में हम मनुष्यों ने ही जंगली जानवरों के अधिकार क्षेत्र में घुसपैठ कर दी है।

संपूर्ण वन्य जीवन की बेहतर ढंग से सेवा करने के लिए हम वन विभाग को सारे समाज का सक्रिय और निरंतर सहयोग मिलता रहना चाहिए। आग और अवैध अतिक्रमण से जंगलों की रक्षा करना तो बहुत जरूरी है ही, साथ में हिमाचल के संपूर्ण प्राणिजात ( फ्लोरा एंड फौना) का और ज्यादा पालन-पोषण, प्रसार और संवर्धन भी बहुत आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आंतरिक शांति से ही सच्चा नवआरंभ संभव है...



श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु

नदी का जल हर क्षण नया और ताजा होता है। जीवन भी नदी की तरह बह रहा है, जहां हर पल नया और ताजगी से भरा है।

जब आपको कोई दु:स्वप्न आता है, आप घबराकर जाग जाते हैं; आपका दिल अभी भी धड़क रहा है, मन में पीड़ा और भय है, लेकिन यह अधिक देर तक नहीं रहता। जीवन में आने वाले कठिन समय को भी ऐसे ही दु:स्वप्नों की तरह समझकर आगे बढ़ जाना चाहिए। श्वसन विधियां और ध्यान निश्चित रूप से अप्रिय स्मृतियों से उबरने और जीवन को नए सिरे से देखने में सहायता करते हैं।

हमारे स्वयंसेवक कई युद्ध-प्रभावित क्षेत्रों में कार्य करते हैं। इराक में आतंकी संगठन आईएसआईएस ने कई यजीदी महिलाओं का अपहरण किया था। हमने उनमें से अनेक को आघात-निवारण प्रशिक्षण दिया और जीवन कौशल सिखाए। उन्होंने हमें बताया कि अनेक वर्षों के बाद पहली बार वे मुस्कुराई थीं। हमारे शिक्षकों ने उन्हें उस शांति से जोड़ने में मदद की जो हम सबके भीतर है। इन युवतियों ने तनाव और उस आघात से निपटना सीखा, जिससे गुजरकर वे आईं थीं। जब उन्होंने अपने भीतर गहरी आंतरिक शांति का अनुभव किया, तो उसे अपने लोगों के साथ भी साझा किया।

नए सिरे से आरंभ करने में कभी देर नहीं होती। पिछले एक वर्ष में आपने जो भी पीड़ा झेली है, उसने आपको कुछ न कुछ सिखाया है। उसने आपको शक्तिशाली बनाया है और कहीं न कहीं आपकी अंतर्दृष्टि को गहरा किया है। अब बस उस बोझ को, अतीत की बाधा को उतार दीजिए और आगे बढ़िए। आपके भीतर एक सुंदर व्यक्ति है, जो अभिव्यक्ति की प्रतीक्षा कर रहा है।

याद रखें, आप यहां सदा के लिए नहीं हैं। साथ ही जागकर देखें और यह समझें कि जीवन केवल सुख से भरा नहीं है, फूलों के साथ कांटे भी होते हैं। अतीत में भी चुनौतियां




आपके सामने आई हैं, लेकिन आपने उन्हें पार किया है, है न ? जीवन को व्यापक संदर्भ में देखना सीखें। यह इमारत यहां रहेगी। सब कुछ यहां रहेगा। आपने जो कुछ बनाया है, वह भी यहां रहेगा। लेकिन क्या आप यहां सदा रहेंगे ? नहीं, तो क्या आप इस धरती को निराशा और कुंठा के साथ छोड़ना चाहेंगे ? कदापि नहीं। जो बातें आपको रुचिकर नहीं हैं, जब वे आपके साथ होती हैं, तो वे आपको अधिक सशक्त, संवेदनशील और अंतर्दृष्टिपूर्ण बनाती हैं। इसके साथ-साथ, सभी सकारात्मक अनुभव आपके जीवन-दृष्टिकोण को विस्तार देते हैं। कठिन समय आपके भीतर से सर्वश्रेष्ठ को बाहर लाता है, और सुखद समय दुनिया का सर्वश्रेष्ठ आपको देता है। जीवन इन दोनों का समन्वय है।

हर असफलता आपके विराट स्वरूप की तुलना में लघु होती है। वह आपकी पूरी आत्मा को मिटा नहीं सकती। जो सफलताएं मिलती हैं, वे भी बहुत महान नहीं होतीं। आप इन सबसे कहीं अधिक बड़े हैं। दुनिया में सफलता एक बात है, और जीवन में सफलता दूसरी बात। यह आवश्यक नहीं कि जो दुनिया में सफल है, वही जीवन में भी सफल हो।

बिना किसी प्रतिबंध के आनंद का अनुभव, सफलता की मेरी यही परिभाषा है। मैं देख रहा हूं, क्या आप अपने ऊपर काम कर रहे हैं, क्या आपके चेहरे पर ऐसी मुस्कान है जिसे कोई भी छीन नहीं सकता है। क्या आपके भीतर ऐसा आत्मविश्वास है जो कभी डगमगाता नहीं है ? तब मैं कहूंगा कि आप सफल हैं।

हर परिस्थिति में आपको अपने 'प्राण' या जीवनी-शक्ति को उन्नत करना होता है। जब प्राण कम होते हैं, तो आत्मविश्वास भी कम होता है और चुनौतियां अजेय लगने लगती हैं। जब आप अपनी क्षमता से अनभिज्ञ रहते हैं, तो दुखी होते हैं। चुनौतियां ही आपके भीतर शौर्य, करुणा, गतिशीलता और किसी बड़े उद्देश्य के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को जाग्रत करने में सहायक हैं।

इसलिए जीवन में आगे बढ़ते रहिए, यह याद रखते हुए कि आप अग्नि हैं। जब आप जानते हैं कि आप अग्नि हैं, तो कुछ भी आपको जला नहीं सकता। अतीत को जाने दें और जीवन को उसकी पूर्णता में स्वीकार करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जहां नारी पूजन की बात होती है, वहां बेटियां आखिर क्यों नहीं सुरक्षित?




कनुप्रिया
नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' यह वाक्य मनुस्मृति से लिया गया है, जिसका तात्पर्य यह है कि जिस घर में, समाज में महिलाओं का सम्मान और सत्कार किया जाता है वहां सुख समृद्धि आती है और देवत्व का वास होता है।

महिलाओं के अनादर से सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। शास्त्रों में उक्त वचन केवल शास्त्रों तक ही सीमित रहे हैं, क्योंकि वास्तविक स्थिति या कहें की प्रगतिशील, बौद्धिक और विद्वान लोगों की यह धरा शायद महिलाओं के लिए उतनी चिंतनीय प्रतीत होती नहीं दिखाई दे रही है।

एक खबर दो-तीन दिन से विचलित कर रही है कि भारत के केंद्र में स्थित एक बड़ा राज्य मध्य प्रदेश जिसे 'भारत का दिल' कहा जाता है, जो अपनी समृद्ध संस्कृति, इतिहास, घने जंगलों, कई टाइगर रिजर्व के साथ अद्वितीय नदियों नर्मदा, ताप्ती और ऐतिहासिक स्थलों जैसे खजुराहो, सांची और भीमबेटका के लिए जाना जाता है अर्थव्यवस्था में योगदान और प्रमुख शिक्षण संस्थाओं का केंद्र होने के बावजूद कैसे प्रतिदिन 43 नाबालिग लड़कियों और महिलाओं को खोने दे रहा है? जी हां, मध्य प्रदेश सरकार के आंकड़ों की मानें तो जनवरी 2024 से जून 2025 के बीच इस राज्य में 23,129 लड़कियां और महिलाएं लापता हुई हैं। यानी हर दिन लगभग 43 लड़कियां और महिलाएं गुमशुदा हुईं। निश्चित रूप से यह आंकड़ा वाकई डराने वाला है, जो यह बताता है कि यह सिर्फ कुछ परिवारों का दु:ख नहीं, बल्कि एक बड़ी समस्या है,

इस रिपोर्ट को देखकर लगा कि इस तरह की गतिविधियां हमारे भारत देश में हो रही है, जो सदैव से ही नारी सशक्तिकरण की बात करता है, वास्तव में न केवल चिंता का, बल्कि व्यवस्था की पराजय को भी इंगित करने को मजबूर कर रहा है। जिनकी युवा बच्चियां और




महिलाएं दिन ढले या रात्रि प्रहर में गुमनाम और अदृश्य हो जाएं उनके परिजनों के हृदय पर कैसा आघात होता होगा।

एक वृद्ध महिला अपनी बच्ची को याद करके कहती है कि वह पिछले 12 13 वर्षों से अपनी बेटी के जन्मदिवस पर उसकी पसंदीदा खाने की सामग्री बनती है, लेकिन वह कभी वापस ही नहीं आई। यह सुनकर हृदय द्रवित हो उठा शायद किसी भी व्यक्ति का हो जाए जिसके भाव बाकी हों, बशर्ते वह पत्थर न हो। कौन से रास्ते पर वह सब होगी, जिस रास्ते से वापसी मुमकिन नहीं, किस तरह की यातना या बेबसी में सिसक रही होगी जिसको सुनने-समझने वाला कोई भी नहीं ?

शायद प्रयत्न किए जा रहे होंगे उनकी वापसी के, लेकिन कहीं इतनी देर न हो जाए कि उम्मीद की लौ ही बुझ जाए। इस दौरान जो नई खेप प्रतिदिन गुम हो रही होगी उसका क्या ? यह किस तरह के विकास, न्याय और लोकतंत्र की बात कर रहे हैं हम लोग, जिसमें सुरक्षा ही नहीं महिलाओं की, जो जननी है, जो संस्कृति को हस्तांतरित करने वाली कड़ी है, जिसके स्नेल और वात्सल्य से प्राणी मात्र अभिभूत और संपूर्ण प्रतीत होता है। उसका तिरस्कार और अवहेलना करना आने वाले भविष्य के लिए ही नहीं, अपितु वर्तमान के लिए भी तो बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है।

समय है स्वयं को झिंझोड़ने का, आत्म परीक्षण का कि हम किस तरह के समाज की परिकल्पना को जन्म देने के विषय में सोच रहे हैं जहां नारी केवल उपभोग की वस्तु बने या विलास की, तिरस्कार की या एक सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण करने में योगदान देने वाली सशक्त नारी।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज़ ब्रीफ

### पातकू में कार दुर्घटनाग्रस्त होने से टला हादसा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रविवार रात लगभग 11:30 बजे जोगिंदर नगर - बैजनाथ राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर पेट्रोल पंप पातकू के पास टाटा पंच कार नाले में जा घुसी जिसमें दो लुधियाना के निवासी सवार थे। गाड़ी की हालत तो बहुत ही खस्ता हो चुकी है लेकिन इसमें सवार दोनों लोग बिल्कुल सुरक्षित पाए गए। कार को काफी नुकसान होने का अनुमान है। बताया जा रहा है कि इसी स्थल पर इस साल की यह चौथी दुर्घटना घट चुकी है। यहां पर कोई सुरक्षा दीवार या क्रैश बैरियर नहीं है जिस कारण यहां पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

### अंतर-महाविद्यालय युवा उत्सव का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय, धर्मपुर मंडी में 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित अंतर-महाविद्यालय युवा उत्सव के ग्रुप-4 (थिएटर) प्रतियोगिताओं का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी रहे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रमेश चंद धलारिया ने की। दीप प्रज्वलन के उपरांत अतिथियों का स्वागत किया गया। ग्रुप-4 के अंतर्गत एकांकी, माइम, स्किट एवं मिमिक्री प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। प्रथम दिवस में एकांकी प्रतियोगिताओं के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और समकालीन मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे परिसर में सांस्कृतिक उत्सव का माहौल बना रहा।

### व्यवहारिक ज्ञान लागू करने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में आयोजित तीन दिवसीय 'पोषण भी, पढ़ाई भी' प्रशिक्षण कार्यशाला का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। 26 से 29 दिसंबर तक चली इस कार्यशाला में उपमंडल के 70 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। समापन अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) चौंतड़ा बालम राम वर्मा ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य तभी सफल होगा जब इसमें प्राप्त ज्ञान को आंगनबाड़ी केंद्रों में व्यवहारिक रूप से लागू किया जाए। अंतिम दिन चार मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण दिया। चूड़ामणि ने दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग और समावेशन प्रक्रिया, रीना देवी ने 0-3 वर्ष के बच्चों के लिए नवचेतना और गतिविधि कैलेंडर, राहुल ठाकुर ने बच्चों के मूल्यांकन और सीखने के परिणामों पर जानकारी साझा की। संतोष कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों को लर्निंग सेंटर बनाने के सर्वोत्तम अभ्यास बताए।

### करसोग में 52 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, करसोग।** नागरिक चिकित्सालय करसोग में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर के दौरान कुल 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होगा। खंड चिकित्सा अधिकारी करसोग डॉ. गोपाल चौहान ने बताया कि ब्लड बैंक मंडी की टीम ने रक्त संग्रहण प्रक्रिया को पूरी तरह सुरक्षित और निर्धारित मानकों के अनुसार संपन्न किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता और समाज सेवा का सर्वोत्तम तरीका है क्योंकि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है। डॉ. चौहान ने सभी सक्षम नागरिकों से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में भाग लें और जरूरतमंदों को जीवनदान देने में सहयोग करें।

### बाड़ा स्कूल में मेधावी छात्रों को मिला सम्मान

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजकीय महाविद्यालय मुल्थान के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनमोल मुख्यातिथि रहे। स्कूल प्रशासन, विद्यार्थियों और प्रबंधन समिति ने मुख्यातिथि का फूलों की वर्षा से स्वागत किया। प्रधानाचार्य हेम राज ने डॉ. अनमोल को स्मृति चिह्न, टोपी और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नाटी प्रस्तुत कर सांस्कृतिक रंग बिखेरा। मुख्यातिथि ने परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास के महत्व पर जोर देते हुए नशे से दूर रहने और समाज सेवा का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और सकारात्मक सोच से ही सफलता मिलती है। अंत में मेधावी व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### आधार व मोबाइल नंबर सीडिंग शीघ्र करें पूरी

**अनंत ज्ञान, बरोट।** उपतहसील टिक्कन में आधार सीडिंग एवं भूमि स्वामियों के मोबाइल नम्बर सीडिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। नायब तहसीलदार विकास कौंडल ने बताया कि सभी भूमि स्वामी अपने नजदीकी पटवारखाने में ऐसे मोबाइल सेट के साथ उपस्थित हों, जिसका नम्बर आधार से लिंक हो, ताकि सीडिंग प्रक्रिया के दौरान आवश्यक ओटीपी प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि मोबाइल नम्बर सक्रिय और उसमें पर्याप्त बैलेंस उपलब्ध होना चाहिए। यह पहल भूमि अभिलेखों की शुद्धता, पारदर्शिता और जनसेवाओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। विकास कौंडल ने सभी भूमि स्वामियों से अपील की कि वे समय रहते इस प्रक्रिया को पूरा करके राजस्व संबंधी सुविधाओं का लाभ उठाएं।

### विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने सुनी समस्याएं

**अनंत ज्ञान, बरोट।** द्रंग क्षेत्र के तहत टिक्कन स्थित नाल डेहरा में सोमवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा पद्धर की परिचय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जोगिंदर पाल ने की। बैठक में द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके बाद विधायक ने चौहार घाटी के बरोट में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह परिसर में बरोट, खलेहल, लपास और वरधान पंचायतों के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। बरोट में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्ण चंद ठाकुर ने वर्तमान सरकार पर विकास कार्यों को ठप करने का आरोप लगाया और चौहार घाटी में भाजपा की प्रमुख भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने शीघ्र पूरे द्रंग क्षेत्र का दौरा करने का आश्वासन भी दिया।

### काव्य राणा राष्ट्रीय कबड्डी में दिखाएगा दमखम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी की पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा के होनहार खिलाड़ी काव्य राणा को राज्य स्तरीय अंडर-17 स्कूली खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। काव्य राणा हिमाचल प्रदेश की टीम का हिस्सा बनेंगे और 7 जनवरी से 11 जनवरी तक तेलंगाना में आयोजित राष्ट्रीय टूर्नामेंट में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पूर्व वह 31 दिसंबर से 3 जनवरी तक सोलन में कोचिंग कैंप में कबड्डी की बारीकियां सीखेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य वीरेंद्र पॉल, डीपीई संतोष ठाकुर, पीईटी राजेंद्र सिंह और समस्त स्टाफ ने काव्य राणा को बधाई दी और उम्मीद जताई कि वह भविष्य में भारतीय टीम में खेलकर देश का नाम रोशन करेंगे।

# महाशिवरात्रि मेले से पहले सड़कों की मरम्मत, सफाई करने का लिया निर्णय

## नगर निगम की बैठक में आपदा प्रबंधन व जनसुविधाओं पर लिए महत्वपूर्ण फैसले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम मंडी की साधारण बैठक महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें आपदा प्रबंधन के लिए भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए प्लान बनाने, निगम क्षेत्र में संपत्ति कर के लिए चल रहे सर्वेक्षण में नागरिकों से सहयोग की अपील करने, निर्माणाधीन रेहड़ी-फहड़ी मार्केट में शौचालय निर्माण, सार्वजनिक स्थानों पर बैंच लगाने, आईटीआई के प्रशिक्षुओं के माध्यम से अब तक 307 लाइटें ठीक कर लगाने और नई लाइटें स्थापित करने, कर्मचारियों की मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने सहित आवासीय कॉलोनी की व्यवस्था करने तथा चलित शौचालय लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया



बैठक की अध्यक्षता करते हुए महापौर वीरेंद्र भट्ट व साथ में हैं अन्य।

कि महाशिवरात्रि मेले से पहले गलियों और सड़कों के गड्ढे भरने के लिए टेंडर लगा दिए गए हैं और अधिक गंदगी वाले चिन्हित स्थानों को मेले से पहले साफ किया जाएगा। इसके लिए नागरिकों से भी सहयोग की अपील की गई।

शहर में फुटपाथ के जालों के टूटने की समस्या को देखते हुए निगम द्वारा दो छोटी वेल्डिंग मशीनें खरीदकर अपने कर्मचारियों के माध्यम से मरम्मत कराने, नगर निगम क्षेत्र में रोशनी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नई सोलर व स्ट्रीट लाइटों की खरीद तथा पुरानी लाइटों को बदलने की स्वीकृति दी गई।

लोक निर्माण विभाग को शहर में जेब्रा क्रॉसिंग पुनः पेंट कराने और विद्युत विभाग को तारों के जाल ऊपर उठाने के लिए पत्राचार करने का निर्णय लिया गया, वहीं विद्युत विभाग से आग्रह किया गया कि निगम द्वारा जन सुविधा के लिए दिया गया बिल काउंटर इंदिरा मार्किट में पुनः बहाल किया जाए।

बैठक में उपमहापौर माधूरी कपूर, पार्षद अलकनंदा हांडा, सोमेश उपाध्याय, राजेंद्र मोहन, योगराज, वीरेंद्र सिंह आर्य, सुदेश कुमारी, हरदीप सिंह, सुमन ठाकुर, नेहा कुमारी, निर्मल वर्मा, दीपाली जसवाल, कृष्ण भानु, अंजय कुमारी, मनोनीत पार्षद दिनेश पटियाल, नितिन भाटिया, यशकांत कश्यप, दर्शन ठाकुर, संजय शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार, सहायक अभियंता नरेश कुमार, अनुभाग अधिकारी राकेश गुलेरिया, कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ और रिशभ उपस्थित रहे।

# आबकारी अधिकारियों के साथ नियमित निगरानी करें एसडीएम



आबकारी एवं एनडीपीएस कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश आबकारी अधिनियम 2011, एनडीपीएस अधिनियम 1985 तथा प्रदेश एनडीपीएस नियम, 1989 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक डीसी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अवैध शराब, मादक पदार्थों और खाद्य सुरक्षा से संबंधित मामलों पर विभागीय समन्वय, निगरानी तथा कानून के अमल की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे आबकारी अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय समन्वय समिति का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच सूचना साझा करना, त्रैमासिक समीक्षा करना तथा संयुक्त निरीक्षण को और अधिक प्रभावी बनाना है। बैठक में डिप्टी कमिश्नर स्टेट टैक्सेज एंड एक्साइज अरविंद शर्मा ने बताया कि पहली जनवरी से 30 नवंबर 2025 तक आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस द्वारा 342 मामले दर्ज किए गए, जिनमें बड़ी मात्रा में अंग्रेजी, देशी शराब, बीयर तथा अवैध शराब जब्त की गई। इसी अवधि में एनडीपीएस अधिनियम के तहत 297 मामले दर्ज हुए, जिनमें चरस, अफीम, हेरोइन, गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थ जब्त कर अफीम व भांग के पौधों को नष्ट किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# निशानदेही के लिए तहसीलदार करते रहे इंतजार, पर नहीं पहुंचे कंपनी के अधिकारी



एनएच की निशानदेही के लिए मौके पर इंतजार करते तहसीलदार व अन्य अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सोमवार को बासी में एनएच निर्माण संबंधी निशानदेही के लिए राजस्व विभाग से तहसीलदार मुनीश कुमार, कानूनगो, पटवारी (एनएच), स्थानीय पटवारी प्यार चंद, सहायिका मलका देवी और पुलिस के साथ भूमि मालिक तथा ग्राम पंचायत प्रधान मेहर चंद गारला इत्यादि मौके पर 11:30 बजे पहुंच गए, लेकिन मॉर्थ/एनएच की तरफ से कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। मॉर्थ वाले आ रहे हैं या नहीं, इसके लिए मौके पर मौजूद स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने मॉर्थ में कार्यरत तन्मय महाजन को फोन भी किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया, उसके बाद उपमंडल अधिकारी (ना), सरकाघाट को भी इस संदर्भ में बताया, लेकिन किसी तकरीबन 2 घंटे तक, किसी का भी, किसी तरह का हां या न के कोई उत्तर नहीं आया।

क्षेत्रीय लोगों ने इसे सरकारी कर्मचारियों के बहुमूल्य समय की बर्बादी बताया तथा सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग बताया तथा इसकी भरपाई और सरकारी कर्मचारियों के एक दिन के वेतन की भरपाई संबंधित अधिकारियों से वसूलने का सुझाव दिया। उन्होंने पुनः मॉर्थ के इस तरह के ढील मूल रवैए को लेकर स्थानीय हारे और जीते जनप्रतिनिधियों के माध्यम से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से हस्तक्षेप की मांग की है।

# योरा स्कूल के मेधावी छात्र किए सम्मानित

## वार्षिक समारोह में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से मोहा सबका मन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राजकीय उच्च विद्यालय योरा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जीवन ठाकुर रहे। मुख्य अतिथि के विद्यालय परिसर में पहुंचने पर प्रधानाचार्य जोगिंदर कुमार सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि जीवन ठाकुर को शाल, टोपी एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यातिथि जीवन ठाकुर ने कहा कि बच्चों के कार्यक्रम देखकर उनकी अपनी स्कूली जीवन की यादें ताजा हो गईं। शैक्षणिक उपलब्धियों में कक्षा 10वीं की इशिका ठाकुर, 9वीं



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बच्चों के साथ मुख्यातिथि।

के मोहित, 8वीं की स्नेहा ठाकुर, 7वीं की अंकिता ठाकुर तथा 6वीं की मन्नत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं की मुस्कान, 9वीं के आदित्य, 8वीं की भावना ठाकुर, 7वीं की आरुषि तथा 6वीं की श्रेया ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त सर्वाधिक उपस्थिति के लिए अंकित वर्मा, मोहित, भावना ठाकुर, आरुषि व मन्नत को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य जोगिंदर कुमार ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रधान सपना भाटिया, उप प्रधान पुष्पराज, भगवान दास, जोगिंद्र पाल, सुदेश नायक, नवीन नायक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### युवक ने घर में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल की नगर परिषद के वार्ड नंबर -04 कलश में एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार पुत्र बालम राम निवासी वार्ड नंबर-04 कलश ने थाना सरकाघाट में सूचना दी कि उनके पड़ोसी सुभाष चंद पुत्र भाग सिंह ने अपने घर के कमरे के अंदर फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस थाना सरकाघाट से उप निरीक्षक अरविंद सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि सुभाष चंद अपने कमरे की छत में लगे बांस से नायलॉन रस्सी के सहारे गले में फंदा लगाकर लटका हुआ था। पुलिस के अनुसार मृतक के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था और वह घर में अकेला ही रहता था। मौके पर मौजूद मृतक के चाचा मेघ सिंह सहित अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं। परिजनों द्वारा मृत्यु को लेकर किसी प्रकार का संदेह व्यक्त नहीं किया गया है। पुलिस थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच जारी है।

# केंद्र कर रहा पूरा सहयोग, प्रदेश सरकार कर रही लोगों को गुमराह: राजीव बिंदल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल का सरकाघाट पहुंचने पर भव्य स्वागत करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल सरकाघाट विधानसभा हल्के के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होने दोनों मंडलो सरकाघाट व बल्द्वाड़ा में पार्टी के कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को दिए संगठन को मजबूत करने के मंत्र दिए।

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे केंद्र सरकार की कल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाएं तथा इस प्रदेश आज तक के इतिहास की सबसे निठली निकम्मी सरकार की विफलताओं से लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सुक्खू को सबसे ज्यादा कर्ज लेने वाले, संस्थानों को बंद करने वाले, युवाओं को धोखा देने वाले महिलाओं और कर्मचारियों को ठगने वाले मुख्यमंत्री बन गए है। केंद्र सरकार प्रदेश सरकार का पूरा सहयोग कर रही है, लेकिन यह सरकार लोगों को गुमराह कर रही है कि केंद्र हमारा सहयोग नहीं कर रहा है। इस अवसर पर सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, सचिव तिलक राज, पूर्व विधायक हीरा लाल, प्रियवर्त शर्मा, भाजपा प्रवक्ता डॉक्टर सीमा ठाकुर, डॉ. वंदना जग्गी, राजेंद्र भुट्टो, पवन ठाकुर, वासुदेव शर्मा, विनय राणा सहित पार्टी के विभिन्न प्रकोष्टों के पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा प्रवक्ता रविंद्र ने नशा मुक्ति व सामाजिक भागीदारी पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा प्रवक्ता रविंद्र शर्मा ने नशे के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे समाज, परिवार और युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि वे राजनीतिक औपचारिकता के लिए नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक और सामाजिक व्यक्ति के रूप में अपनी बात रख रहे हैं।

रविंद्र शर्मा ने बताया कि नशा केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि यह घरों को तोड़ रहा है और युवाओं की ऊर्जा को अंधकार में धकेल रहा है। उन्होंने कहा कि नशे के प्रभाव में आने वाला युवा केवल खुद को नहीं, बल्कि अपने परिवार, शिक्षा और भविष्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नशा-मुक्ति के लिए केवल कानून पर्याप्त नहीं, बल्कि समाज की संवेदनशीलता, पुनर्वास, परामर्श और सामूहिक भागीदारी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि भटका हुआ युवा अपराधी नहीं होता, बल्कि मार्गदर्शन और सहयोग का पात्र होता है। भाजपा सरकार युवाओं को नशे से बचाने और सुरक्षित भविष्य देने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने विधायक प्रकाश राणा द्वारा एक रुपये प्रतिमाह वेतन लेने के निर्णय का उदाहरण देते हुए इसे सादगी और जनसेवा की भावना का प्रतीक बताया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा और पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी भी उपस्थित रहे। रविंद्र शर्मा ने समाज से अपील की कि राजनीति और दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर युवाओं के भविष्य के लिए एकजुट होना होगा, क्योंकि यदि आज युवाओं को नहीं संभाला गया तो भविष्य में कोई भी व्यवस्था समाज को संभाल नहीं पाएगी।

# राकेश कश्यप प्रेस सचिव और छ्याल सिंह बने मुख्य संरक्षक



कार्यकारिणी के विस्तार के बाद शपथ ग्रहण करते पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

शिक्षा खंड करसोग-2 की राजकीय प्राथमिक पाठशाला बखलूंही में कार्यरत जेबीटी शिक्षक राकेश कश्यप को प्रेस सचिव की कमान सौंपी है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ करसोग-2 ने अध्यक्ष खजान सिंह की अध्यक्षता में राजकीय प्राथमिक पाठशाला खील में आम सभा का आयोजन किया, जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

इस मौके पर प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के विशेष आमंत्रित सदस्य दीप वर्मा, मुख्य संरक्षक कांतिभूषण पाल मौजूद रहे। इस दौरान छ्याल सिंह को मुख्य संरक्षक जबकि बोधराज, सतीश कुमार व उदम सिंह उपप्रधान, ठाकुर सिंह सह सचिव, कांता देवी संयुक्त सचिव, मस्त राम व रमेश कुमार सह कोषाध्यक्ष, भोजराज मुख्य सलाहकार, प्रेम चंद, अशोक कुमार व घनश्याम सलाहकार, महेंद्र व खेमराज संगठन मंत्री, संजीव कुमार व चैन लाल प्रचार मंत्री, राकेश व प्रवीण प्रेस सचिव, मोहन लाल भंडार नियंत्रक, रोशन लाल व रीना देवी प्रवक्ता, हितेश कार्यालय सचिव, जय गोपाल मंच संचालक, मीना देवी महिला मोर्चा की वरिष्ठ उपप्रधान, रजनी शर्मा व पूजा शर्मा उपप्रधान, सुनीता देवी सह सचिव, सीमा कुमारी व सुषमा संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर जिला कार्यकारिणी सदस्य देवराज, वीरेंद्र व पूर्ण चंद मौजूद रहे।

# वॉलीबाल में नागचला की टीम बनी विजेता

## बालीचौकी के स्कूल मैदान में एकदिवसीय प्रतियोगिता का समापन

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** उपमंडल मुख्यालय के स्कूल मैदान में आयोजित एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हुआ। जिसमें समाजसेवी ठाकुर सिंह ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की, जबकि शुभारंभ समाजसेवी सोनू ठाकुर ने किया। इस दौरान आयोजक समिति ने दोनों मुख्यतिथि को शाल-टोपी और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

इस प्रतियोगिता में कुल्लू और मंडी जिले की 14 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 14 टीमों के बीच कुल 7 मुकाबले खेले गए। जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी टीम को जिताने के लिए भरपूर प्रयास किया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुक़ाबला नागचला और बालीचौकी के मध्य खेला गया। जिसमें पहला सेट बालीचौकी और दूसरा नागचला ने जीता। अंतिम सेट में नागचला की टीम ने बालीचौकी को 6 अंकों से हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। इस अंतिम मुकाबले को देखने के लिए दशकों की भीड़ उमड़ पड़ी। दर्शकों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का जमकर उत्साह बढ़ाया। इस स्पर्धा के आयोजक गुलशन ने बताया कि प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई है। इसके बाद मुख्यतिथि ने विजेता टीम को स्मृति चिह्न व 8100 व उपविजेता टीम को 4100 रुपए की राशि वितरित की।



### समाजसेवी सोनू ठाकुर ने दी 6100 की राशि

**इस** प्रतियोगिता में बतौर मुख्यतिथि पधारे समाजसेवी सोनू ठाकुर ने आयोजक समिति को 3100 और समाजसेवी ठाकुर सिंह ने 6100 रुपए की राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को नशे से दूर रहना चाइए। आज की युवा पीढ़ी लगातार नशे के जाल में फंसती जा रही है। इसलिए युवाओं को नशा छोड़कर खेलकूद जैसी गतिविधियों में भाग लेने की जरूरत है। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता पीयूष, देवेंद्र ठाकुर, ललित कुमार, सन्नी, पवन डोले राम समेत अन्य उपस्थित रहे।

### हटगढ़ स्कूल के मेधावी छात्र किए सम्मानित

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति, जनजाति विकास निगम के चेयरमैन लाल सिंह कौशल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य रमेश कौशल ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि लाल सिंह कौशल ने विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताते हुए नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लाल सिंह कौशल द्वारा पाठशाला प्रबंधन की ओर से कोमल, साक्षी, स्नेहा, शुभम, सक्षम, जानवीं, प्रकृति, शौर्य, नमन, कनिका,सुनील, अरुण, भूमिका, अनुभव, द्रव्यांश, अभिमन्यु, राधिका, कर्ण, डिम्पल, पंकज सहित कई मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

**परंपरा** पहाड़ों में 15 'पोह' की रात केवल एक तिथि नहीं, बल्कि लोक-आस्था

# वक्त के साथ बदल रही हैं 15 'पोह' की परंपरा

**पीयूष शर्मा, अनंत ज्ञान**

**करसोग।** ऐतिहासिक नगरी पांगणा-सुकेत के आस-पास के गांवों में आज 15 पोह की रात साल में सबसे बड़ी रात मानी जाती है और दिन सबसे छोटा। इसलिए '15 पोहा री रात' एक उत्सव के रूप में मनाई जाती है। इस उत्सव की तैयारी पोह महीने की संक्रांति को ही हो जाती है। निहरी पंचायत के कमराह धार के आंचल में बसे मताहर गांव की खीलावती का कहना है कि इस दिन गांव की महिलाएं आस-पड़ोस के परिवार और रिश्तेदारों को राजमाह और गंदम को भिगोकर, थोड़ा सूखाकर और आग पर कड़ाई मे गर्मकर 'मोड़ी' बनाकर बांटती हैं।

मान्यता है कि 15 पोह से दिन 'चीड़ू रे साह बराबर' बढ़ते-बढ़ते माघ की संक्रांति तक दिन बकरे की छलांग के बराबर बढ़ जाता है। पौष संक्रांति से अगले दिन 'दूज' की कहीं भी मेहमान बनकर जाना वर्जित है। मान्यता है कि यदि कहीं मेहमान बनकर जाने से उल्टे अपने घर में 'पोह' माह में



मेहमानों की वृद्धि होती है। 15 'पोह' को हर गांव के केंद्र स्थान में अनेक बकरों की बलि की परंपरा रही है। यह बलि विशेषकर 14 पोह को ही शुरू हो जाती है। जो मांसाहार नहीं करते उनके लिए 14 पोह को 'आगीया' की रात्रि को विशेषकर सीडु, और बाबरु-बड़े गाय के घी के साथ परोसे जाते। 14 पोह को मांस की 'बांडियां' लगाकर गांव का हर परिवार इस बांधी को घर ले जाकर इसे पकाते हैं,तथा आज की रात दो बार भोजन करते हैं। 15 पोह को सुबह का भोजन 'नहवारी 'खाकर वर्ष भर खूंटे पर पले बकरे को लाने निकल जाते। बकरे को केंद्र स्थान में पहुंचकर पुनः घर लौट कर

### ऋतु परिवर्तन व कंपकंपाती ठंड में सामुदायिक उल्लास का है उत्सव

'दपैहरी' का भोजन ग्रहण कर फिर जहां बकरा बंधा होता वहां लौट आते।यहां बकरे की बलि की रस्म पूरी कर सायंकाल को घर लौट आते। हर घर में 15 पोह के 'पवासण' के रूप में शाकाहारियों के लिए भल्ले- बाबरू, उड़द की विभिन्न प्रकार की बड़ियां, हलवा आदि पकवान रात्रि के समय के पहले भोजन 'बैड़ी 'के रूप में ग्रहण करते। फिर सामूहिक रूप में ढोल नगारों की थाप पर मस्ती में झूम-झूम कर लोक गीतों से अनुपम छटा बिखेरते हैं। तकरीबन तीन-चार घंटे तक लोक संस्कृति के रंग में रंगने के बाद अर्ध रात्रि को अपने-अपने घर लौटकर फिर पकाए गये मांस व शाकाहारी भोजन को रात को दूसरी बार 'दनैड़ी 'के रूप में ग्रहण करते हैं। इस रात पशुओं को भी रात के समय दो बार चारा खिलाया जाता है।

पज्याणु गांव के रमेश शास्त्री जी का कहना है कि ऐसी मान्यता है कि 15 पोह की रात को दो बार भोजन करने व पशुओं को दो बार चारा खिलानें से परिवार में वर्ष भर सुख-समृद्धि व संतोष बना रहता है। सुकेत संस्कृति साहित्य व जन-कल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉ हिमेंद्र बाली हिम और संस्कृति मर्मज्ञ डॉक्टर जगदीश शर्मा का कहना है कि आज वक्त के साथ पांगणा ही नहीं अपितु सुकेत-मंडी व प्रदेशभर में 15 पोह की यह परंपरा लुप्त हो रही है। समय के साथ जहां ग्रामीण एकता को प्रमाणित करती अनेक धार्मिक परंपराएं लुप्त हो गई हैं वहीं वक्त के साथ '15 पोह' की यह परंपरा भी लुप्त होने के कगार पर है।

# अंब बाजार में नो पार्किंग-वेंडिंग जोन घोषित, यातायात व्यवस्था होगी सुदृढ़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने उपमंडल अंब के मुख्य बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अंब बाजार एवं बस अड्डा सहित प्रमुख सड़क खंडों के दोनों ओर नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित करने के आदेश जारी किए हैं।

यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 117 के तहत जारी किए गए हैं तथा तत्काल प्रभाव से लागू होकर अगले आदेशों तक प्रभावी रहेंगे। आदेशों के अनुसार अम्ब में मुबारिकपुर-ऊना सड़क मार्ग पर महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज अंब से मैंगो होटल तक लगभग 500 मीटर क्षेत्र को सड़क के दोनों ओर नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। हालांकि यात्रियों के चढ़ने-उतरने के लिए दो नामित बस स्टॉप बसें रुक सकेंगी। इसमें ऊना की ओर जाने वाली बसों के लिए वर्षा शालिका के समीप एक समय में केवल एक बस और मुबारिकपुर की ओर जाने वाली बसों के लिए बस स्टैंड के सामने गौतम मैडिकल स्टोर के नजदीक एक समय में अधिकतर तीन बसें यात्रियों को चढ़ाने-उतारने के लिए रुक सकेंगी। इसी प्रकार अंब-हमीरपुर सड़क मार्ग पर अंब चौक से पुलिस थाना अंब तक लगभग 300 मीटर क्षेत्र को नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। इस मार्ग पर नादौन की ओर जाने वाली बसों के लिए गणपति ज्वेलर्स के समीप एक समय में केवल एक बस को यात्रियों के चढ़ाने-उतारने की अनुमति होगी। इसके अतिरिक्त अंब चौक से अठवां सड़क मार्ग पर अम्ब चौक से श्री रविदास मंदिर के समीप तक लगभग 60 मीटर क्षेत्र को भी नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की वाहन पार्किंग, रेहड़ी-फड़ी अथवा अस्थायी वेंडिंग गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। आदेशों की अवहेलना करने पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 एवं अन्य संबंधित कानूनों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय पुलिस एवं परिवहन विभाग को आदेशों के प्रभावी एवं कड़ाई से क्रियान्वयन के निर्देश भी जारी किए गए हैं। सड़कों पर अवैध पार्किंग एवं अनधिकृत वेंडिंग गतिविधियों के कारण यातायात के मुक्त प्रवाह में बाधा उत्पन्न हो रही थी।

# सरिया उद्योग में हादसा, दो कामगारों की मौत

## तीन हुए घायल, गगरेट पुलिस ने उद्योग प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की जांच

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



गगरेट के उद्योग में हुए हादसे में घायल कामगार को उपचार के लिए ले जाते सहायक कामगार।

औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में स्थित एक सरिया उद्योग में सोमवार सुबह हुए दर्दनाक हादसे में दो कामगारों की मौत हो गई, जबकि तीन कामगार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उद्योग में स्थापित सरिया उठाने वाली क्रेन के पचास फुट नीचे गिर जाने के चलते हुआ। घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल गगरेट लाया गया। यहां पर प्राथमिक उपचार उपलब्ध करवाने के बाद उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर किया गया, जबकि उद्योग प्रबंधन बेहतर उपचार के लिए उन्हें होशियारपुर के एक निजी अस्पताल ले गया। घटना के बाद एसपी अमित यादव भी घटनास्थल पर पहुंचे।

एसपी के आदेश पर गगरेट पुलिस ने उद्योग प्रबंधन के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में स्थित सरिया उद्योग में रोजमर्रा की तरह प्लांट उत्पादन में था और कामगार अपने-अपने काम पर लगे हुए थे। इसी बीच पचास फुट उंचाई पर स्थापित एक क्रेन दुर्घटनाग्रस्त होकर नीचे गिर गई। क्रेन पर इसका आपरेटर भी सवार था जबकि नीचे कुछ कामगार काम में लगे हुए थे। देखते ही देखते प्लांट में अफरा-तफरी फैल गई, जब तक कोई संभल पाता, तब तक क्रेन आपटेर सहित दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि तीन कामगार घायल हो गए थे।

उद्योग प्रबंधन ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सिविल अस्पताल गगरेट शिफ्ट किया। यहां खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पराशर के नेतृत्व में डॉक्टरों ने त्वरित कार्रवाई शुरू की, लेकिन जांच के दौरान दो कामगार मृत लाए गए पाए गए, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार उपलब्ध करवा कर अस्पताल प्रशासन ने क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर किया। उद्योग प्रबंधन बेहतर उपचार के लिए उन्हें होशियारपुर के निजी अस्पताल में ले गया। मृतकों की पहचान चालीस वर्षीय संबू मुशार, जो कि मूलरूप से बिहार का निवासी है और 35 वर्षीय मुन्ना के रूप में हुई है। घायलों में 23 वर्षीय रवि पुत्र हंसराज निवासी देहरा (कांगड़ा), पचास वर्षीय भाग सिंह निवासी सरियाला, हाजीपुर (होशियारपुर) व तीस वर्षीय बलजीत सिंह निवासी बढेड़ा, हरोली के रूप में हुई है।

एसपी अमित यादव ने भी घटनास्थल का दौरा किया है और दुर्घटना के कारणों की सघन जांच के आदेश गगरेट पुलिस को दिए हैं। एसपी अमित यादव ने बताया कि पुलिस ने उद्योग प्रबंधन के विरुद्ध लापरवाही से जान जाने का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दियोली में तेज रफ्तार कार ने रौंदा राहगीर, मौत

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट के दियोली गांव में एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक राहगीर की मौत हो गई। राहगीर अपने गांव में पैदल ही सड़क किनारे जा रहा था कि पीछे से आ रही एक कार ने उन्हें उठाकर जमीन पर पटक दिया। बताया जा रहा है कि राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। गगरेट पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार दोपहर बाद दियोली गांव का स्वर्ण सिंह पुत्र राम किशन पैदल ही घनारी की ओर जा रहा था। इसी दौरान गगरेट की ओर से आ रही एक कार ने उसे पीछे से अपनी चपेट में ले लिया। इसके स्वर्ण सिंह सड़क पर मुंह के बल जा गिरा और उसने दम तोड़ दिया। हालांकि, कार चालक ने उसे नीचे उतर कर देखा, लेकिन वह कोई हरकत नहीं कर रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही यातायात पुलिस प्रभारी घनश्याम घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी अमित यादव ने इसकी पुष्टि की है।

# नववर्ष के मद्देनजर ऊना में स्थानीय बाजारों में सेल लगाने की सशर्त अनुमति

**अनंत ज्ञान, ऊना**

- 31 दिसंबर को देर रात तक खुले रह सकेंगे शराब लाइसेंसी प्रतिष्ठान

नववर्ष 2026 के मद्देनजर ऊना जिले के स्थानीय बाजारों में सेल लगाने की सशर्त अनुमति प्रदान की गई है। इसके अलावा 31 दिसंबर को शराब परोसने वाले लाइसेंसी प्रतिष्ठानों को भी देर रात तक संचालन की एकदिवसीय विशेष छूट दी गई है।

जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल द्वारा जारी आदेशों के अनुसार स्थानीय बाजार क्षेत्रों में सेल लगाने की अनुमति 29 दिसंबर 2025 से 1 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अनुमति केवल स्थानीय दुकानदारों के लिए है तथा किसी भी बाहरी व्यक्ति को सेल लगाने की अनुमति नहीं होगी। जिला दंडाधिकारी द्वारा बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी आदेशों में कहा गया है कि सेल के दौरान दुकानदार अपनी सामग्री इस प्रकार प्रदर्शित करें जिससे पैदल चलने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा बाजार क्षेत्रों में यातायात की सामान्य आवाजाही बाधित न हो। किसी भी प्रकार के उल्लंघन की स्थिति में अनुमति तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाने के साथ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इसके अलावा जिला दंडाधिकारी ने जिले के अंतर्गत स्थित शराब लाइसेंसी प्रतिष्ठानों जिनमें बार, क्लब, पब एवं रेस्टोरेंट शामिल हैं, को 31 दिसंबर को देर रात 1 बजे तक संचालन की एकदिवसीय विशेष छूट प्रदान की गई है। यह छूट केवल 31 दिसंबर,2025 की रात्रि के लिए ही मान्य होगी। आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 1 जनवरी 2026 से पूर्ववत व्यवस्था पुनः लागू होगी, जिसके तहत शराब परोसने वाले सभी लाइसेंसी प्रतिष्ठानों को रात्रि 10 बजे के बाद बंद करना अनिवार्य रहेगा। जतिन लाल ने सभी संबंधित विभागों, प्राधिकरणों एवं लाइसेंसधारकों को आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### टीबी रोगियों को 120 निक्षय मित्र न्यूट्रिशन किट दीं

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, इंडियन ऑयल के उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन्स ऊना ने क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में टीबी के रोगियों के लिए 120 नि-क्षय मित्र न्यूट्रिशन किट दान कर एक अनोखी पहल की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने देते हुए बताया कि ये किटें राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ज़रूरी प्रोटीन और एनर्जी से भरपूर खाद्य सामग्री शामिल है, जो टीबी रोगियों के लिए उचित पोषण और उपचार को जारी रखने में एक महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंज का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशनों के प्रति इंडियन ऑयल उक्षे पाइपलाइन ने प्रतिबद्धता दर्शाई है। उन्होंने कहा कि यह पहल सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रयासों के बीच सहयोग को और मजबूत करेगी। इसके अलावा यह प्रयास टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जन सहभागिता की दिशा में प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा। ये किटें उक्षेपा ऊना के स्टेशन इंचार्ज अमनदीप भारद्वाज और प्रचालन प्रबंधक अंचित गुप्ता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा को सौंपीं। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया और जिला टीबी अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर भी मौजूद रहे।

### छात्रों को दिया मेहनत के प्रति समर्पण का संदेश

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला में सोमवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व बीसी अध्यक्ष अधिवक्ता विकास कश्यप, रामकुमार सोनी, पूर्व बीडीसी अध्यक्ष दविंदर लठ, प्राथमिक विद्यालय की मुख्य अध्यापिका अंजू वाला एवं ग्राम पंचायत टकारला के पूर्व प्रधान अश्वनी लठ ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक व आध्यात्मिक रंग प्रदान किया। प्रधानाचार्य अनिल बक्शी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर की शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की जानकारी दी। मुख्य अतिथि विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने अपने संबोधन में मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य प्रति समर्पण का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और शिक्षा, खेल व संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी आकर्षक रहा, जिसमें छात्रों ने पहाड़ी नाटी, भांगड़ा, गिद्दा और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में पंचायत प्रतिनिधि, बीडीसी सदस्य, शिक्षक, एसएमसी सदस्य और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला में वार्षिक समारोह के दौरान गणमान्य।

# चिंतपूर्णी मंदिर न्यास की पहल : शंभू बैरियर से धलवाड़ी हेलिपैड तक लग रहीं स्ट्रीट लाइटें



स्ट्रीट लाइटों का निरीक्षण करते हुए कनिष्ठ अभियंता विशाल व बिजली कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

विश्व विख्यात माता श्री चिंतपूर्णी के मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, मंदिर न्यास ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए तलवाड़ा बाइपास स्थित शंभू बैरियर से लेकर धलवाड़ी हेलिपैड तक स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य शुरू किया है।

इस कदम का उद्देश्य माता के दरबार में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय निवासियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इन स्ट्रीट लाइटों को मंदिर में तैनात बिजली कर्मचारियों द्वारा स्थापित किया जा रहा है, जिससे यह कार्य तेजी से और कुशलतापूर्वक संपन्न हो रहा है। धलवाड़ी हेलिपैड क्षेत्र को विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानते हुए, वहां अन्य आवश्यक सुविधाओं को भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

मंदिर प्रशासन का यह कार्य अत्यंत बेहतरीन व सराहनीय कदम है, जिसकी सराहना स्थानीय ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों व गांववासियों ने की। उन्होंने इस जनहितकारी कार्य के लिए चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, मंदिर प्रशासन के उच्च अधिकारियों और मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

# अरुण ने रेलवे बोर्ड से अमृत भारत एक्सप्रेस चलाने की उठाई मांग

**अनं ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना से युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने सीपी ग्राम पोर्टल के माध्यम से रेलवे बोर्ड को पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने रेलवे बोर्ड से 12057/58 दौलतपुर चौक-नई दिल्ली जन शताब्दी एक्सप्रेस की जगह नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग रखी है, ताकि वर्तमान समय में यात्रियों को आ रही परेशानियों से छुटकारा मिल सके। वर्तमान समय में जन शताब्दी एक्सप्रेस में नॉन एसी सेकेंड सीटिंग और वातानुकूलित चेयर कार के डिब्बे हैं। इसमें यात्रियों को बैठने में परेशानी होती है। सबसे ज्यादा परेशानी वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं को होती है। तड़के सुबह चलने वाली इस ट्रेन से कई यात्री चंडीगढ़ पीजीआई जैसे बड़े अस्पतालों में इलाज कराने भी जाते हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेकर जल्द मांग पूरी करे।

# माता चिंतपूर्णी के दरबार में पंजाब की सुप्रसिद्ध गायिका जसप्रीत ने लगाई हाजिरी



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** पंजाब की सुप्रसिद्ध लोकप्रिय गायिका डॉक्टर जसप्रीत नरूला ने अपने परिवार सहित माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य पुजारी व पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंदर शिंदा ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से उन्हें पूजा-अर्चना करवाई। पूजा-अर्चना के बाद उन्हें माता की चुनरी भेंट स्वरूप दी गई। पूजा करते समय जसप्रीत नरूला ने अपने प्रशंसकों के अनुरोध पर अपनी 35 वर्ष पुरानी भेंट 'मां चिंतपूर्णी के दरबार' गाकर सुनाई। उन्होंने बताया कि माता चिंतपूर्णी के दरबार में उनकी बहुत पुरानी आस्था है और मां के आशीर्वाद से उनको सब कुछ प्राप्त हुआ है।

# छात्रों ने बैंक के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की जानकारी ली

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुरियाला के 15 विद्यार्थियों ने पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना में शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना में चलाए जा रहे अस्सिटेंट बुक कीपर कंप्यूटर एकाउंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया और प्रशिक्षुओं ने उनके साथ अनुभव साझा किए। इस दौरान विद्यार्थियों बैंक आरसेटी द्वारा दिए जा रहे अन्य प्रशिक्षण कोर्स के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस वोकेशनल मार्केटिंग विजिट का नेतृत्व कुरियाला स्कूल के शिक्षक राजकुमार व कल्पना ने किया। पंजाब नेशनल बैंक आरसेटी के कार्यक्रम संचालक एवं सदस्य आकाश भारद्वाज ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण स्कूल के बच्चों का बौद्धिक स्तर बढ़ाने में अहम भूमिका अदा करता है।

# शिवपुर मुबारिकपुर में पहली से होगी भागवत

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** ठाकुर द्वारा मंदिर मुबारिकपुर में मंदिर कमेटी द्वारा एक जनवरी से 7 जनवरी तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मंदिर कमेटी के प्रधान नेत्र सिंह ने दी। परमपूज्य राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज एवं ठाकुर जी की अपार कृपा से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 जनवरी से 7 जनवरी तक कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचक कृष्ण शास्त्री जी अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। नेत्र सिंह ने बताया कि कथा के शुभारंभ से पूर्व 31 दिसंबर को सुबह 11 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कथा का समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इस दौरान दोपहर के भोजन का भी प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कमेटी सदस्य रमेश चौधरी, लेखराज शर्मा, जगदीश चंद, नरेश, भोगल सहित अन्य सदस्य अपनी सेवाएं देंगे।

# मनरेगा पर विपक्ष कर रहा भ्रामक बयानबाजी : अजय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्य एवं राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने विपक्ष पर मनरेगा को लेकर भ्रामक बयान बाजी करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष तथ्यों से हटकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। अजय ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष ने मनरेगा का नाम बदलकर 'जी राम जी' रख दिया है, लेकिन नाम बदलने से रोजगार की व्यवस्था और लाभार्थियों को मिलने वाले अधिकारों में कोई बदलाव नहीं होता। अजय ठाकुर ने स्पष्ट किया कि मनरेगा जैसी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना है और मोदी सरकार ने इस योजना को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान, आधार आधारित सत्यापन और समय पर मजदूरी भुगतान जैसी व्यवस्थाओं से भ्रष्टाचार में कमी आई है और मजदूरों को उनका हक सीधे मिल रहा है। विपक्ष को चाहिए कि वह योजनाओं के सकारात्मक पहलुओं को भी स्वीकार करे, न कि केवल राजनीतिक लाभ के लिए भ्रम फैलाए। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की तस्वीर के साथ-साथ तकदीर भी बदली है। सड़क, बिजली, पानी, आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। ग्रामीण विकास से लेकर शहरी बुनियादी ढांचे तक, हर क्षेत्र में सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। अजय ठाकुर ने कहा कि यह बदलाव केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि आम जनता के जीवन में साफ नजर आता है।

# संगठन की मजबूती ही भाजपा की ताकत : भुट्टो

## मोदी सरकार ने प्रदेश के आपदा प्रभावित परिवारों को दी 691,92 करोड़ की राहत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो और अन्य गणमान्य।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने केंद्र की मोदी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि आपदा की घड़ी में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के साथ मजबूती से खड़ी रही है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के आपदा प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए 691.92 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है, जो केंद्र की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके लिए प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया जाना चाहिए। दविंदर भुट्टो कुटलैहड़ क्षेत्र के समूर कला स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित संगठनात्मक संयुक्त मोर्चा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीते तीन वर्षों में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को हजारों करोड़ रुपए की राहत राशि उपलब्ध करवाई है, जिससे प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार केंद्र से प्राप्त इस सहायता को जरूरतमंदों तक सही ढंग से पहुंचाने में विफल रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा हमेशा जनसेवा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करती है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और आपदा राहत कार्यों की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि जनता सच्चाई से अवगत हो सके। बैठक में प्रदेश भाजपा महामंत्री संगठन सिद्धार्थन, प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन, जिला प्रभारी रश्मि धर सूद, सह प्रभारी विशाल चौहान, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विस्तारक अमित शर्मा, जिला अध्यक्ष श्याम मिन्हास सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्य और आगामी राजनीतिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि चार जनवरी को कुटलैहड़ भाजपा मंडल कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें 118 बूथों से जुड़े लगभग 400 भाजपा पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना तथा केंद्र सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है।

# 52 से अधिक युवाओं को सेना में भर्ती करवाने वाले सूबेदार मेजर सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



सदाशिव युवा क्लब तलमेहड़ा द्वारा गांव रौणखर के खेल मैदान में आयोजित वॉलीबाल टूर्नामेंट इस बार खेलों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों और प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के सम्मान का भी साक्षी बना।

टूर्नामेंट प्रबंधकों ने एक अनूठी पहल करते हुए न केवल पूर्व वॉलीबाल खिलाड़ियों और दिग्गज खेल हस्तियों को सम्मानित किया, बल्कि देश सेवा कर चुके पूर्व सैनिकों को भी विशेष आदर प्रदान किया। टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर खुशी राम का भव्य सम्मान रहा। वॉलीबाल के प्रतिष्ठित कोच अश्विनी शर्मा (कोच साब) के नेतृत्व में टूर्नामेंट प्रबंधकों ने सूबेदार मेजर खुशी राम को उनके निवास स्थान से बैंड-बाजों के साथ सम्मानपूर्वक टूर्नामेंट स्थल तक लाकर एक अलग ही मिसाल पेश की। खेल मैदान में पहुंचने पर खिलाड़ियों, दर्शकों और गणमान्य अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अश्विनी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सूबेदार मेजर खुशी राम ग्राम पंचायत खरियालता की शान हैं। उन्होंने अपने सेवाकाल और सेवानिवृत्ति के बाद भी क्षेत्र के युवाओं को सही दिशा दिखाने का कार्य किया। उनके मार्गदर्शन और अनुशासनपूर्ण प्रशिक्षण से 52 से अधिक युवाओं ने भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब अधिकांश लोग केवल अपने हितों तक सीमित रहते हैं, वहीं सूबेदार मेजर खुशी राम ने निस्वार्थ भाव से युवाओं का मार्गदर्शन कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर किया। खास बात यह है कि इनमें से कई युवा आज सेवानिवृत्त होकर सम्मानपूर्वक अपने घर लौट चुके हैं, जो उनके मार्गदर्शन की सफलता को दर्शाता है।

**समापन** वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न, सन्नी शर्मा ने दी 21 हजार रुपए की राशि

# रामपुर पंजाब की टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**अनंत ज्ञान, जोल**



जोल उपतहसील की ग्राम पंचायत खरयालता के गांव रौणखर मैदान में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ आयोजक।

जोल उपतहसील की ग्राम पंचायत खरयालता के गांव रौणखर मैदान में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा की लगभग 32 टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

फाइनल मुकाबले को देखने के लिए मैदान में रविवार देर रात्रि पर दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। समापन समारोह में रौणखर गांव के युवा व्यवसायी सन्नी शर्मा जालंधर वाले विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर उनके साथ उनके पिता समाजसेवी रमेश शर्मा भी वशिष्ठातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना व स्वस्थ जीवन की सीख देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। मंच का संचालन स्थानीय वॉलीबाल कोच अशवनी शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सन्नी शर्मा ने अपनी ओर से प्रतियोगिता के सफल आयोजन व खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए 21,000 रुपए की राशि भेंट की। उनकी इस घोषणा पर मैदान में मौजूद लोगों ने तालियों के साथ स्वागत किया। सदा शिव युवा क्लब तलमेहड़ा के आयोजकों ने इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों ने कड़ी टक्कर दी। अंत में विजेता रामपुर पंजाब की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि उपविजेता सदाशिव तलमेहड़ा द्वारा स्पॉन्सर टीम को भी सम्मानित किया गया।

विशेष अतिथि द्वारा विजेता टीम को 21000 रुपए व उपविजेता टीम को 11000 रुपए ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में सदाशिव युवा क्लब तलमेहड़ा के आयोजक लक्की शर्मा, बंटी शर्मा, विक्की शर्मा, अंकित मोदगिल, बलकार सिंह, विनोद कुमार, अभिषेक डोगरा, मनीष डोगरा, सैंडी डोगरा, मिठू धीमान ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस प्रकार रौणखर में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता खेल भावना, उत्साह व आपसी भाइचारे के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। समापन अवसर पर स्थानीय वॉलीबाल कोच अश्वनी शर्मा, उपप्रधान अशोक कुमार मोनू, रिटायर्ड सूबेदार मेजर खुशीराम शर्मा, पूर्व उपप्रधान जीवन सिंह, रणधीर ठाकुर, राहुल शर्मा, अंकित शर्मा, बिशन दास एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मांजरू गांव में तेंदुए ने गर्भवती बकरी का किया शिकार, ग्रामीणों में दहशत

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

उप तहसील जोल की ग्राम पंचायत टकोली के गांव बेहलां मांजरू में बीते शनिवार को एक तेंदुए ने नवजोत सिंह पत्नी मीना कुमारी गांव मांजरू के घर के समीप उसकी गर्भवती बकरी का शिकार कर लिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और लोग अपने मवेशियों व बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

तेंदुआ दिन में ही लगते जंगल के पास पहुंचा और बकरी पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया, जब परिजनों ने बकरी को ढूंढना शुरू किया, तो रविवार को मृत अवस्था में पाया तो इसकी सूचना वन विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों को दी। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही देखी जा रही है, लेकिन अब पहली बार उसने गांव के भीतर आकर मवेशी का शिकार किया है। इससे लोगों में भय और आक्रोश दोनों है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि जल्द ही कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। घटना की जानकारी वन विभाग को भी दी गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रभावित क्षेत्र में तुरंत पिंजरा लगाया जाए तथा रात के समय गश्त बढ़ाई जाए, ताकि लोगों और उनके पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। पीड़ित परिवार ने बताया कि बकरी गर्भवती थी व परिवार की आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन थी, ऐसे में उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है।

ग्रामीणों ने वन विभाग से नियमों के तहत उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि पीड़ित परिवार को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के आसपास झाड़ियां व जंगल होने के कारण जंगली-जानवरों का खतरा बना रहता है, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं, वन विभाग के रेंज ऑफिसर बंगाणा अंकुश आनंद ने सूचना मिलने की पुष्टि करते हुए कहा है कि टीम को मौके पर भेजा जा रहा है और हालात का जायजा लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। वहीं, ग्राम पंचायत टकोली के उपप्रधान पंकज रणौत ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और पिंजरा लगाया जाए।

# पर्यटकों के लिए दो जनवरी तक खुला रहेगा रोहतांग

## फोर बाई फोर वाहनों के साथ अब सभी प्रकार के वाहन परमिट लेकर जा सकेंगे रोहतांग

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** पर्यटन नगरी मनाली आने वाले पर्यटक अब दो जनवरी 2026 तक रोहतांग दर्रा के दीदार कर सकेंगे। इस संबंध में उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

जिलाधीश एवं जिला दंडाधिकारी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने आदेश जारी करते हुए पलचान से रोहतांग मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को 2 जनवरी 2026 तक बढ़ाने की अनुमति प्रदान की है। यह निर्णय संबंधित विभागों के साथ सड़क की स्थिति की समीक्षा तथा एसडीएम मनाली की संस्तुति के आधार पर लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार रोहतांग की ओर फोर बाई फोर के साथ-साथ फोर बाई टू वाहनों की आवाजाही की अनुमति पूर्णतः मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगी। गुलाबा से रोहतांग की ओर वाहनों की आवाजाही सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक ही होगी। वहीं, सभी वाहनों को मढ़ी चेक पोस्ट से दोपहर 2:00 बजे से पहले मनाली की ओर लौटना अनिवार्य होगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पूर्व में जारी आदेशों की अन्य सभी शर्तें एवं नियम यथावत लागू रहेंगे।

वहीं, नववर्ष के अवसर पर मनाली में पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया है। जिला दंडाधिकारी कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए 28 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक मनाली क्षेत्र में हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेश के अनुसार मनाली के मॉल रोड तथा इससे सटे बाजार क्षेत्रों में पुलिस थाना मनाली के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस, अर्धसैनिक बलों और सेना के ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को हथियार रखने या साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी। नववर्ष समारोह के दौरान बढ़ती भीड़ के कारण कानून-व्यवस्था एवं सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर एहतियाती कदम उठाए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि के दौरान आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाने के लिये पुलिस अधीक्षक कुल्लू को कहा गया है। किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।



मनाली में बर्फ के बीच अठखेलियां करते पर्यटक।

### ट्रैफिक प्लान में भी किया बदलाव

**नव** वर्ष के लिए कुल्लू, मनाली,तीर्थन व जीभी घाटी में भारी मात्रा में पर्यटक आ रहे हैं इसलिए भुंतर-मणिकर्ण व जीभी-जलोड़ी जोत का ट्रैफिक प्लान में भी बदलाव लाया गया है। उन्होंने कहा कि भुंतर-मणिकर्ण मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही के लिए नए दिशा-निर्देश जारी। आगामी नए साल और पीक पर्यटन सीजन के दौरान भुंतर-मणिकर्ण मार्ग पर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जनहित और सुरक्षित यातायात प्रबंधन के लिए 27 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेंगे। इसके अनुसार वोल्वो बसों, डंपर और अन्य उच्च क्षमता वाले भारी वाहनों को इस मार्ग पर केवल रात 09:00 बजे से सुबह 7 बजे के बीच ही चलने की अनुमति होगी। एंबुलेंस, दमकल वाहन, पुलिस वाहन और अन्य आवश्यक आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों को इन प्रतिबंधों से पूरी तरह मुक्त रखा गया है।

## ग्रामीणों ने बुझाई जंगल में लगी आग

**अनंत ज्ञान, मनाली।** लापरवाह लोगों के कारण पलचान गांव के ऊपर पहाड़ी में लगी आग को ग्रामीणों ने मिलजुलकर बुझा दिया। आग से वन संपदा को नुकसान हुआ है। रविवार रात को आग सोलंग गांव की ओर रुख कर रही थी, जिससे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई थी। हालांकि, कोई जान नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन पेड़ जलकर राख हो गए हैं। ग्राम कमेटी के प्रधान विक्रांत ठाकुर, सदस्य शिवदयाल व पूर्व प्रधान देवी सिंह ने बताया कि आग लगने से सभी लोग चिंतित थे। उन्होंने बताया कि सुबह होते ही ग्रामीणों ने घटनास्थल का दौरा किया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग पर काबू पा लिया। उन्होंने वन विभाग व सरकार से जंगल में आग लगाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उधर बीडीसी सदस्य रेशमा ठाकुर ने लोगों से आग्रह किया कि जंगल में आग न लगाएं। इस तरह के लोगों की शिकायत करें, ताकि उन पर कार्रवाई की जा सके।

## 'एक बूथ पर 10 किसान प्रहरी' कार्यक्रम में मनाली मंडल अव्वल

**किसानों के हितों को मजबूत करने के संकल्प पर बल दिया गया**

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

भाजपा किसान मोर्चा मनाली मंडल की परिचयात्मक बैठक कटराई स्थित होटल शुभम में आयोजित हुई। मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। इसमें किसान मोर्चा के पदाधिकारियों और नेताओं ने भाग लिया।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। वहीं, प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री ज्योति कपूर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तुलसी राम, प्रदेश मीडिया प्रभारी धनवीर ठाकुर, कुल्लू जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दूनी चंद तथा उपाध्यक्ष संजय ठाकुर, मनाली मंडल अध्यक्ष जोगिंदर मेहरा, महामंत्री देवेंद्र ठाकुर, पन्ना लाल भारद्वाज ने शिरकत की। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलित और वंदे मातरम से हुई। उसके उपरांत किसान मोर्चा की नव गठित कार्यकारिणी का परिचय हुआ। 'एक बूथ पर 10 किसान प्रहरी' कार्यक्रम में पूरे हिमाचल प्रदेश में मनाली मंडल प्रथम स्थान पर रहा, जिसके लिए सभी पदाधिकारियों ने किसान मोर्चा मनाली मंडल को शुभकामनाएं दीं। वहीं, पूर्व मंत्री ने बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों, मंडल स्तर पर किसान मोर्चा की भूमिका तथा केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की और किसानों के हितों को मजबूत करने के संकल्प पर बल दिया। प्रदेश महामंत्री ज्योति कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम स्तर पर प्रभारी बनाने तथा केंद्र द्वारा किसानों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। बैठक में मंडल की भावी योजनाओं पर चर्चा की गई तथा किसानों के हितों को मजबूत करने के संकल्प पर बल दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएमएफ कार्यों की प्रगति की डीसी ने की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने लोक निर्माण विभाग द्वारा एसडीएमएफ के तहत संचालित विकासात्मक कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक डीसी कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डीसी ने जिले में स्वीकृत एसडीएमएफ कार्यों की प्रगति, वित्तीय स्थिति, कार्य की गुणवत्ता तथा समयबद्ध पूर्णता को लेकर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा स्थल निरीक्षण के माध्यम से कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए।

### मान दासी ने गोसदन को दी 11 हजार की राशि

**अनंत ज्ञान, मनाली।** नसोगी गांव की महान समाजसेविका मान दासी ने गोसदन के लिए नव प्रधान मनोज लारजे को 11000 की राशि भेंट की। बुजुर्ग महिला मान दासी ने लोगों से गाय के प्रति भी अनदेखी न करने की अपील की। मान दासी ने अपने संदेश में मनाली वासियों से कहा कि गो माता के संरक्षण के लिए लोगों को आगे आना चाहिए, क्योंकि यह धार्मिक कर्तव्य, सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है। गोशालाओं को सहयोग देना, बीमार गायों का इलाज कराना और दैनिक जीवन में गौ सेवा (घास, पानी, देखभाल) करके समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। जिससे न केवल आत्मिक लाभ मिलेगा बल्कि समृद्धि और सभ्यता का भी विकास होगा।

### लाहौल-स्पीति 'मन की बात' आयोजन में अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिला ने भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के आयोजन में जिला पूरे हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। जिले के सभी 92 पोलिंग बूथों पर शत-प्रतिशत आयोजन सुनिश्चित कर भाजपा ने यह अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय स्तर की रिपोर्ट और पोर्टलों द्वारा इसकी पुष्टि की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी बूथों पर नेताओं की सहभागिता, अनुशासन और व्यापक जनभागीदारी के साथ कार्यक्रम सुना गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को स्थानीय जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व लाहौल-स्पीति जिला प्रभारी अखिलेश कपूर ने कहा कि 8,000 फीट से 15,226 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग बूथ 'ताशीगांग' सहित सभी दुर्गम क्षेत्रों में शत-प्रतिशत कवरेज संगठन की मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और अटूट प्रतिबद्धता को दिया। दिल्ली से जारी आधिकारिक रिपोर्ट में जिले की सक्रियता की पुष्टि होने पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने खुशी जताई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी और उम्मीद जताई कि लाहौल-स्पीति की टीम भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ प्रधानमंत्री मोदी के विजन को जन-जन तक पहुंचाती रहेगी।

### जलयात्रा के साथ शुरू हुआ श्रीमद्भागवत पुराण

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी खंड के ऐतिहासिक गांव कराणा में सोमवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भव्य जलयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच निकली जलयात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कथा के प्रथम दिवस स्वामी श्रीनिवासाचार्य, संस्थापक, श्री मुक्तिनाथ वेद विद्या आश्रम संस्कृत गुरुकुल पंचकूला ने भागवत महापुराण के महत्व पर प्रवचन दिया। उन्होंने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के आपसी संबंधों को समझाया और बताया कि कथा मानव जीवन को सही दिशा देने का कार्य करती है। सात दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन आचार्य जितेंद्र गौतम, आचार्य संजीव भारद्वाज एवं देवांशु मिश्र द्वारा पाठ, हवन और अन्य वैदिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजक चंद्रप्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन भंडारे की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में कराणा पंचायत के पूर्व प्रधान ख्याले राम शर्मा, पूर्व शिक्षा उप निदेशक अमर चौहान, मंदिर कमेटी अध्यक्ष तारा चंद शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सड़क नियमों का पालन करने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में सोमवार को रोड सेफ्टी जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समाज को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना और 'जीवन है अनमोल' का संदेश देना था। कार्यक्रम की शुरुआत रैली से हुई, जिसमें छात्रों ने सड़क नियमों का पालन करने की अपील की और पोस्टर-पोस्टर के माध्यम से सुरक्षा संदेश साझा किए। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पोस्टर मेकिंग में रेशमा कुमारी, प्रीतिका चौहान और शुभम ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। स्लोगन राइटिंग में सुचिरत, सुहानी शर्मा और भूमिका विजेता रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने कहा कि जीवन अत्यंत अनमोल है और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

### छात्रों को अनुशासन व आत्मविश्वास के संदेश दिए

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय च्वाई में वार्षिक पारितोषिक वितरण एवं सांस्कृतिक समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ और विद्यार्थियों ने पहाड़ी, कुल्लवी, किन्नौरी एवं बॉलीवुड गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और एनएसएस गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 6वीं से 10+2 तक के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए। एनएसएस एवं अन्य गतिविधियों में भी विद्यार्थियों को विशेष सम्मान दिया गया। मुख्यातिथि शेर सिंह ठाकुर ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य कुमारी विधा ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह का समापन सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पर्यटन को बढ़ावा देगा पर्यटन प्रकोष्ठ : चमन

**अनंत ज्ञान, मनाली।** प्रदेश भाजपा द्वारा विभिन्न प्रकोष्ठों के विस्तार के बाद मनाली से विभिन्न प्रकोष्ठों में जिम्मेदारी मिलने वाले पदाधिकारियों को भाजपा पर्यटन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक चमन कपूर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यटन प्रकोष्ठ प्रदेश सहित कुल्लू मनाली में पर्यटन को बढ़ावा देने को हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जिन भी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है, वे पहले भी पार्टी में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं और अनुभवी हैं। चमन कपूर ने कहा कि पार्टी में कर्मठता से कार्य करने पर उन्हें ये जिम्मेदारी पार्टी ने दी है। मनाली विधानसभा से जिन भी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिली है, उनमें डोलाराज ठाकुर और निहाल चंद ठाकुर को पर्यटन प्रकोष्ठ का सह संयोजक, रोशन ठाकुर को भाजपा पर्यटन प्रकोष्ठ कुल्लू जिला का संयोजक तथा अमित सूद को सह संयोजक, कानून एवं विधिक प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक सुशील ठाकुर तथा शिक्षक प्रकोष्ठ की सह संयोजक वर्षा ठाकुर को बनाया गया है।

## लारजी डैम में जल्द शुरू होंगी जल क्रीड़ाएं : तोरुल रवीश



डिस्ट्रिक्ट वॉटर स्पोर्ट्स एंड एलाइड एक्टिविटी सोसायटी लारजी की बैठक करती डीसी कुल्लू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लारजी डैम में जल्द ही जल क्रीड़ाएं शुरू होंगी। इसको लेकर कुल्लू जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। सोमवार को कुल्लू डिस्ट्रिक्ट वॉटर स्पोर्ट्स एंड एलाइड एक्टिविटी सोसाइटी लारजी की बैठक सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिलाधीश कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में लारजी वाटर स्पोर्ट्स सेंटर व कैफेटेरिया के संचालन पर विस्तार से चर्चा की गई, ताकि यहां उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम लाभ पर्यटकों को मिल सके और इस केंद्र को पर्यटन गतिविधियों से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सके। उपायुक्त ने वाटर स्पोर्ट्स सेंटर एवं कैफेटेरिया के संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सोसायटी के सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्यों से सुझाव भी आमंत्रित किए। बैठक का संचालन सोसाइटी के सदस्य सचिव एवं जिला पर्यटन विकास अधिकारी रोहित शर्मा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी शर्मा, पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान, एसडीएम पंकज शर्मा सहित अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान, पर्यटन विभाग के अधिकारी तथा सोसायटी के गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## आग से छिनी छत, इंसानियत बनी सहारा

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**



एचवीटी फाउंडेशन ने पेखड़ी गांव के अग्नि प्रभावितों को पहुंचाई राहत सामग्री।

जिला कुल्लू उपमंडल की तीर्थन घाटी में बार-बार हो रही आगजनी की घटनाओं ने आम जन मानस की चिंता बढ़ा दी है। यहां की ग्राम पंचायत पेखड़ी का पेखड़ी गांव जो यूनेस्को विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के इको-सेंसिटिव जोन में आता है, जो हाल ही में दो बार भीषण अग्निकांड की चपेट में आ गया।

इस हादसे में गांव के 10 पढ़ाछे और दो रिहायशी मकान क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें सभी सदियों पुराने काशठकुणी शैली से निर्मित पारंपरिक लकड़ी के घर थे। बंजार सराज में हो रही इस प्रकार की घटनाओं से हिमालयी क्षेत्रों की पारंपरिक वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत के लगातार हो रहे नुकसान पर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। हाल ही के कुछ महीनों में झनियार, तांदी व शिमला बेल्ट के कुछ इलाकों में भी इसी तरह की आग की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे यह समस्या और भी गंभीर होती जा रही है। इस संकट की घड़ी में हिमालयन वॉलंटियर टूरिज्म फाउंडेशन ने सराहनीय पहल करते हुए रविवार को पेखड़ी आगजनी प्रभावित परिवारों की मदद की। एचवीटी फाउंडेशन के फाउंडर पंकी सूद और स्थानीय समन्वयक प्रताप ठाकुर के सहयोग और ट्राइडेंट ऑटोमोबाइल्स, बेंगलुरु के माध्यम से कुल एक लाख दस हजार रुपए की सहायता दी गई।

इसके तहत 12 परिवारों को 110 रूफिंग शीट्स वितरित की गईं, जबकि दो सबसे अधिक क्षतिग्रस्त मकानों के परिवारों को पंद्रह हजार प्रति परिवार आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई। तीर्थन घाटी के पर्यटन कारोबारी खेम भारती, पीड़ित परिवारों व स्थानीय ग्रामीणों ने इस सहयोग के लिए पर्यटकों, एचटीवी फाउंडेशन व ट्राइडेंट ऑटोमोबाइल्स का आभार व्यक्त किया। आपदा के समय इस तरह की मदद पहाड़ी समुदायों के लिए जीवनरेखा होती है और समाज में सहयोग की भावना को मजबूत करती है। एचटीवी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि राहत कार्य जरूरी है, लेकिन बार-बार लगने वाली आग एक बड़ी और गहरी समस्या की ओर इशारा करती है। दूरस्थ और ईको-सेंसिटिव हिमालयी गांवों में अग्नि-चेतावनी तंत्र, फायर ब्रिगेड संसाधन और आपदा-तैयारी की भारी कमी है। लकड़ी से बने पारंपरिक घरों का इस तरह नष्ट होना न केवल लोगों की आजीविका, बल्कि सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत के लिए भी बड़ा खतरा है।

स्थानीय लोगों व स्वयंसेवकों ने सरकार व संबंधित संस्थाओं से मांग की है कि केवल आग लगने के बाद सहायता देने तक ही सीमित न रहा जाए, बल्कि मॉडल हिमालयी गांवों के विकास पर काम किया जाए। इसमें अग्नि-सुरक्षित निर्माण तकनीक, सामुदायिक प्रशिक्षण, आत्मरक्षा व्यवस्था व टिकाऊ बुनियादी ढांचे को शामिल किया जाए, ताकि हिमालय की नाजुक प्रकृति और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत दोनों की रक्षा की जा सके।

## विधायक शौरी ने संगम युवक मंडल भवन का किया लोकार्पण



विधायक संगम युवक मंडल के नवनिर्मित भवन का विधिवत रूप से लोकार्पण करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने ग्राम पंचायत हाट के अंतर्गत संगम युवक मंडल के नवनिर्मित भवन का विधिवत रूप से लोकार्पण किया।

इस लोकार्पण के साथ ही संगम युवक मंडल को अपना स्थायी भवन प्राप्त हो गया है। इस अवसर पर अप्पर हाट में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत उप-प्रधान अजय भटनागर, कलैहली पंचायत प्रधान फुला देवी, मुंशी लाल, चौबे राम, रैंबो डोलिया, रूप सिंह, वर चंद, रजत वैद्य सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगम युवक मंडल के सदस्यों ने पूरे उत्साह और गर्मजोशी के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया तथा विधायक सुरेंद्र शौरी का इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए स्वागत व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी उन्होंने संगम युवक मंडल के भवन निर्माण के लिए राशि उपलब्ध करवाई थी।

### डाकघर लघु बचत पुरस्कार राशि से निर्मित परिसंपत्तियों की समीक्षा बैठक संपन्न

## लघु बचत योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

डीसी कार्यालय लाहौल-स्पीति में सोमवार को डाकघर लघु बचत योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त पुरस्कार राशि से निर्मित परिसंपत्तियों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड, हिमाचल प्रदेश प्रकाश चंद करड़ ने की।

इस अवसर पर कार्यकारी सहायक आयुक्त उपायुक्त लाहौल-स्पीति कुनिका एकर्स विशेष रूप से उपस्थित रही। बैठक में सहायक उपायुक्त ने बताया कि डाकघर लघु बचत पुरस्कार राशि से अब तक जिला मुख्यालय में 4 परिसंपतियां निर्मित की गई हैं, जिनमें एक बचत विकास केंद्र केलांग, नवनिर्मित बचत भवन, बैठक हाल तथा बचत भवन निकट उपायुक्त आवास केलांग शामिल हैं। बैठक में परिसंपत्तियों के किराया निर्धारण, समय पर किराया प्राप्ति, पुनर्निर्धारण, तथा



उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड प्रकाश चंद करड़ अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

वार्षिक इकरारनामे से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक की जिला बचत एवं सेवा समिति फंड की आय-व्यय की स्थिति पर भी समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड, हिमाचल प्रदेश, प्रकाश चंद करड़ ने संबंधित अधिकारियों को लघु बचत से निर्मित परिसंप्तियों के समयबद्ध किरायों की वसूली व जिला में अभिकर्ताओं की संख्या बढ़ानें के निर्देश दिए तथा डाकघर लघु बचत योजनाओं से जुड़े पांच उत्कृष्ट अभिकर्ताओं से उनकी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि लघु बचत योजनाओं से संबंधित साइन बोर्ड अधिक आबादी वाले क्षेत्रों सहित बस स्टैंड में लगाए जाएं, जिन पर सभी योजनाओं की पूर्ण जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो, ताकि आमजनता लघु बचत योजनाओं के बारे में जागरूक होकर अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ उठा सकें। लघु बचत एजैंटों ने वर्तमान कमीशन को बहुत कम बताते हुए इसे बढ़ाने की मांग की। इस पर उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड ने कहा कि इस संदर्भ में राष्ट्रीय स्तर पर बातचीत करने का आश्वासन दिया।

## पहले संवेदनशील प्वाइंट दुरुस्त किए जाएं : आदित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** बाराहार सड़क मार्ग की मरम्मत बर्फ व बारिश से पहले सुनिश्चित की जाए, ताकि स्थानीय लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े। यह मांग भाजपा कार्यसमिति के सदस्य आदित्य विक्रम सिंह ने जिला प्रशासन के समक्ष उठाई। बुधवार को वे पंचायत प्रधान परस राम के साथ इस संबंध में डीसी कुल्लू से मिले। आदित्य ने बताया कि सड़क पर कई संवेदनशील प्वाइंट बेहद जर्जर हालत में हैं, जिनके कारण आवागमन में लगातार खतरा बना हुआ है। डीसी ने नियम अनुसार मरम्मत कार्य को जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया है और बताया कि सड़क के टेंडर जारी किए जा चुके हैं। यह मार्ग आपदा के दौरान बंद हो गया था और लंबे समय बाद बहाल तो हुआ, लेकिन कुछ हिस्सों में जोखिम अभी भी बरकरार है। पंचायत प्रधान परस राम ने कहा कि सड़क की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को रोजाना दूर तक पैदल चलना पड़ रहा है इसलिए सर्दियों से पहले मरम्मत कार्य अनिवार्य रूप से पूरा होना चाहिए।

**परेशानी** सरकारी लापरवाही पर समाजसेवी ने हाईकोर्ट में दायर की जनहित याचिका

# आनी अस्पताल में डेढ़ साल से नहीं हो रहे एक्स-रे

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** आनी और आसपास की करीब 50 पंचायतों की हजारों आबादी के स्वास्थ्य सुविधा के केंद्र आनी के सिविल अस्पताल में एक्सरे सेवा पूरी तरह ठप पड़ी है।

उपमंडल आनी में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, क्षेत्र के राजनीतिक दलों व सरकार की नजरअंदाजी अब न्यायालय की चौखट तक जा पहुंची है। आनी क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य सेवा के केंद्र सिविल अस्पताल आनी में पिछले डेढ़ वर्ष से एक्स-रे सुविधा पूरी तरह ठप पड़ी है। इसके चलते मरीजों को 70 से 100 किलोमीटर दूर शिमला, रामपुर या निजी केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। स्थिति से त्रस्त होकर समाजसेवी मोनू भारद्वाज ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की है, जो उन तथाकथित नेताओं के मुंह ओर भी तमाचा है, जो एक्स-रे मशीन को लेकर बड़ी-बड़ी बयानबाजी करके जनता को मूर्ख बनाकर बेवजह का श्रेय तो ले रहे हैं, लेकिन सिविल अस्पताल आनी को एक्सरे मशीन मिल नहीं रही है। याचिका में बताया गया है कि अस्पताल में स्थापित 40-50 वर्ष पुरानी एक्स-रे मशीन 20 अगस्त 2024 को स्थायी रूप से खराब हो गई थी, जिसे इंजीनियरों ने 'अप्रचलित, पूरी तरह अनुपयोगी' घोषित कर दिया था। याचिकाकर्ता ने न्यायालय को बताया कि ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर आनी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू द्वारा कई बार स्वास्थ्य विभाग और सरकार को पत्र भेजे गए, लेकिन नई मशीन उपलब्ध कराने के लिए आज दिन तक कोई कदम नहीं उठाया गया।

अनंत ज्ञान मुद्दा




आनी अस्तपाल में एक्स-रे मशीन खराब होने के कारण दरवाजे के बाहर लिखी सूचना।

### बस हादसे के दौरान रेफर करने पड़े थे मरीज

**दुर्घटनाओं** और आपातकालीन स्थितियों में यह कमी गंभीर खतरा बन सकती है। याचिका में 10 दिसंबर, 2024 को शकलैड के पास हुए बस हादसे का हवाला दिया गया, जिसमें एक्स-रे सुविधा न होने से घायल मरीजों को तुरंत रेफर करना पड़ा। इसे संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन के अधिकार) और अनुच्छेद 47 में वर्णित राज्य के कर्तव्यों का स्पष्ट उल्लंघन बताया गया है। याचिका में मांग की गई है कि अदालत सरकार को तत्काल आनी अस्पताल में आधुनिक डिजिटल 500 एक्स-रे मशीन स्थापित करने के आदेश दें और राज्य के सभी अस्पतालों में मूलभूत जांच सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। याचिका का समर्थन करते हुए सामाजिक सुधार एवं आरटीआई पर काम कर रही सचेत संस्था सहित स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग, सरकार और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता ने हालात को चिंताजनक बना दिया है और अब न्यायालय का हस्तक्षेप ही इस समस्या का समाधान दिला सकता है। याचिकाकर्ता मोहर सिंह उर्फ मोनू भारद्वाज ने उम्मीद जताई है कि हाईकोर्ट के आदेश से उपमंडल में स्वास्थ्य सेवाओं की नई शुरुआत होगी।

## मेधावियों का सम्मान, मुख्यातिथि रिमन सिंह ठाकुर ने बांटे पुरस्कार



सरस्वती विद्या मंदिर रियाड़ा में मुख्यातिथि मेधावियों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

सरस्वती विद्या मंदिर रियाड़ा का वार्षिक उत्सव व पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में रिमन सिंह ठाकुर महाहामंत्री कुल्लू फलोत्पादक मंडल एवं कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश भाजपा सोशल मीडिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस दौरान हिमाचल शिक्षा समिति प्रांत कार्यकारिणी सदस्य व जिला मंत्री कुल्लू जोगिंद्र सिंह विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा राम पूर्व अध्यक्ष सरस्वती विद्या मंदिर रियाड़ा ने की। प्रधानाचार्या आत्मा राम ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इसके बाद मुख्यातिथि तथा मुख्यवक्ता ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार बांटे। अभिनव ठाकुर, रिहान व सुहानी को छात्रवृति प्राप्त करने पर, कृतिका ठाकुर को नवोदय विद्यालय में चयन के लिए, संस्कृति महोत्सव में जिला स्तर पर कथा में कशिश और सानवी को प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए, खेलकूद में जिला स्तर पर कबड्डी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर पूरी टीम को और 18 स्टूडेंट्स को शत-प्रतिशत हाजरी के लिए मुख्यातिथि रिमन सिंह ठाकुर ने सम्मानित किया। उन्होंने शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने पर स्कूल के अध्यापकों को बधाई दी। इस कार्यक्रम में प्रबंधक समिति के प्रबंधक ज्ञान चंद ठाकुर, हुक्म चंद पंचायत समिति सदस्य, देवी राम पूर्व प्रधानाचार्य, राजीव कानूनगो, चेत राम प्रधानाचार्य नग्गर, सुनील, डिंपल, पवन, दौलत राम व सोभा राम, अभिभावक वर्ग तथा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ठोड़ा प्रतियोगिता में रस्सा टूटने से महिलाएं खाई में गिरीं

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सिरमौर के राजगढ़ तहसील अंतर्गत शिलाबाग में पारंपरिक ठोड़ा प्रतियोगिता के दौरान रस्साकस्सी मुकाबले में बड़ा हादसा हुआ। प्रतियोगिता के दौरान रस्सा टूट जाने से 11 में से कई महिलाएं संतुलन खोकर लगभग 10-12 फुट ऊंचे डंगे से नीचे गिर गईं। हादसे में एक बच्ची सहित 3-4 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुईं। घायलों को तुरंत सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बच्ची को गंभीर चोटें लगने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद शिमला रेफर किया गया। अस्पताल के एमएस डॉ. राकेश पंवर ने बताया कि महिलाओं को सिर, गर्दन और बाजू में गंभीर चोटें आई हैं। मामले की जांच और घायलों के इलाज का कार्य जारी है।

### अवैध शराब मामलों में पुलिस की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** गश्त और गुप्त सूचना के आधार पर सिरमौर जिले में पुलिस ने अवैध शराब से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की है। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस थाना पुरुवाला की टीम ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ा। आरोपी की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है, जो वर्तमान में पांवटा साहिब क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस ने मौके पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। इसी दिन पुलिस थाना पच्छाद की टीम ने वासनी क्षेत्र में गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एक अन्य व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ा। आरोपी की पहचान बरिंद्र दत्त निवासी धार घाट, वासनी के रूप में हुई है। इस मामले में भी पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क सुरक्षा व नशाखोरी के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चतुर्थ व पंचम दिवस के दौरान स्वयंसेवियों को सामाजिक, स्वच्छता व शैक्षणिक गतिविधियों बारे व्यवहारिक जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज शर्मा ने बताया कि शिविर के चौथे दिन शैक्षणिक सत्र के दौरान यातायात पुलिस प्रतिनिधि कुलवंत सिंह एवं पुलिस विभाग की कांस्टेबल वीना ने सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों पर उपयोगी जानकारी दी। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के साथ मिलकर किया गया। इससे पहले स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम की शुरुआत योगाभ्यास से हुई। इसके उपरांत स्वयंसेवियों के एक दल ने ग्राम कोटली में जाकर सर्वेक्षण कार्य किया, जबकि अन्य स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए अमृत वाटिका की सफाई तथा क्यारियों की मरम्मत की। इसी प्रकार शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने चिन्हित स्थानों पर साफ-सफाई का कार्य किया। सायं कालीन शैक्षणिक सत्र में बाल विकास व महिला कल्याण विभाग की पर्यवेक्षक सतिंदर कौर ने स्वयंसेवियों को बाल विकास, स्वास्थ्य तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### ग्राम सभा बैठकों के लिए तिथियां निर्धारित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में वर्ष 2026 के दौरान समस्त ग्राम पंचायतों में जनवरी, अप्रैल, जुलाई तथा अक्तूबर माह में आयोजित होने वाली ग्राम सभा बैठकों की तिथियां निर्धारित कर ली गई हैं। इस संबंध में जिला पंचायत अधिकारी ने एक आदेश जारी करते हुए कहा कि ग्राम सभा की बैठक 4 जनवरी, 5 अप्रैल, 5 जुलाई तथा 2 अक्तूबर को आयोजित की जाएगी। जिले की सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों, पंचायत सचिवों को ग्राम सभा की बैठक निर्धारित तिथियों में आयोजित करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

### भवन निर्माण सामग्री पड़ी होने से लग रहा जाम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर के ऐतिहासिक रानीताल के साथ रोड पर लंबे अरसे से डंपरों द्वारा तीखे मोड़ पर भवन निर्माण के बिल्डिंग मैट्रियल उतारने से जाम लग रहा है। आरोप है कि आसपास के लोगों द्वारा शिकायत करने के बावजूद नप ने चुप्पी साध रखी है। स्थिति से निपटने के लिए नगर परिषद के कार्यकारी को इस बाबत शिकायत दी गई है, लेकिन अभी तक स्थिति टस से मस नहीं हुई है। आरोप है कि रानीताल के प्रमुख गेट नजदीक एसपी सिरमौर के सरकारी निवास के साथ से अंदर जारी सड़क पर सालों से सड़क के आधे हिस्से पर अवैध पार्किंग हो रही है, जिससे जाम लगा रहा था, लेकिन अब बिल्डिंग मैटीरियल सड़क डालने से स्थिति बिगड़ी है। ऐसी ही शिकायत में कहा गया है कि सड़क मैटीरियल पड़े रहने से मुश्किल आ रही है। सड़क लंबे समय के लिए ब्लॉक हो जाती है। शिकायत में कहा गया है कि उन्हें बिल्डिंग मैटीरियल उतारने से कोई एतराज नहीं है, इतना अनुरोध है मैटीरियल छोटी गाड़ियों में आए, ताकि रोड ब्लॉक न हो और जल्दी से रोड क्लियर हो जाए।

### धारला गांव में दी डिजिटल लेन-देन बारे जानकारी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत राज्य सहकारी बैंक की शाखा लाना चेता के सौजन्य से ग्राम धारला शिविर का आयोजन किया गया। इसमें धारला गांव के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर हिमाचल राज्य सहकारी बैंक से शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार तथा सहायक के रूप में रविंद्र उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इनमें लघु दुकानदार योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सोलर ऊर्जा योजना, महिला सशक्त ऋण योजना तथा स्वयं सहायता समूह ऋण योजना प्रमुख रहीं। इसके अतिरिक्त, शिविर में मौजूद लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में डिजिटल धोखाधड़ी, ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग साइट्स जैसे बढ़ते साइबर अपराधों पर विशेष रूप से जागरूक किया गया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि ऐसे मामलों से बचाव हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्देशों का पालन करना आवश्यक है तथा किसी भी संदिग्ध लेन-देन की तुरंत सूचना बैंक को देनी चाहिए।

### हरिपुरधार वार्ड से रणवीर ठाकुर सशक्त दावेदार

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिला में इस बार जिला परिषद की 17 वार्डों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई है और कांग्रेस और भाजपा दोनों राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतरने की कुवायत में लगे हैं। इस बार वार्ड नंबर दो संगड़ाह से अभी तक नामों की चर्चा में अधिकतर नाम सामने नहीं आए हैं परंतु हरिपुरधार से जिला भाजपा महासचिव रणबीर ठाकुर को भाजपा की ओर से सबसे सशक्त उम्मीदवार माना जा रहा है राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि जिला भाजपा महासचिव होने के नाते रणबीर ठाकुर की पार्टी के अंदर और संगठन के अंदर जुझारू और साफ सुथरी छवि होने के कारण उनका नाम पार्टी में भाजपा प्रत्याशी के रूप में तय माना जा रहा है। दूसरी ओर यदि संगड़ाह सीट महिला प्रत्याशी या अनुसूचित जाति वर्ग को जाती है तो भी रणबीर ठाकुर पंचायत समिति सदस्य या ग्राम पंचायत प्रधान का चुनाव लड़ सकते हैं।

### मेरिट लक्ष्य के लिए विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में अकादमी स्टार ग्रुप के अंतर्गत विंटर वेकेशन में विद्यार्थियों को मध्यावधि परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस ग्रुप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मेरिट लिस्ट में आने के लिए प्रेरित करना है। अकादमी स्टार ग्रुप के प्रभारी सहायक आचार्य अक्षय कुमार ने बताया कि गत सत्र में अकादमी स्टार ग्रुप का गठन किया गया था। विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक तनाव से निपटने, अच्छे उत्तर लेखन की विधियां व परीक्षा हाल में टाइम मैनेजमेंट से जुड़े टिप्स सभी प्राध्यापकों द्वारा कार्यशाला में दिए गए। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसी के साथ फरवरी माह में होने वाली परीक्षाओं के लिए सभी प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं भी दी गईं।

### संजय अवस्थी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत दाड़लाघाट के गांव कोटला पुजारिया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक संजय अवस्थी ने ग्रामीणों के हित में कई महत्वपूर्ण विकासात्मक घोषणाएं कीं। इससे गांव में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम के दौरान संजय अवस्थी ने गांव की समस्याओं को तेज करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इसके साथ ही उन्होंने गांव में जल्द ही पानी का हैंडपंप स्थापित करने की घोषणा भी की, जिससे पेयजल समस्या से राहत मिलेगी। महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए संजय अवस्थी ने महिला मंडल भवन निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। वहीं, गांव की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 10 स्ट्रीट लाइटें उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि इन निर्णयों से गांव की जनता को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और प्रशासन जनता के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा सभी विकास कार्यों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाएगा।

# तीन दिन बाद खुली ओपीडी, रोगियों को राहत

## ओपीडी से लेकर एक्स-रे लैब और टेस्ट लैब में लगी मरीजों की लगी लंबी कतारें

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** प्रदेश में डॉक्टरों की हड़ताल समाप्ति के बाद सोलन अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल हो गई। इस दौरान सैकड़ों रोगी उपचार के लिए पहुंचे। अस्पताल में हड़ताल के कारण ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई।

सोमवार सुबह से ही मरीजों की संख्या बढ़ गई है। पर्ची काउंटर पर भीड़ इतनी थी कि मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। हालांकि कई बुजुर्ग और बच्चे लाइनों में खड़े होकर परेशान दिखे। ओपीडी के अलावा एक्सरे लैब और टेस्ट लैब में भी रोगियों की कतारें देखी गई। जिला के अन्य अस्पतालों में भी डॉक्टरों के सामूहिक अवकाश के बाद सोमवार को सामान्य रूप से ओपीडी चली है। जिला के 10 बड़े अस्पतालों के अलावा सभी पीएचसी में सुबह से ही मरीजों को उपचार मिला है। इससे मरीजों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, तीन दिनों के बाद ओपीडी खोलने से सभी अस्पतालों में खूब रश देखने को मिला है। सोलन हॉस्पिटल में



सोलन अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे लोग।

> **सोलन** हॉस्पिटल के एमएस डॉक्टर राकेश पंवर ने बताया कि अस्पताल में सुचारू रूप से स्वास्थ्य सेवाएं बहाल हो गई है। इसी तरह ऑपरेशन भी शुरू हो चुके हैं और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी नियमित रूप से चल रही है।

तो उपचार के लिए मरीजों को घंटे इंतजार करना पड़ा है। यहां सबसे पहले पर्ची के लिए लंबी कतार लगी और उसके बाद ओपीडी में इलाज के लिए भी लंबा इंतज़ार करना पड़ा। वहीं अस्पताल में ऑपरेशन भी शुरू हो गए। पिछले कुछ दिनों से हड़ताल के चलते ऑपरेशन नहीं होने से रोगी परेशान थे। ज्ञात रहे कि सोलन हॉस्पिटल में उपचार के लिए जिला सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं ऐसे में सप्ताह के पहले दिन यहां हर जगह भारी भीड़ देखने को मिली। स्थिति इतनी खराब हो गई की विशेष रूप से सिक्योरिटी गार्ड को व्यवस्था बनाने के लिए सख्त आदेश जारी करने पड़े। सबसे ज्यादा सबसे ज्यादा भीड़ मेडिसिन, सर्जरी, गायनी आर्थो में देखने को मिली। इसके अलावा टेस्ट लैब में एक-रे एक में भी पूरा दिन भर अधिक मरीजों की भीड़ रही। मरीज का कहना है कि पिछले तीन दिनों से ओपीडी नहीं हो रही थी लिहाजा वह बार-बार अस्पताल के चक्कर काट रहे थे लेकिन उपचार नहीं मिल पा रहा था ऐसे में मरीजों की अधिक संख्या बड़ी है। पर्ची काउंटर पर सबसे ज्यादा परेशानी जहां एक तरफ हॉस्पिटल में तीन दिनों बाद ओपीडी हुई है। वही सबसे ज्यादा परेशानी पर्ची काउंटर पर देखने को मिली। यहां सिर्फ एक ही काउंटर होने के चलते मरीजों को लंबी-लंबी कतारों में खड़े होना पड़ा। इससे मरीजों में खासा रोष देखने को मिला। पहले अस्पताल में दो कर्मी पर्ची काटा करते थे। लेकिन फिलहाल अब एक ही कर्मी काम कर रहा है। इसके अलावा सीनियर सिटीजन का पर्ची काउंटर भी बंद है। ऐसे में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा है।

# नाहन कॉलेज की स्वयंसेविका मनीषा ने असम में लहराया परचम

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की स्वयंसेविका मनीषा ने असम में आयोजित 15 दिवसीय 'अष्टलक्ष्मी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम' में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल और महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मनीषा ने 15 से 28 दिसंबर तक आईआईटी गुवाहाटी में आयोजित इस गौरवशाली कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें हिमाचल और आंध्र प्रदेश के कुल 40 मेधावी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित 'असम भ्रमण' विषय पर आधारित प्रस्तुतीकरण में मनीषा ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरे ग्रुप में द्वितीय पुरस्कार हासिल किया।इस विशेष शैक्षणिक भ्रमण के दौरान 27 दिसंबर को प्रतिभागियों ने असम लोक भवन में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने गरिमामय वातावरण में युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासन, नवाचार और सकारात्मक सोच के साथ 'विकसित भारत' के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों को स्मृति स्वरूप पुस्तकें भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। मनीषा ने अपनी इस शानदार उपलब्धि का श्रेय एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ. पंकज चांडक और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग को दिया है। इस सफलता पर डॉ. पंकज चांडक और प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ल ने मनीषा को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समझ को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

# अग्निवीरों का फूल-मालाओं से भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



फूल-मालाएं पहनाकर, ढोल-नगाड़ों की धुनों व भारत माता के जयघोष के बीच किया भव्य स्वागत।

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

भारतीय सेना में अग्निवीर के पद पर पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से हाल ही में चयनित हुए पांच युवाओं के राजगढ़ पहुंचने पर उनका फूल-मालाओं पहनाकर व ढोल-नगाड़ों की धुनों व भारत माता के जयघोष के बीच भव्य स्वागत किया गया।

प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने अपने संबोधन में कहा कि अग्निवीर योजना देश के युवाओं को राष्ट्रसेवा का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह पच्छाद व सिरमौर जिले के लिए गर्व का विषय है कि यहां के युवा देश की रक्षा में योगदान देने जा रहे हैं। पच्छाद विधायक रीना कश्यप ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं में देशभक्ति की भावना सदैव प्रबल रही है और अग्निवीर के रूप में चयनित होकर उन्होंने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना युवाओं को अनुशासन, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ाने वाली योजना है। विधायक ने सभी अग्निवीरों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अरुण ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि सेना में सेवा करना सौभाग्य की बात है और पच्छाद के युवाओं ने इस अवसर को प्राप्त कर अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का कार्य किया है।

## दून भाजपा ने पट्टा में मनाया पूर्व पीएम स्व. अटल का जन्म शताब्दी वर्ष

# अटल कवि व संगठन शिल्पी के रूप में थे युगद्रष्टा: वंदना

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

अटल जयंती शताब्दी वर्ष के अवसर पर दून विधानसभा क्षेत्र के पट्टा में भाजपा द्वारा आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इससे प्रदेश भाजपा की सचिव और जिला सोलन की भाजपा सह प्रभारी वंदना योगी मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बहुआयामी व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें एक संवेदनशील पत्रकार, ओजस्वी कवि, अद्वितीय संगठनकर्ता और लोकप्रिय सुशासन का प्रतीक बताया। वंदना योगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का कवि हृदय उनकी राजनीति की आत्मा था, जिसने उन्हें अन्य राजनेताओं से अलग पहचान दी। वे केवल सत्ता के नहीं, बल्कि संवेदना और विचार के नेता थे। उनकी कविताओं में राष्ट्रवाद, मानवीय मूल्य और भारतीय संस्कृति की गहरी छाप दिखाई देती है। उनका प्रसिद्ध काव्य संग्रह 'मेरी 51 कविताएं' और आपातकाल के दौरान जेल में लिखी गई 'कैदी कविराज की कुण्डलियाँ' आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि 'हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा' जैसी पंक्तियाँ अटल जी की अदम्य इच्छाशक्ति और संघर्षशील जीवन-दर्शन को दर्शाती हैं। वंदना योगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी एक अद्वितीय संगठन शिल्पी भी थे। उन्होंने शून्य से शिखर तक भाजपा और उसके पूर्ववर्ती संगठन जनसंघ को खड़ा करने में निर्णायक भूमिका निभाई। अटल ने संगठन के माध्यम से भविष्य के नेतृत्व को तैयार किया। प्रमोद महाजन, शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे जैसे अनेक नेताओं को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही। प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी ने स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, पोखरण-II परवाणू परीक्षण, नई दूरसंचार नीति जैसे निर्णय लेकर आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक परमजीत सिंह ने इस अवसर पर याद करवाया कि जब भाजपा के दो सांसद थे तब कांग्रेस भाजपा पर हंसती थी तो इस पर अटल ने कहा कि आज तुम हम पर हंस रहे हो लेकिन एक समय ऐसा आएगा जब देश तुम पर हंसेगा।



अटल स्मृति दिवस पर उपस्थित पूर्व विधायक, मंडल अध्यक्ष व अन्य नेता।

# खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को बुरी आदतों से मुक्त रखती हैं: प्रताप

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सांगना वॉरियर्स की क्रिकेट टीम हरिपुरधार में आयोजित की जा रही क्रिकेट चैंपियनशिप की टॉप 10 में पहुंच गई है। इस टीम ने पहले मालत की टीम को 3 रनों से हराया और उसके बाद शिलाहन की क्रिकेट टीम को छह ओवर में 48 रनों से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। उसके पश्चात सांगना वॉरियर्स ने तीसरे मैच में दिवड़ी खड़ाहन की टीम के छह ओवर में 76 रनों के स्कोर का पीछा करने हुऐ मात्र चार ओवर में ही 78 रन बनाकर कर मैच जीता और प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ 10 टीमों में अपना स्थान बना लिया। शिलाहन और दिवड़ी खड़ाहन की टीमों के साथ हुए मेचों के मुख्यातिथि के रूप में सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता प्रताप रावत को आमंत्रित किया गया था। इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवा पीढ़ी को बुरी आदतों से मुक्त करके राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करती हैं।

# 15 जनवरी तक करवाएं गेहूं और जौ की फसलों का बीमा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपनिदेशक कृषि सिरमौर राजकुमार ने बताया कि जिला सिरमौर के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी मौसम में गेहूं और जौ की फसलों का बीमा अब 15 जनवरी तक करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की निर्धारित तिथि को तकनीकी दिक्कतों के चलते बढ़ाने का आग्रह किया गया था, जिसे स्वीकृत करते हुए कृषि मंत्रालय भारत सरकार ने अब 15 दिसंबर से बढ़ाकर 15 जनवरी कर दिया है, ताकि प्रदेश के किसान फसल बीमा का लाभ उठाने से वंचित न रह सके। इन फसलों का बीमा करवा कर किसान फसलों की बुआई से लेकर कटाई तक, प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा, बाढ़, सैलाब, प्राकृतिक आग, भूमि कटाव आदि के जोखिम से फसलों को सुरक्षित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त फसल कटाई के उपरांत दो सप्ताह तक होने वाले नुकसान तथा स्थानीयकृत आपदाओं से होने वाले नुकसानों की भी भरपाई की जा सकती है।

गेहूं और जौ फसलों के लिए बीमित राशि 60 हजार और 50 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर है। इसमें किसानों को बीमित राशि का मात्र 1.5 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा, जबकि शेष प्रीमियम राशि का भुगतान केंद्र और राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने बैंक से ऋण लिया है, ऐसे ऋणी किसानों की फसलों का बीमा स्वतः ही हो जाएगा यदि ऋणी किसान बीमा नहीं करवाना चाहते हैं, तो उन्हें बैंक में बीमा न करने का घोषणा पत्र देना होगा। जिले में कृषि बीमा कंपनी एआईसी फसलों के बीमे के लिए चयनित की गई है।

# रूपल ठाकुर का हिमाचल क्रिकेट टीम में चयन

**अनंत ज्ञान, अर्की/सोलन।** अर्की उपमंडल के देवरा गांव की रूपल ठाकुर का चयन हिमाचल महिला अंडर-15 क्रिकेट टीम में हुआ है। एचपीसीए ने त्रिवेंदरम में खेली जाने वाली एलीट वनडे प्रतियोगिता के लिए हिमाचल टीम की घोषणा की है। इस टीम में रूपल ठाकुर को स्थान मिलने से ग्राम पंचायत देवरा व डुमैहर के साथ समूचे अर्की क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिला सोलन के लिए भी किसी उपलब्धि से कम नहीं है, क्योंकि जिला सोलन से रूपल ठाकुर के अतिरिक्त रिया शर्मा युक्ति कुमारी का चयन हिमाचल प्रदेश की टीम में हुआ है। रूपल ठाकुर पिछले कई वर्षों से एचपीसीए की धर्मशाला स्थित अकादमी में क्रिकेट का प्रशिक्षण ले रही थी। रूपल के पिता संजीव सोलन में पुलिस विभाग में कार्यरत हैं माता भारती ठाकुर गृहिणी हैं। रूपल का कहना है कि हिमाचल टीम में चयन होने के बाद उनका पूरा फोक्स वनडे टूर्नामेंट पर है।

## सूखे के आसर से प्रभावित चीड़ व बान वनों का विशेषज्ञ टीम ने किया निरीक्षण

# वन पारिस्थितिकी तंत्र पर सूखे की मार, जुटाए सैंपल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी की विशेषज्ञ टीम ने हाल ही में सोलन, सिरमौर और शिमला जिलों में चीड़ एवं बान (ओक) वनों का क्षेत्रीय निरीक्षण किया। यह निरीक्षण वन पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ रहे सूखे और निर्जलीकरण के बढ़ते प्रभावों को लेकर जताई जा रही चिंताओं के मद्देनजर किया गया। पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. मानिका तोमर तथा कीट विज्ञानी डॉ. अजय शर्मा की टीम ने सोलन जिले के शालाघाट और पिपुलघाट तथा शिमला जिले के बनूटी क्षेत्र का दौरा कर चीड़ वनों से सैंपल एकत्र किए, जो सूखे के तनाव से प्रभावित बताए जा रहे हैं।

इस दौरान वन विभाग के अधिकारी भी टीम के साथ मौजूद रहे। वैज्ञानिकों ने प्रभावित पेड़ों का विस्तृत आकलन किया तथा आगे की जांच के लिए मिट्टी और प्लांट टिश्यू के सैंपल एकत्र किए।



इसके अतिरिक्त हाल ही में डॉ. मानिका तोमर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम, जिसमें कीट विज्ञानी डॉ. सुमित वशिष्ठ सहित अन्य विशेषज्ञ सदस्य शामिल थे, ने सिरमौर जिले के बोगधार और भुटली मानल क्षेत्रों में बान (ओक) वनों का भी क्षेत्रीय निरीक्षण किया। वहां भी वन पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ रहे सूखे और निर्जलीकरण को लेकर चिंताएं व्यक्त की गई थीं। वैज्ञानिकों ने प्रभावित बान के पेड़ों का विस्तृत आकलन किया तथा आगे की जांच के लिए सैंपल एकत्र किए।

इस दौरान टीम को बीडीसी चेयरमैन तेजिंदर कमल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक चौहान, प्रधानाचार्य सुशील कमल तथा अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त हुआ।प्रारंभिक जांच के दौरान वैज्ञानिकों ने पाया कि लंबे समय से चली आ रही शुष्क मौसम की स्थिति तथा ग्रीष्म ऋतु में लगी जंगलों की आग की घटनाओं ने वर्तमान स्थिति को अधिक गंभीर बनाया है, जिसका विशेष रूप से पुराने वृक्षों पर अधिक प्रभाव पड़ा है। एकत्र किए गए सभी सैंपल को विस्तृत वैज्ञानिक विश्लेषण के लिए विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं में भेज दिया गया है, ताकि वनों के क्षरण के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

**आयोजन** ममलीग स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित

# कठिन परिश्रम सफलता का आधार: शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि शिक्षा, ज्ञान और कठिन परिश्रम सफलता का आधार होता है। डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ममलीग के वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि शिक्षा भविष्य की सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करना होगा तभी लक्ष्य की प्राप्ति निश्चित रूप से हो सकती है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि शीघ्र ही राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ममलीग को राजीव गांधी डे बोर्डिंग विद्यालय के रूप में स्तरोन्नत किया जाएगा। इस कार्य के लिए प्रथम किश्त के रूप में 1.50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में आगामी



कार्यक्रम के दौरान जन समस्याएं सुनते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल शांडिल।

सत्र से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पाठ्यक्रम भी आरंभ हो जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे 'चिट्टा मुक्त प्रदेश अभियान' के तहत शपथ भी दिलाई।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट रहे मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर जन समस्याएं भी सुनी और सम्बन्धित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर स्कूल प्रशासन को अपनी ऐच्छिक निधि से 31 हजार रुपए देने की घोषणा की इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ममलीग के प्रधानाचार्य राजेश चौहान ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# पवन बने आईटीबीपी में कमांडिंग ऑफिसर

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** नगर पंचायत अर्की के वार्ड नंबर-3 निवासी पवन गुप्ता पुत्र स्वर्गीय ज्ञान चंद गुप्ता को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में पदोन्नति प्रदान करते हुए कमांडिंग ऑफिसर (सीओ) नियुक्त किया गया है। उनकी नई तैनाती 30वीं बटालियन, जालंधर में की गई है। पवन गुप्ता की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे अर्की क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। पदोन्नति से पूर्व पवन गुप्ता श्रीनगर में सेकंड-इन-कमांड के पद पर सेवाएं दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, साहस और नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया। सीमावर्ती व संवेदनशील क्षेत्रों में उनकी कार्यशैली को उच्च अधिकारियों द्वारा सराहा गया। इसके फलस्वरूप उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। पवन गुप्ता की इस सफलता को अर्की क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने अपने निरंतर परिश्रम, समर्पण और ईमानदारी के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जिससे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।

# पीएनडीए के 601 .92 करोड़ जारी कर मोदी सरकार ने फिर जीता भरोसा: ओम आर्य

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली विधानसभा क्षेत्र के युवा भाजपा नेता और समाजसेवी ओम आर्य ने केंद्र सरकार द्वारा आपदा राहत के लिए पीएनडीए के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को 601.92 करोड़ की महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने पर एक बार फिर से जनता का भरोसा जीता है।

उन्होंने प्रदेशवासियों की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर ओम आर्य ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए यह सहायता केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि केंद्र सरकार की संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और मजबूत नेतृत्व का स्पष्ट प्रमाण है। आपदा के कठिन समय में यह सहायता प्रभावित परिवारों के लिए राहत, संबल और नई उम्मीद लेकर आई है। ओम ने कहा कि जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बिना किसी भेदभाव के हिमाचल प्रदेश के साथ मजबूती से खड़ी है। वहीं, दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार आपदा प्रबंधन, राहत एवं पुनर्वास के मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। राज्य सरकार की निष्क्रियता के बीच केंद्र से प्राप्त यह सहायता प्रदेशवासियों के लिए जीवन रेखा के समान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि आपदा के समय राजनीति नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और राष्ट्रहित सर्वोपरि होते हैं। कांग्रेस द्वारा लगाए जाने वाले भेदभाव के आरोप इस बड़ी सहायता के बाद पूरी तरह निराधार साबित हो गए हैं। ओम ने बताया की 'हिमाचल प्रदेश में पिछले 2-3 वर्षों के दौरान आई भीषण बाढ़, अचानक आने वाले फ्लैश फ्लड्स और क्लाउड बर्स्ट की घटनाओं के कारण प्रदेश की प्राकृतिक संपदा, ग्रामीण ढांचे तथा जल स्रोतों के तटीयकरण को भारी नुकसान पहुंचाया है। प्रदेश में अवैध खनन माफ़िया और टिंबर माफ़िया के सक्रिय होने से नदियों और जल धाराओं का स्वरूप प्रभावित हुआ, जिससे भारी वर्षा के समय पानी का दबाव कई गुना बढ़ा और विनाशकारी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई।



# न्यूज ब्रीफ

## पटाखे फोड़ने के विवाद में हत्या का आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गांव दनौदा कलां में दीपावली पर पटाखे फोड़ने को लेकर हुए विवाद में व्यक्ति की हत्या करने के एक आरोपित को सदर थाना नरवाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूर्व में पुलिस पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना सदर नरवाना के प्रभारी विरेंद्र सिंह बताया कि दीपावली के अवसर पर गांव दनौदा कलां में पटाखे बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया था। इसमें दोनों पक्षों के दर्जनभर लोग घायल हो गए थे, जिसमें एक पक्ष का रमलू गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल रमलू को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया था जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया था। गंभीर रूप से घायल रमलू की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जिस पर पुलिस ने चदंन समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया था। नामजद लोगों मे सुखदेव पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित सुखदेव को उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सुखदेव को अदालत में पेश किया गया जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया है।

## आईएएस सार्वजनिक करेंगे संपित्त का ब्यौरा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में सभी आईएएस अधिकारियों को अपनी अचल संपत्ति विवरण (आईपीआर) वर्ष 2025 के लिए तय समयसीमा में अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के निर्देशों के अनुपालन में हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल ने सोमवार को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। आईपीआर दाखिल करने के लिए स्पैरो पोर्टल पर ऑनलाइन मॉड्यूल पहली जनवरी, 2026 से 31 जनवरी, 2026 तक खुला रहेगा। यह मॉड्यूल 31 जनवरी को स्वतः बंद हो जाएगा। अधिकारियों को नसीहत दी है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते प्रक्रिया पूरी करें। निर्देशों के अनुसार, आईएएस अधिकारी या तो पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आईपीआर जमा कर सकते हैं, या फिर मैन्युअली भरे गए आईपीआर की स्कैन कॉपी अपलोड कर सकते हैं। केवल विवरण भरना पर्याप्त नहीं होगा। ई-साइन के जरिए प्रक्रिया को पूरा करना अनिवार्य है। कई मामलों में यह पाया गया है कि अधिकारी विवरण भरने के बाद ई-साइन करना भूल जाते हैं, जिससे आईपीआर अधूरी रह जाती है। इसलिए इस पर विशेष जोर दिया गया है। डीओपीटी के पत्र में कहा गया है कि आईएएस (आचरण) नियम, 1968 के नियम 16(2) के तहत प्रत्येक आईएएस अधिकारी को हर वर्ष निर्धारित समय सीमा तक आईपीआर जमा करना अनिवार्य है। पत्र में यह भी कहा गया है कि नए आईएएस रिक्रूट्स/इंडक्टियों के स्पैरो अकाउंट समय रहते सक्रिय किए जाएं, ताकि वे भी अपनी संपत्ति विवरण ऑनलाइन दाखिल कर सकें।

## नेताओं को कुरुक्षेत्र में ट्रेनिंग देंगे राहुल व खड़गे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा व उत्तराखंड में अपने संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस ने कुरुक्षेत्र में दस दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है। यह आयोजन कुरुक्षेत्र में 13 से 22 जनवरी को होगा। इसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की टीम की ओर से जिलाध्यक्षों को ट्रेनिंग दी जाएगी। कुरुक्षेत्र में यह ट्रेनिंग कैम्प ब्रह्मसरोवर के नजदीक स्थित पंजाबी धर्मशाला में आयोजित होगा। सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल की ओर से इस संदर्भ में दोनों प्रदेशों के अध्यक्षों को सूचित किया गया है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी इस कार्यक्रम की मेजबानी करेगी। कांग्रेस व उत्तराखंड मामलों के प्रभारियों के साथ-साथ सभी जिलाध्यक्षों (शहरी एवं ग्रामीण) को भी इस संदर्भ में सीधे पार्टी नेतृत्व की ओर से ही सूचित किया गया है। दोनों राज्यों के कांग्रेस विधायक दल के नेता भी इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान मौजूद रहेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी दो दिन ट्रेनिंग कैम्प में रुकेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे का एक दिन का प्रवास रहेगा। इसी तरह अलग-अलग दिन पार्टी के राष्ट्रीय नेता कुरुक्षेत्र आएंगे और जिलाध्यक्षों को टिप्स देंगे। ट्रेनिंग कैंप में कांग्रेस जिलाध्यक्षों को भाजपा से निपटने, हर मुद्दे का बेबाकी से जवाब देने, अनुसूचित जाति व जनजाति से जुड़े मामलों को बेहतर ढंग से उठाने के बारे में समझाया जाएगा। संविधान को लेकर भी उन्हें जागरूक किया जाएगा। माना जा रहा है कि राहुल गांधी इस कैम्प में दो दिन के प्रवास के दौरान राज्यों राज्यों के जिलाध्यक्षों की सामूहिक बैठक भी लेंगे।

# श्रम विभाग में 1500 करोड़ का वर्क स्लिप घोटाला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज के विभाग में करीब 1500 करोड़ रुपए का फर्जी वर्क स्लिप घोटाला सामने आया है। अपने स्तर पर जांच में पुष्टि होने के बाद श्रम मंत्री विज ने सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी को इस संबंध में पत्र लिखा है। यह घोटाला हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में लंबे समय से चली आ रही वर्क स्लिप (कार्य रसीद) से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। अनिल विज का दावा है कि प्रारंभिक जांच में यह घोटाला लगभग 1500 करोड़ रुपए तक होने की आशंका है।

घोटाले की गंभीरता को देखते हुए अनिल विज ने इस पूरे प्रकरण की किसी बड़ी जांच एजेंसी से गहन जांच कराने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिख दिया है। श्रम मंत्री अनिल विज ने सोमवार को चंडीगढ़ में इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि कुछ समय पहले हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की बैठक में सदस्यों की नियुक्ति में अनियमितताओं के साथ-साथ निर्माण श्रमिकों को दी जाने वाली योजनाओं के लाभ वितरण में काफी गड़बड़ियां पकड़ी थी। इसके बाद विज ने तत्काल जांच के आदेश दिए।



श्रम मंत्री ने जांच के लिए सीएम को लिखा पत्र

प्रारंभिक तौर पर हिसार, कैथल, जींद, सिरसा, फरीदाबाद और भिवानी जिलों में जांच कराई गई, जहां बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद, राज्य के सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश जारी कर जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया, जिनमें श्रम विभाग के अधिकारी सहित तीन अन्य अधिकारी शामिल किए गए। इन समितियों द्वारा अगस्त 2023 से मार्च 2025 के बीच जारी की गई आनलाइन वर्कस्लिपों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया लगभग चार माह पूर्व शुरू की गई थी, जिसमें अब तक 13 जिलों में 100 प्रतिशत सत्यापन पूरा हो चुका है। कुछ जिलों में इस प्रक्रिया का पूरा होना अभी बाकी है।

अनिल विज ने बताया कि 13 जिलों करनाल, रेवाड़ी, नूंह (मेवात), महेंद्रगढ़, गुरुग्राम, झज्जर, पलवल, पानीपत, रोहतक, सोनीपत, पंचकूला, सिरसा और कैथल में कुल 5 लाख 99 हजार 758 वर्क स्लिप जारी की गई थीं, जिनमें से केवल 53 हजार 249 वर्क स्लिप वैध पाई गई, जबकि 5 लाख 46 हजार 509 वर्क स्लिप अवैध पाई गई। इसी प्रकार, कुल 2 लाख 21 हजार 517 श्रमिकों के पंजीकरण में से सत्यापन के बाद केवल 14 हजार 240 श्रमिक ही पात्र पाए गए, जबकि 1 लाख 93 हजार 756 पंजीकरण फर्जी पाए गए। अनिल विज के अनुसार यह स्पष्ट हो गया है कि कई स्थानों पर गांव के गांव का फर्जी पंजीकरण कर वर्क स्लिप बनाई गईं, ताकि अपात्र लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। एक श्रमिक को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से औसतन 2.5 लाख रुपए तक का लाभ दिया जाता है, जिससे सरकार को भारी वित्तीय क्षति होने की आशंका है। जो पात्र नहीं हैं, वे योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। यह सीधी-सीधी लूट है और सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपए की आर्थिक हानि पहुंचाई जा रही है।

सत्यापन समितियों द्वारा कार्यस्थल की वास्तविकता, निर्माण कार्य में सहभागिता, नियोक्ता विवरण, स्थानीय जांच और क्षेत्र भ्रमण सहित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच अवधि के दौरान आरटीएस की समय-सीमा रोकी गई, सरल केंद्रों को नए आवेदन स्वीकार न करने के निर्देश दिए गए तथा सभी शिकायत निवारण प्लेटफार्मों को आवश्यक सूचनाएं जारी की गईं। अनिल विज ने स्पष्ट किया कि पहले से स्वीकृत पेंशन योजनाओं को रोका नहीं गया है, जबकि मृत्यु, दुर्घटना एवं अंत्येष्टि सहायता जैसी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर जारी किया जा रहा है।

# 500 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल के प्रति बढ़ाई रुचि



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

जीएम बॉक्स क्रिकेट एसोसिएशन (जीएमबीसीए) द्वारा उत्तर प्रदेश के पहले राज्य स्तरीय टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट ट्रायल का आयोजन मुजफ्फरनगर जिले में किया गया, जिसमें 500 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर बाबा इंदर प्रीत सिंह ने कहा कि मुजफ्फरनगर में 500 से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि उत्तर प्रदेश में टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट की अपार संभावनाएं हैं, अब तक इस फॉर्मेट को इतने बड़े मंच पर कभी नहीं लाया गया था। यह देखकर खुशी होती है कि युवा इसे अब एक पेशेवर क्रिकेट करियर विकल्प के रूप में गंभीरता से अपना रहे हैं। जीएमबीसीए द्वारा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों में लेदर बॉल व टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट के मेगा ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। अब प्रत्येक माह हर राज्य के विभिन्न जिलों में ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में दिल्ली के राज्य को-ऑर्डिनेटर सुखविंदर सिंह सोखी, उत्तर प्रदेश के राज्य कोऑर्डिनेटर राकेश रस्तोगी सहित गुरप्रीत कौर, नेहा, राहुल और प्रबंधन टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर राकेश रस्तोगी ने कहा कि हम इस पहल को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों तक ले जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को लेदर और टेनिस बॉल दोनों फॉर्मेट में जीएमसीएल से जोड़ा जा सके और उन्हें एक पेशेवर मंच मिल सके।

# वर्चस्व खत्म करने को 52 गैंगस्टरों की जेल बदली

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की जेलों में बड़ा बदलाव लागू किया गया है। गैंगस्टरों को अब अन्य कैदियों की तरह मेंटेनेंस, क्लीनेंस तथा सेनीटेशन का काम दिया जा रहा है। इसे प्रदेश की सभी जेलों में लागू कर दिया गया है। जेलों में बंद गैंगस्टर अब सफाई कार्य कर रहे हैं। गैंगस्टरों से जेल परिसर, बैरक तथा शौचाल्यों में सफाई कार्य करवाया जा रहा है। अब गैंगस्टरों का भी अन्य कैदियों की तरह ड्यूटी चार्ट लागू कर दिया गया है।

यह जानकारी हरियाणा के डीजी जेल आलोक राय ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में दी। आलोक राय 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले उन्होंने अपने विभाग की रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि प्रदेश की जेलों से भाई कल्चर को खत्म करके सभी कैदियों को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी कैदी किसी बड़े गैंगस्टर की ड्यूटी को नहीं पूरी करेगा। प्रदेश की सभी जेलों में गैंगस्टरों को कैदियों वाली वर्दी पहनने के लिए बाध्य किया गया है। पहले गैंगस्टर जब पेशी पर जाते थे पीछे से गीत बजते थे और रील बनाई जाती थी। अब इसे पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। 81 फीसदी मामलों में गैंगस्टरों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी करवाई गई है। गैंगस्टरों का जेलों में रूतबा खत्म करने के लिए प्रदेश भर 52 गैंगस्टर की जेल ट्रांसफर की गई है। जेल ट्रांसफर की शुरूआत में प्रदेश के उच्च अधिकारियों ने 3 स्तर पर इसको चेक किया। जेल महानिदेशक ने बताया कि जेल मुख्यालय के बाहर जेल में बने उत्पादों का आउटलेट खोल दिया गया है।

# गैंगस्टर इंद्रजीत के 10 ठिकानों पर छापे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गैंगस्टर इंद्रजीत सिंह यादव के 10 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने इंद्रजीत के ठिकानों से पांच लग्जरी कारें, 17 लाख रुपए नकद के साथ-साथ दस्तावेज एवं डिजिटल उपकरणों को जब्त किया है। ईडी ने यह छापामारी दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में की है। ईडी के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि गुरुग्राम जोनल ऑफिस की टीम ने इंद्रजीत सिंह यादव के ठिकानों पर 26 दिसंबर से 27 दिसंबर तक दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में 10 स्थानों पर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान ईडी की टीम ने इंद्रजीत सिंह यादव से जुड़े लोगों व संस्थाओं के खिलाफ चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी जांच की। यह जांच प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत दर्ज मामलों की जा रही है।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कनव खुराना प्रथम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



एमवाई भारत, चंडीगढ़ द्वारा एटीडीसी चंडीगढ़ के सहयोग से विजय दिवस की स्मृति में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता एमवाई भारत, सेक्टर-12, चंडीगढ़ में आयोजित हुई।

इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन करना था। प्रतियोगिता में कुल 30 उत्साही प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपने आकर्षक व भावनापूर्ण पोस्टर्स के माध्यम से देशभक्ति की भावना एवं रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। सूक्ष्म मूल्यांकन के उपरांत निर्णायक मंडल ने निम्नलिखित विजेताओं की घोषणा की। इसमें प्रथम स्थान कनव खुराना, द्वितीय स्थान पालक गोयल, तृतीय स्थान अरशदीप कौर, प्रोत्साहन पुरस्कार कृष्णप्रीत सिंह रहे। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें सचिन सिंगला, सहायक जनसंपर्क अधिकारी, चंडीगढ़ प्रशासन एवं दीपक, प्रशिक्षण सहयोगी, आरजीएनआईवाईडी क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत कलाकृतियों की कलात्मकता एवं अभिव्यक्ति की गहराई की भूरि-भूरि सराहना की। विजेता प्रतिभागियों को उपहार स्वरूप गिफ्ट हैंपर एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयास एवं रचनात्मकता के सम्मान में सहभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विनय कुमार, जिला युवा अधिकारी, एमवाई भारत चंडीगढ़ ने सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट कला प्रस्तुति के लिए बधाई दी तथा निर्णायक मंडल का उनके मूल्यवान सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने जानकारी दी कि एमवाई भारत द्वारा युवाओं के लिए समय-समय पर ऐसे प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है तथा युवाओं को एमवाई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर सक्रिय रूप से सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गौरव, देशभक्ति और युवा शक्ति के उत्साह के साथ हुआ।

# देश-विदेश

## दिल्ली में छाई धुंध की मोटी परत, एक्यूआई 362

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली**-एनसीआर में सोमवार सुबह से ही कोहरा और धुंध की मोटी परत छाई हुई है। दिल्ली में दोपहर 12 बजे औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 362 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। एक्यूआई वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में दोपहर 12 बजे एक्यूआई 362 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा का 344, गाजियाबाद 382, नोएडा 414, फरीदाबाद का 388 और गुरुग्राम का एक्यूआई 327 दर्ज किया गया, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, अलीपुर का 380, आनंद विहार का एक्यूआई 453, चांदनी चौक 416, बुराड़ी क्रॉसिंग 392, सिरी फोर्ट 418, आईटीओ का 397, पूषा डीपीसीसी का 386, पूषा आईएमडी का 377 और वजीरपुर का एक्यूआई 444 दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि राजधानी-एनसीआर का आज अधिकतम तापमान 21-23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7-9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं। यहां हवा की रफ्तार पश्चिम दिशा की ओर 15 किलोमीटर प्रति घंटे चलने का अनुमान है। वहीं, 30 दिसंबर का अधिकतम तापमान 22-24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7-9 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। सुबह के समय कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी दी है। यूपी, उत्तराखंड, बिहार व हिमाचल सहित अन्य राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ने की चेतावनी दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## सिब्बल ने केंद्र से किया सवाल क्या 33 बीएलओ की मौत सही?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** सांसद कपिल सिब्बल ने देश के अलग-अलग राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) की मौत पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने सोमवार को एक्स पोस्ट में सवाल करते हुए लिखा कि बंगाल में एक और बीएलओ की आत्महत्या, पूरे देश में अब तक कुल 33 मौतें, एक कथित घुसपैठिया ठीक नहीं, लेकिन 33 बीएलओ की मौत ठीक है? सिब्बल का यह पोस्ट पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में बीएलओ के सुसाइड पर आया है। 28 दिसंबर को राजकाटा इलाके के स्कूल से बीएलओ हराधन मंडल का शव बरामद हुआ। उनके पास बूथ नंबर 206 का प्रभार था। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला। इसमें एसआईआर के काम के दबाव का जिक्र था। मीडिया रिपोर्ट्स और विपक्ष के मुताबिक पश्चिम बंगाल में अबतक 6 बीएलओ की एसआईआर के दौरान मौत हो चुकी है। मध्य प्रदेश में 9, उत्तर प्रदेश में 4, गुजरात में 4, राजस्थान में 3, बिहार में 2, महाराष्ट्र में 2, तमिलनाडु, केरल और ओडिशा में 1-1 बीएलओ की मौत का दावा है। पश्चिम बंगाल के रानीबंध ब्लॉक के स्कूल के हेड मास्टर और इसी ब्लॉक के बीएलओ हराधन मंडल (53) ने 28 दिसंबर की आत्महत्या की थी। स्कूल के क्लासरूम में उनका शव पंखे से लटका मिला था। (अनंत ज्ञान)

## हूती विद्रोही बोले- इसराइली सेना ने सोमालीलैंड में कदम रखा तो मारे जाएंगे

**एजेंसी, सोमालिया**

**अब्दुल** मलिक ने कहा कि सोमालीलैंड में किसी भी इसराइली उपस्थिति को निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने अगर सोमालीलैंड में कदम भी रखा तो मारे जाएंगे। यह सोमालिया और यमन की सुरक्षा के लिए खतरा है।

इसराइल ने सोमालिया के अलग हुए क्षेत्र सोमालिलैंड को 26 दिसंबर को आधिकारिक रूप से एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी। ऐसा करने वाला इजराइल पहला देश है। इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने और सोमालिलैंड में दूतावास खोलने की भी बात कही। सोमालिलैंड ने 1991 में सोमालिया से अलग होकर स्वतंत्रता की घोषणा की थी, लेकिन तब से वह अंतरराष्ट्रीय मान्यता की तलाश में था। क्षेत्रीय विश्लेषकों के अनुसार, यह कदम इसराइल को यमन में हूती विद्रोहियों पर हमले करने में बेहतर पहुंच दे सकता है, क्योंकि सोमालिलैंड यमन के ठीक सामने है। हूतियों ने अक्तूबर 2023 में गाजा युद्ध शुरू होने के बाद फिलिस्तीनियों के समर्थन में इसराइल पर हमले किए थे, लेकिन अक्तूबर में गाजा में युद्धविराम शुरू होने के बाद उन्होंने अपने हमले रोक दिए थे। (अनंत ज्ञान)

## असम जैसे पूरे देश से घुसपैठिए भगाएंगे : शाह

**एजेंसी, गुवाहाटी**



असम के नौगांव में सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बटाद्रवा स्थान पुनर्विकास परियोजना का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में शाह ने कहा- हिमंत बिस्वा सरमा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से एक लाख जमीन बीघा जमीन मुक्त करवा दी है। इसी तरह पूरे देश से हम घुसपैठियों को भगाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि आज मैं गोपीनाथ बोरदोलोई जी को याद करना चाहता हूं। अगर वे नहीं होते, तो आज असम और पूरा नॉर्थ ईस्ट भारत का हिस्सा नहीं होता। शाह ने कहा कि गोपीनाथ ने ही जवाहरलाल नेहरू को असम को भारत में बनाए रखने के लिए मजबूर किया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते किए हैं, जिनमें से 92% शर्तें पूरी की जा चुकी हैं। असम में शांति और विकास की स्थिति मजबूत हुई है। बटाद्रवा थान को नव-वैष्णव धर्म का केंद्र है। यह जगह असम की सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। परियोजना से पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। असम में केंद्र सरकार के प्रयासों से शांति, विकास और सांस्कृतिक संरक्षण हो रहा है। गुवाहाटी में नई सुरक्षा व्यवस्था से शहर सुरक्षित बनेगा। एक बार फिर असम की जनता भाजपा को अपना समर्थन दे। हम पूरे असम को घुसपैठियों से मुक्त करेंगे। जो लोग घुसपैठियों को वोट बैंक मानते हैं, वे ऐसा कभी नहीं कर सकते।

असम ने डॉ. मनमोहन सिंह को राज्यसभा भेजा, लेकिन वे केवल 7 बार ही असम आए, जिनमें से 2 बार तो केवल राज्यसभा का नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए आए थे। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 345 अंक गिरकर 84,695 पर बंद, निफ्टी भी 100 अंक फिसला

**एजेंसी, मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 345 अंक गिरकर 84,695 पर बंद हुआ है। निफ्टी में 100 अंक की गिरावट रही, ये 25,942 पर बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में गिरावट है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 33 शेयर गिरावट में रहे। ऑटो, आईटी फार्मा और रियल्टी शेयरों में गिरावट रही, अकेले मीडिया सेक्टर में तेजी देखने को मिली है। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 2.20% ऊपर 4,220 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 0.44% नीचे 50,526 पर बंद हुआ है। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.71% नीचे 25,635 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.041% बढ़कर 3,965 पर बंद हुआ है। 26 दिसंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.041% गिरकर 48,711 पर बंद हुआ था। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट में 0.086% और S&P 500 में 0.030% की गिरावट रही थी। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार, 26 दिसंबर को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 367 नीचे 85,041 पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)

## 'जी राम जी' से राज्यों को 17,000 करोड़ का फायदा होगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**ग्रामीण** इलाकों में रोजगार की गारंटी देने वाले नए कानून 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन' (वीबी जी राम जी) से राज्यों की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, फंडिंग पैटर्न में बदलाव के बावजूद राज्यों को सामूहिक रूप से करीब 17,000 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ होने की उम्मीद है।

**एसबीआई का दावा- यूपी, बिहार और महाराष्ट्र को ज्यादा फायदा**

सरकार ने कहा कि नए कानून में हर ग्रामीण परिवार को अब साल में 125 दिन काम देने की गारंटी होगी, जो पहले 100 दिन थी। इससे गांवों में रहने वाले परिवारों को ज्यादा काम मिलेगा और उनकी आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी। कानून की धारा 22 के तहत इस योजना के खर्च को केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर वहन करेंगी। राज्यों में खर्च का बंटवारा 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य के बीच होगा। वहीं, पूर्वोत्तर राज्यों, पहाड़ी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों- जैसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में केंद्र सरकार 90 प्रतिशत खर्च उठाएगी। धारा 6 के अनुसार, राज्य सरकारें खेती के व्यस्त समय, जैसे बुवाई और कटाई के दौरान, साल में अधिकतम 60 दिनों तक इस योजना के तहत मिलने वाले काम को नियंत्रित कर सकेंगी। (अनंत ज्ञान)

### 60 :40 फंडिंग रेश्यो से राज्यों पर बोझ नहीं बढ़ेगा

**इस** कानून को लेकर सबसे बड़ी बहस इसके फंडिंग स्ट्रक्चर पर थी। नए नियमों के मुताबिक, केंद्र और राज्यों के बीच फंड का बंटवारा 60:40 के अनुपात में होगा। हालांकि, पूर्वोत्तर राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और हिमालयी राज्यों के लिए यह नियम अलग होगा। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ लोग इसे राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ मान रहे हैं, लेकिन डेटा बताता है कि असल में राज्यों को इससे फायदा ही होगा। बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात भी बड़े फायदे वाले राज्यों की लिस्ट में शामिल हैं। तमिलनाडु जैसे कुछ राज्यों में मामूली कमी दिख सकती है, लेकिन अगर पिछले साल के विशेष आंकड़ों को हटा दें, तो वहां भी स्थिति स्टेबल है।

## चीन ने ताइवान को पांच तरफ से घेरा, सैन्य अभ्यास शुरू

### जवाब में ताइवान ने भी काउंटर कॉम्बैट एक्सरसाइज लॉन्च की, तीनों सेनाएं भी अलर्ट पर

**एजेंसी, बीजिंग/ताइपे**



चीन ने ताइवान को पांच तरफ से घेरते हुए बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। चीनी सेना ने ताइवान के उत्तर, उत्तर-पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और पूर्वी तट के पास अलग-अलग जोन बनाकर लाइव-फायर ड्रिल शुरू की है। चीन की कार्रवाई के जवाब में ताइवान ने भी काउंटर कॉम्बैट एक्सरसाइज शुरू कर दी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी थलसेना, नौसेना और वायुसेना को अलर्ट पर रखा गया है। चीनी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी की जा रही है। ताइवान ने अपनी सेनाओं को तैनात कर कॉम्बैट-रेडीनेस ड्रिल शुरू की है। ताइवान ने चीन पर क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। ताइवान कोस्ट गार्ड के मुताबिक, चीन के सैन्य अभ्यास से जहाजों की आवाजाही और मछुआरों की सुरक्षा पर खतरा पैदा हो गया है।

**नेवी, एयरफोर्स और रॉकेट फोर्स एक साथ तैनातः** चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के मुताबिक, इस अभ्यास में नौसेना, वायुसेना और रॉकेट फोर्स को एक साथ तैनात किया गया है। ड्रिल में युद्धपोत, फाइटर जेट, बॉम्बर, ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके जरिए समुद्री और हवाई टारगेट को निशाना बनाने, बंदरगाहों की नाकाबंदी और बाहरी दखल को रोकने का अभ्यास किया जा रहा है। इसके साथ ही चीनी कोस्ट गार्ड को भी ताइवान के आसपास समुद्र में एक्टिव किया गया है। इस सैन्य अभियान को 'जस्टिस मिशन 2025' नाम दिया गया है। चीनी सेना ने कहा है कि यह अभ्यास ताइवान की 'अलगाववादी ताकतों' और बाहरी देशों के दखल के खिलाफ चेतावनी है। (अनंत ज्ञान)

## सोने-चांदी के दाम लगातार 5वें दिन ऑलटाइम हाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी दिन ऑलटाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम सोने की कीमत 205 रुपए बढ़कर 1,38,161 पर पहुंच गई। इससे पहले ये 1,37,956 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं, चांदी 1,53,76 रुपए महंगी होकर 2,43,483 किलो हो गई है। इससे पहले ये 2,28,107 रुपए पर थी। इस साल सोना 61,999 रुपए और चांदी 1,57,466 रुपए महंगी हो चुकी है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3% जीएसअी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 61,999 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,38,161 रुपए हो गया है। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका-इसराइल और यूरोप के साथ जंग की स्थिति में ईरान

**राष्ट्रपति बोले- ये हमें घुटनों पर लाना चाहते लेकिन अब हम पहले से ज्यादा मजबूत**

**एजेंसी, तेहरान**

**ईरान** के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि उनका देश अमेरिका, इजराइल और यूरोप के साथ पूरी तरह से जंग की स्थिति में है। यह बयान सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित हुआ। पेजेशकियन ने इस युद्ध को 1980-88 के ईरान-इराक युद्ध से भी ज्यादा जटिल और खतरनाक बताया, जिसमें लाखों लोग मारे गए थे। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान में आर्थिक, सैन्य और राजनीतिक हर तरफ से दबाव बढ़ा है। यह पारंपरिक जंग से कहीं ज्यादा मुश्किल है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ट्रंप से फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में मुलाकात करने वाले हैं। इस मीटिंग में ईरान प्रमुख मुद्दा रहेगा, जिसमें इसके परमाणु कार्यक्रम पर और सैन्य कार्रवाई पर चर्चा हो सकती है।

### फूट डलवाना चाहते दुश्मन देश

**राष्ट्रपति** ने लोगों से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील की और कहा कि दुश्मन आंतरिक विभाजन का फायदा उठाना चाहते हैं। अमेरिका और उसके सहयोगी ईरान पर परमाणु हथियार बनाने का आरोप लगाते हैं, जिसे ईरान बार-बार खारिज करता आया है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है। ट्रंप ने जनवरी 2025 में दोबारा सत्ता में आने के बाद अपनी 'मैक्सिमम प्रेशर' नीति फिर शुरू की, जिसमें ईरान के तेल निर्यात को शून्य करने और अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने के कदम शामिल हैं। फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन ने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को फिर से लागू किया, जो 2015 के परमाणु समझौते के बाद हटाए गए थे। इन प्रतिबंधों से ईरान की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा है। ईरान का कहना है कि पश्चिमी देश प्रतिबंधों का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव के लिए कर रहे हैं, जबकि वे शांति चाहते हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### शान मसूद ने सबसे तेज दोहरे शतक का इंजमाम का रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने 177 गेंद पर दोहरा शतक पूरा करके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी पाकिस्तानी बल्लेबाज के सबसे तेज दोहरे शतक का नया रिकॉर्ड बनाया। मसूद ने दिग्गज बल्लेबाज इंजमाम उल हक के तीन दशक पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। मसूद ने प्रेसिडेंट्स कप विभागीय टूर्नामेंट के पहले दिन सुइ नॉर्दर्न गैस की तरफ से खेलते हुए सहार एसोसिएट्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले यह रिकॉर्ड पूर्व कप्तान इंजमाम के नाम था, जिन्होंने 1992 में इंग्लैंड के दौरे के एक मैच में 188 गेंदों में दोहरा शतक बनाया था। रविवार को मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक मसूद 185 गेंदों पर 212 रन बनाकर नाबाद थे। पाकिस्तान की धरती पर सबसे तेज दोहरा शतक बनाने का रिकॉर्ड अब भी भारत के वीरेंद्र सहवाग के नाम है, जिन्होंने 2006 में लाहौर टेस्ट में 182 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया था। (अनंत ज्ञान)

### ऑल फॉर्मेट कैप्टन बनने लायक नहीं शुभमन गिल : मोंटी पनेसर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंग्लैंड के लिए खेले भारतीय मूल के सिख स्पिनर मोंटी पनेसर ने भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने शुभमन गिल पर अपने खेल से संतुष्ट हो जाने और लापरवाह शॉट्स खेलने का आरोप लगाया है। टीम इंडिया को उसके ही घर में दो बार हराने में इंग्लैंड के लिए अहम भूमिका निभाने वाले खब्बू स्पिनर ने गिल में अभी ऑल-फॉर्मेट में कप्तान बनने लायक क्षमता नहीं होने की भी बात कही है। उन्होंने विराट कोहली से गिल के खेल की तुलना करते हुए कहा कि उनमें इंटरनेशनल लेवल पर तीनों फॉर्मेट की डिमांड को हैंडल करने वाली बात नहीं है। हालांकि पनेसर ने गिल को नेचुरल टेंलेंट बताया है। पनेसर ने गौतम गंभीर की भी व्हाइट बॉल क्रिकेट के कोच के तौर पर तारीफ की है, लेकिन रेड बॉल फॉर्मेट में उन्हें अभी बहुत कुछ सीखने की जरूरत भी बताई है। (अनंत ज्ञान)

### आईसीसी ने एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट के लिए मेलबर्न पिच को 'असंतोषजनक' करार दिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एशेज 2025-26 सीरीज के चौथे टेस्ट के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) की पिच को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 'असंतोषजनक' रेटिंग दी है। इस पिच को लेकर क्रिकेट विशेषज्ञों और पूर्व खिलाड़ियों ने भी कड़ी आलोचना की थी। बॉक्सिंग डे टेस्ट महज दो दिनों के भीतर समाप्त हो गया, जिसमें इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया। यह पिछले 15 वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड की पहली टेस्ट जीत रही। हालांकि, इस हार के बावजूद ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 3-1 से आगे है। आईसीसी की चार-स्तरीय पिच रेटिंग प्रणाली में 'असंतोषजनक' तीसरी श्रेणी मानी जाती है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चीफ ऑफ क्रिकेट जेम्स ऑलसॉप ने इस पर निराशा जताते हुए कहा, 'हमें उन दर्शकों के लिए निराशा हुई जिनके पास तीसरे और चौथे दिन के टिकट थे,साथ ही ऑस्ट्रेलिया और दुनिया भर में मौजूद उन लाखों प्रशंसकों के लिए भी, जो इस मुकाबले को देखने के लिए उत्साहित थे। (अनंत ज्ञान)

### अप्सरा से कम नहीं है सफा बेग

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान की पत्नी का नाम सफा बेग है। सफा मूल रूप से गुजरात के बड़ौदा की रहने वाली है। वह अकसर अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चाओं में रहती हैं।



# भारतीय महिला टीम की नजरें क्लीन स्वीप पर

## अंतिम महिला टी-20 मैच आज, आक्रामक अंदाज में खेलने वाली शेफाली ने किया प्रभावित

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम अपने आक्रामक खेल को जारी रखते हुए श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत दर्ज करके पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगी। यह श्रृंखला अगले साल जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

श्रीलंका के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला के बाद भारतीय टीम विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में तीन-तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम 2024 में टी-20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी, लेकिन इसके बाद उसने अपनी शैली में बदलाव किया और अधिक आक्रामकता अपनाई, जिससे उसे अनुकूल परिणाम मिले। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि यह सीरीज हम सभी के लिए शानदार रही। पिछले विश्व कप के बाद हमने इसी बात पर चर्चा की थी कि हमें अपने स्तर को ऊपर उठाना होगा और टी-20 में अधिक आक्रामक होकर खेलना होगा। शुरुआती तीन मैचों में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे बल्लेबाजों को बहुत कम मेहनत करनी पड़ी। इन मैच में हालांकि आक्रामक अंदाज में खेलने वाली शेफाली वर्मा ने प्रभावित किया है। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय उसकी फील्डिंग है। वह अभी तक इस विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। पिछले मैच में भी उसने दो कैच छोड़े और स्टंपिंग का एक मौका गंवाया। भारतीय टीम के लिए इस सीरीज में कई सकारात्मक पहलू भी रहे। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने एक साल के अंतराल के बाद इस प्रारूप में सफल वापसी की, वहीं हमेशा भरोसेमंद रहने वाली दीप्ति शर्मा लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने भी अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन किया है। इस 20 वर्षीय गेंदबाज ने अभी तक सीरीज में 5.73 की इकॉनमी रेट से चार विकेट लिए हैं। बल्लेबाजी में शेफाली ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अब तक चार मैचों में तीन अर्धशतक बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 185.82 का है। भारतीय टीम के लिए एक और बड़ी राहत उप कप्तान स्मृति मंधाना का फॉर्म में वापसी रही। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 गेंद पर 80 रन बनाए और वह अपनी इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। शेफाली और मंधाना ने चौथे मैच में आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 92 गेंदों में 162 रन की साझेदारी की थी जो महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की तरफ से पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। भारत ने पिछले मैच में ऋचा घोष को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा और इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने महज 16 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाकर इस फैसले को सही साबित किया। (अनंत ज्ञान)

**संभावित टीमें**

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

**मैच : शाम सात बजे से**

# विजय हजारे ट्रॉफी : मुंबई ने छत्तीसगढ़ को 9 विकेट से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**विजय** हजारे ट्रॉफी के तीसरे राउंड के मुकाबले सोमवार को अलग-अलग 6 वेन्यू पर खेले गए। अहमदाबाद, राजकोट, सौराष्ट्र, जयपुर, अलूर, बेंगलुरु और रांची शामिल हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली इस राउंड में नहीं खेल रहे हैं। जयपुर में खेले जा रहे मैच में मुंबई ने छत्तीसगढ़ को 9 विकेट से हरा दिया। मुंबई ने 142 रन के टारगेट को 24 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर 144 रन बना कर हासिल कर लिया।

दिल्ली के प्रियांश आर्या ने सौराष्ट के खिलाफ 78 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब ने उत्तराखंड को 270 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 269 रन बनाए। सलिल अरोरा ने 65 रनों की पारी खेली। वहीं, मुंबई ने छत्तीसगढ़ को 38.1 ओवर में 142 रन पर ऑलआउट कर दिया। शम्स मुलानी ने 5 और कप्तान शार्दूल ठाकुर ने 4 विकेट झटके। कप्तान अमनदीप खरे ने 63 रनों की पारी खेली। इधर, राजकोट में उत्तर प्रदेश ने बड़ौदा के खिलाफ 45.4 ओवर में 4 विकेट पर 304 रन बना लिए हैं। ध्रुव जुरेल शतक बनाकर खेल रहे हैं।

रिंकू सिंह 62 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने 120 गेंद पर 131 रन की साझेदारी की। वहीं, जम्मू कश्मीर ने विदर्भ को 312 रन का टारगेट दिया। टीम ने 50 ओवर में 311 रन बनाए। यवीर हसन ने 94 गेंद पर 79 रन की पारी खेली, जबकि अब्दुल समद ने 25 गेंदों पर 32 रन बनाए। उधर, जयपुर में चल रहे ग्रुप सी मैच में छत्तीसगढ़ ने मुंबई के खिलाफ 50 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए। सभी बैटर्स को शार्दूल ठाकुर ने पवेलियन भेजा। उन्होंने 5 ओवर की गेंदबाजी में 13 रन ही दिए हैं। छत्तीसगढ़ का स्कोर 40/4 है। (अनंत ज्ञान)

# भूटान के सोनम येशे टी-20 क्रिकेट में 8 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने

**एजेंसी गेलेफू ( भूटान )**




भूटान के बाएं हाथ के स्पिनर सोनम येशे ने क्रिकेट इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। 22 वर्षीय सोनम येशे टी-20 क्रिकेट में 8 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। यह ऐतिहासिक उपलब्धि उन्होंने म्यांमार के खिलाफ खेले गए तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में हासिल की। सोनम येशे ने गेलेफू में खेले गए इस मैच में 4 ओवर में महज 7 रन देकर 8 विकेट झटके, जिसमें एक मेडन ओवर भी शामिल रहा। उनका इकोनॉमी रेट सिर्फ 1.75 का रहा। भूटान क्रिकेट ने इस ऐतिहासिक प्रदर्शन को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'यादगार स्पेल! सोनम येशे का 4 ओवर में 8/7 का अविश्वसनीय प्रदर्शन विश्व रिकॉर्ड बन गया।'

सोनम येशे की घातक गेंदबाजी के सामने म्यांमार की पूरी टीम 45 रन पर सिमट गई, जबकि वह 128 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी। भूटान ने यह मुकाबला 82 रन के बड़े अंतर से जीत लिया। इस जीत के साथ ही भूटान ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज़ में 4-0 की अजेय बढ़त बना ली है। इस सीरीज में अब तक सोनम येशे चार मैचों में 12 विकेट ले चुके हैं। सोनम येशे से पहले पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सिर्फ दो गेंदबाज ही 7 विकेट लेने का कारनामा कर पाए थे। मलेशिया के स्याजरुल इद्रुस ने 2023 में चीन के खिलाफ 7/8 विकेट लिए थे, जबकि बहरीन के अली दाऊद ने 2025 में भूटान के खिलाफ 7/19 विकेट झटके थे। पुरुष टी-20 क्रिकेट (टी-20 और घरेलू टी-20 मिलाकर) में इससे पहले किसी भी गेंदबाज ने 8 विकेट नहीं लिए थे। टी-20 क्रिकेट में 7 विकेट लेने वाले अन्य गेंदबजों में कोलिन एकरमैन (2019 में लीसेस्टरशायर के लिए 7/18) और तस्किन अहमद (2025 में दुरबार राजशाही के लिए 7/19) शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### विराट कोहली 6 जनवरी को खेलेंगे विजय हजारे ट्रॉफी का मैच

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने सोमवार को बताया कि दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली छह जनवरी को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में रेलवे के खिलाफ दिल्ली का विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैचों में भाग लेना अनिवार्य किया था। कोहली हालांकि इस महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला की तैयारी के लिए तीसरा मैच भी खेलना चाहते हैं। डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने बताया कि फिलहाल, वह खेल रहे हैं। विराट ने तीन मैचों के लिए अपनी उपलब्धता दी है। कोहली दिल्ली के लिए शुरुआती दो मैचों में शानदार लय में थे। (अनंत ज्ञान)

# 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' में निक किर्गियोस ने सबालेंका को हराया

**एजेंसी, दुबई**

**निक** किर्गियोस ने टेनिस में 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' यानी दो अलग-अलग लिंग के खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को 6-3, 6-3 से हराया। यह एक प्रदर्शनी मैच था, जिसे लैंगिक समानता के लिए एक और ऐतिहासिक क्षण के बजाय हल्के फुल्के मनोरंजन के लिए याद किया जाएगा। दोनों खिलाड़ी आपस में हंसी ठिठोली कर रहे थे।

इस दौरान कुछ अंडर आर्म सर्विस भी देखने को मिली। यहां तक कि दुबई के 17,000 सीटों वाले कोकाकोला एरीना में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टाइमआउट के दौरान सबालेंका का नृत्य भी देखने को मिला।

इस मुकाबले के सबसे महंगे टिकट लगभग 800 डॉलर में बिके। विंबलडन 2022 के उपविजेता किर्गियोस ने कलाई और घुटने की चोटों के कारण पिछले तीन वर्षों में केवल छह टूर-स्तरीय मैच खेले, लेकिन वह कई बार अपनी क्षमता के अनुरूप खेलते हुए दिखाई दिए।



उन्हें सबालेंका के कोर्ट के हिस्से के लगभग 10 प्रतिशत छोटे होने का नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने जीत दर्ज की। खिलाड़ियों को प्रत्येक प्वॉइंट के लिए दो के बजाय केवल एक सर्विस करने का मौका दिया गया था। जब किर्गियोस ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट पर जीत हासिल की, तब तक वह पसीने से भीग चुके थे और दोनों खिलाड़ी नेट पर गले मिलते समय मुस्कुरा रहे थे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी किर्गियोस ने मैच के बाद कहा कि मैं शुरू में थोड़ा नर्वस था, लेकिन मुझे लगता है कि यह टेनिस के खेल के लिए एक शानदार कदम है। सबालेंका ने कहा कि यह मैच अगले सत्र के लिए अच्छी तैयारी है। (अनंत ज्ञान)

### 10 हजार रन पूरे करने पर बोलीं मंधाना-हर मैच की शुरुआत शून्य से होती

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे कर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वह यह मुकाम हासिल करने वाली दूसरी भारतीय और दुनिया की चौथी महिला क्रिकेटर बन गई हैं। मंधाना ने यह कीर्तिमाप श्रीलंका के खिलाफ रविवार को पांच मैचों की सीरीज के चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में हासिल किया। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने इस उपलब्धि के साथ मिताली राज, सूजी बेट्स और चार्लोट एडवर्ड्स जैसे दिग्गजों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया। भारतीय खिलाड़ियों में उनसे पहले केवल मिताली राज ही 10 हजार अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर सकी थीं। टेस्ट क्रिकेट में स्मृति मंधाना ने अब तक 7 मैचों की 12 पारियों में 629 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 57.18 का रहा है। इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 3 अर्धशतक जड़े हैं। वनडे क्रिकेट में मंधाना ने 117 मैचों में 5,322 रन बनाए हैं। उनका औसत 48.38 का है और उनके नाम 14 शतक व 34 अर्धशतक दर्ज हैं। वह वनडे में छठी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज़ हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मंधाना ने 157 मैचों की 151 पारियों में 4,102 रन बनाए हैं। इस फॉर्मेट में उनका औसत 29.94, स्ट्राइक रेट 124.22, एक शतक और 32 अर्धशतक हैं। (अनंत ज्ञान)

# एशेज सीरीज का सिडनी टेस्ट खेलेंगे उस्मान ख्वाजा

**एजेंसी, मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने स्पष्ट किया कि अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में खेलेंगे और यह उनका आखिरी टेस्ट मैच नहीं होगा।

हाल के दिनों में मीडिया में यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि सिडनी टेस्ट ख्वाजा का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच हो सकता है। 39 वर्षीय ख्वाजा मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। टीम में बदलाव और भविष्य की योजनाओं को देखते हुए हाल के मैचों में उनका बल्लेबाजी क्रम बदला गया, जिसके बाद उनके स्थान को लेकर सवाल उठने लगे थे। ट्रैविस हेड को ओपनर बनाए जाने के बाद ख्वाजा ने तीसरे एडिलेड टेस्ट में नंबर-4 और मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट में नंबर-5 पर बल्लेबाली की। हालांकि, एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने इन सभी अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने ख्वाजा के भविष्य को लेकर



उनसे कोई बातचीत नहीं की है। मैकडोनाल्ड ने सोमवार को मेलबर्न में मीडिया से कहा कि मेरी तरफ से ऐसा कोई संकेत नहीं है कि वह सिडनी में अपना करियर खत्म करने जा रहे हैं। इस कैलेंडर वर्ष में उनका प्रदर्शन चयन के योग्य रहा है, इसलिए वह सिडनी टेस्ट में खेलेंगे। ख्वाजा ने भी अपने भविष्य को लेकर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है। सिडनी टेस्ट से पहले वह परिवार के साथ समय बिताने के लिए क्वींसलैंड लौट गए हैं। यह टेस्ट मुकाबला 4 जनवरी से शुरू होगा। (अनंत ज्ञान)

# सिडनी टेस्ट से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका, चोट लगने से एटकिंसन बाहर

**एजेंसी, सिडनी**

**एशेज** सीरीज के आखिरी टेस्ट से पहले इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी यूनिट को एक और बड़ा झटका लगा है। हैमस्ट्रिंग चोट के कारण गस एटकिंसन को सिडनी टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। स्कैन में उनके बाएं पैर में चोट की पुष्टि होने के बाद सोमवार को उन्हें आधिकारिक तौर पर टीम से बाहर कर दिया गया। एटकिंसन को मेलबर्न टेस्ट के दूसरे दिन चोट लगी थी। वह शुरुआत में पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट के लिए चुने गए चार तेज गेंदबाजों—ब्राइडन कार्स, मार्क वुड, जोफ्रा आर्चर और गस एटकिंसन-में शामिल थे। इन चारों को ऑस्ट्रेलिया में अपनी रफ्तार से मेजबान टीम को चुनौती देने की उम्मीद थी।

हालांकि, यह योजना एक-एक कर चोटों की भेंट चढ़ती चली गई। मार्क वुड पर्थ में दो दिन में मिली हार के बाद घुटने की समस्या के चलते सिर्फ एक टेस्ट खेल पाए। इससे पहले इसी साल उनके बाएं घुटने की सर्जरी हुई थी। तीसरे टेस्ट, एडिलेड के बाद जोफ्रा आर्चर भी बाहर हो गए, जो इंग्लैंड के लिए खासा निराशाजनक रहा, क्योंकि उन्होंने उसी मैच में पहली पारी में पांच विकेट लेकर सीरीज की अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की थी। अब गस एटकिंसन तीसरे तेज गेंदबाज हैं, जो चोट के कारण बाहर हुए हैं। उन्हें एडिलेड टेस्ट से ड्रॉप किया गया था, लेकिन आर्चर की




जगह मेलबर्न में दोबारा बुलाया गया। इस दौरे पर एटकिंसन ने 47.33 की औसत से छह विकेट लिए। उनकी प्रमुख उपलब्धि ब्रिस्बेन टेस्ट की चौथी पारी में ट्रैविस हेड और मार्नस लाबुशेन के विकेट रहे। इन हालात में ब्राइडन कार्स अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इंग्लैंड के इकलौते 'आउट-एंड-आउट' एक्सप्रेस पेसर रह गए हैं। मेलबर्न में इंग्लैंड की जीत में कार्स का प्रदर्शन इस गर्मी का उनका सर्वश्रेष्ठ रहा, जबकि इससे पहले पहले तीन टेस्ट में वह कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे। सिडनी टेस्ट में एटकिंसन की जगह मैथ्यू पॉट्स के खेलने की उम्मीद है, जिन्हें करीब 12 महीने बाद टेस्ट में मौका मिल सकता है। वहीं, मेलबर्न में शानदार प्रदर्शन करने वाले जोश टंग कार्स के साथ नई गेंद संभाल सकते हैं। कप्तान बेन स्टोक्स अपनी विश्वसनीय भूमिका में टीम के साथ बने रहेंगे, जबकि स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर विल जैक्स भी उपलब्ध हैं। (अनंत ज्ञान)

# न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

**एजेंसी, वेलिंगटन**

**न्यूजीलैंड** क्रिकेट को बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। 35 वर्षीय ब्रेसवेल ने आखिरी बार साल 2023 में न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट मैच खेला था।

लगातार पसली (रिब) की गंभीर चोट से जूझ रहे ब्रेसवेल इस सीजन सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए भी मैदान से बाहर रहे, जिसके चलते उन्होंने यह कठिन फैसला लिया। डग ब्रेसवेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 2011 से 2023 के बीच 28 टेस्ट, 21 वनडे और 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उनके करियर का सबसे यादगार पल दिसंबर 2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होबार्ट टेस्ट में आया, जो उनका महज तीसरा टेस्ट मैच था। इस मुकाबले में ब्रेसवेल ने 9 विकेट देकर 60 रन के शानदार आंकड़े दर्ज करते हुए न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया में 26 साल बाद टेस्ट जीत दिलाई



थी। यह आज तक ऑस्ट्रेलिया में न्यूजीलैंड की आखिरी टेस्ट जीत भी है। तेज-मध्यम गति के गेंदबाज ब्रेसवेल ने टेस्ट क्रिकेट में 28 मैचों में 74 विकेट लिए, जबकि सीमित ओवरों के क्रिकेट में उन्होंने कुल 46 विकेट अपने नाम किए। संन्यास की घोषणा करते हुए ब्रेसवेल ने कहा कि क्रिकेट उनके जीवन का गर्वित हिस्सा रहा है और देश व घरेलू टीम के लिए खेलने का मौका मिलना, उनके लिए सौभाग्य की बात रही। डग ब्रेसवेल एक प्रतिष्ठित क्रिकेट परिवार से आते हैं। उनके पिता ब्रेंडन और चाचा जॉन ब्रेसवेल न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट खेल चुके हैं, जबकि जॉन ब्रेसवेल कई बार राष्ट्रीय टीम के कोच भी रह चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

**यादें** वर्ष 2025 में भारतीय पुरुष टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप टी20 में जीतकर बनाया दबदबा

# महिलाओं ने जीता वनडे विश्व कप, टेस्ट में जूझ रही पुरुष टीम

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम ने वर्ष 2025 में वनडे विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी हासिल करने के अपने लंबे इंतजार को खत्म किया, लेकिन भारतीय पुरुष टीम टेस्ट क्रिकेट में जूझती नजर आई, जिससे उसकी सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफलता भी फीकी पड़ गई। वर्ष 2025 में वैश्विक टूर्नामेंट में भारत की पुरुष और महिला टीम ने अपना दबदबा बनाया।

पुरुष टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी (वनडे) और एशिया कप (टी20) में जीत हासिल की, जबकि महिला टीम ने पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीता, लेकिन पुरुषों के खेल में दक्षिण अफ्रीका के हाथों टेस्ट मैचों में 0-2 से मिली करारी हार ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में लाल गेंद के प्रारूप में भारत की कमियों को उजागर कर दिया। 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर एक नजर डालना जरूरी है। इस श्रृंखला में 1-3 से मिली हार के साथ विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का अंत हो गया। यही नहीं स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पिछले साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया के दौरे के दौरान संन्यास की घोषणा कर दी थी। इससे भारतीय टीम किसी हद तक कमजोर पड़ गई। रोहित और कोहली के वनडे में भविष्य को लेकर पूरे साल चर्चा होती रही। इन दोनों ने हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट में खेलने की अनिवार्यता का सम्मान किया और दिखा दिया कि वह अभी वनडे प्रारूप को अलविदा कहने के मूड में नहीं हैं। एक और दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने भी औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया, जिससे मध्य क्रम में बड़ा शून्य पैदा हो गया है। भारतीय टीम मध्यक्रम में अब एक मजबूत बल्लेबाज की तलाश के लिए संघर्ष कर रहा है। भारत ने नए विश्व टेस्ट चैंम्पयनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र (2025-27) में अपनी यात्रा की नींव नए कप्तान शुभमन गिल और उभरते खिलाड़ियों के एक समूह के साथ रखी थी और अब तक के परिणाम बेहद मिले-जुले रहे हैं। भारत की नए स्वरूप वाली टेस्ट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ की, जिसमें गिल ने अपने खेल और कप्तानी दोनों से प्रभावित किया। उन्होंने चार शतकों की मदद से 75.40 के औसत से 754 रन बनाए, जो 1936-37 एशेज में डॉन ब्रैडमैन के 810 रन के बाद किसी कप्तान द्वारा श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर है। इसके बाद भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को अपनी घरेलू धरती पर दोनों टेस्ट मैच में हराया। तब लग रहा था कि भारत की युवा टीम ने बिना किसी खास परेशानी के बदलाव का दौर पूरा कर लिया है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में जल्द ही किस्मत का रुख अप्रत्याशित रूप से बदल गया। दक्षिण अफ्रीका के ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने भारत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। तेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम ने भारत में टेस्ट श्रृंखला जीतने का 25 साल का लंबा इंतजार खत्म किया। यह पहला अवसर नहीं था, जबकि भारतीय बल्लेबाज घरेलू मैदानों पर स्पिन गेंदबाजों के सामने लड़खड़ा गए। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान FLASHBACK << 2025

**भारतीय टीम की कमजोरी उजागर**

पिछले साल न्यूजीलैंड के स्पिनरों के सामने भी उनकी एक नहीं चली थी। इन दोनों श्रृंखला में टीम की हार ने उसकी कमजोरी को उजागर कर दिया। इससे यह साबित हो गया कि बेहतर स्पिनरों के सामने भारतीय बल्लेबाजी पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है, क्योंकि 124 जैसे मामूली लक्ष्य को भी भारतीय टीम के लिए हासिल करना असंभव हो गया। भारत पहले ही विश्व कप अंक तालिका में छठे स्थान पर खिसक चुका है तथा 2026 में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के कठिन दौरों को देखते हुए उसके लिए इस चक्र में फाइनल में जगह बनाना दूर की कौड़ी लगती है। भारतीय टीम ने हालांकि सीमित ओवरों की क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और फिर बाद में उसी स्थान पर आयोजित किए गए। एशिया कप में जीत हासिल करके वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपना दबदबा साबित किया। यदि 2025 के प्रदर्शन को एक मापदंड के रूप में लिया जाए तो भारतीय प्रशंसकों को 2026 में भी कुछ रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगी क्योंकि पुरुष और महिला टीमें टी20 विश्व कप के लिए तैयार हो रही हैं।

### अबूधाबी नाइट राइडर्स ने आईएलटी 20 के प्लेऑफ में किया प्रवेश

**एजेंसी, दुबई।** माइकल पेप्पर और फिल साल्ट की शानदार पारियों की मदद से अबूधाबी नाइट राइडर्स ने लीग चरण के आखिरी मैच में गल्फ जायंट्स को 32 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बनाई। राइट राइडर्स अब एक जनवरी को एलिमिनेटर में दुबई कैपिटल्स का सामना करेगा। डेजर्ट वाइपर्स मंगलवार को क्वालीफायर एक में एमआई एमिरेट्स से भिड़ेगा। पेप्पर (51 गेंदों में 83 रन) और साल्ट (56 गेंदों में नाबाद 72 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की मदद से नाइट राइडर्स ने एक विकेट पर 179 रन बनाए। इसके जवाब में गल्फ जायंट्स की टीम नौ विकेट पर 147 रन ही बना पाई। उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें मोईन अली ने 49 गेंद पर 79 रन बनाए। नाइट राइडर्स की तरफ से जेसन होल्डर और सुनील नारायण ने 2-2 विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)